भोपाल
बुधवार, 4 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-03
वर्ष : 12, अंक : 305
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 14


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने दिया ट्रेड डील का ब्योरा

## भारत के युवाओं के लिए अवसरों का 'सृजन' होगा


पीयूष गोयल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर अहम बातचीत के बाद वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ट्रेड डील के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच हुए इस समझौते के बाद युवाओं के लिए अवसरों का सृजन होगा। भारत और अमेरिका के बीच हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अचानक की गई घोषणा के मामले की गूंज मंगलवार को संसद में भी सुनाई दी। विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाया कि इसके माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। जवाब में केंद्रीय वाणिज्य ▶▶ शेष पेज 6 पर

### द्विपक्षीय व्यापार को मिलेगी नई मजबूती राजस्व सचिव बोले

केंद्रीय राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील से दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार और ज्यादा बढ़ेगा और मजबूत होगा। इस समझौते से अमेरिका के बाजार में भारत के श्रम आधारित उद्योगों और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नए मौके मिलेंगे। इसके साथ ही हाई और एडवांस टेक्नोलॉजी सेक्टर में दोनों देशों के बीच सहयोग और बढ़ेगा। एक ऐतिहासिक फैसले में अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर लगने वाला टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। इसे भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है, जहां भारत अपने कुल निर्यात का करीब 20 प्रतिशत सामान भेजता है। विशेषज्ञों ▶▶ शेष पेज 6 पर

केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर पत्रकार-वार्ता में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

# मप्र को एक सुदृढ़ वित्तीय आधार प्राप्त होगा, निवेशकों का विश्वास और बढ़ेगा

यह बजट केवल वित्तीय प्रावधानों का संकलन नहीं है, बल्कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस आधारित आर्थिक विकास का संरचित रोडमैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय बजट का मूल उद्देश्य तेज एवं सतत आर्थिक वृद्धि, जन आकांक्षाओं की पूर्ति, क्षमता निर्माण तथा सभी परिवारों, क्षेत्रों और सेक्टरों को समान अवसर उपलब्ध कराना है। बजट में आत्मनिर्भरता को मार्गदर्शक सिद्धांत बनाकर उच्च विकास दर बनाए रखने के स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। यह बजट मध्यप्रदेश को सुदृढ़ वित्तीय आधार प्रदान ▶▶ शेष पेज 6 पर, ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी


सीएम डॉ. यादव पत्रकारों से चर्चा करते हुए

### प्रदेश की प्रतिभाओं के बलबूते फार्मा सहित सभी क्षेत्रों में लगाएंगे छलांग

मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र अपनी प्रतिभाओं के बलबूते पर फार्मा सहित सभी क्षेत्रों में लंबी छलांग लगाएगा। सेमीकंडक्टर बड़ा सेक्टर है। मैं सेमीकंडक्टर को लेकर गुजरात के मुख्यमंत्री से बात करके आया हूं। सेमीकंडक्टर ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सभी वर्गों की आशा आकांक्षाओं को पूरा करेगा बजट

डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। केंद्रीय बजट मध्यप्रदेश के आर्थिक-औद्योगिक और सामाजिक विकास का ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा। ▶▶ शेष पेज 6 पर

संसद में टूटी मर्यादा: आरोप है कि राहुल गांधी को बोलने से रोके जाने पर विपक्ष भड़का

# लोकसभा स्पीकर पर 'फेंके' गए पेपर, विपक्ष के 8 सांसद सस्पेंड


भाजपा सांसद दिलीप सैकिया नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा की अध्यक्षता करते हुए

*संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने ऐसे सांसदों को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा। सदन ने ध्वनिमत से प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इनमें सात कांग्रेस और एक माकपा सांसद हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद की कार्यवाही के दौरान मंगलवार सदन की मर्यादा टूटने का मामला सामने आया। सत्र में खूब हंगामा देखने को मिला। इसके बीच कुछ सांसदों ने स्पीकर के आसन की ओर कागज फेंके। इस पर सख्त कार्रवाई करते हुए संबंधित सांसदों को सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। आठ सांसदों पर ये कार्रवाई हुई है।

भारी शोर-शराबे और विरोध के कारण सदन की कार्यवाही कई बार रोकनी पड़ी। वहीं, कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है। दोपहर तीन बजे जब चौथी बार लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो ▶▶ शेष पेज 6 पर

इन सांसदों को सत्र की बाकी अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया



### इन सांसदों को किया गया निलंबित?

1. डीन कुरियाकोस
2. किरण रेड्डी
3. अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग
4. मणिकम टैगोर
5. गुरजीत औजला
6. हिबी इडेन
7. वेंकट रमन
8. प्रशांत पडोले

**सांसदों ने निलंबन के बाद एक बार और स्पीकर चेयर की ओर कागज के टुकड़े उछाले**

**राहुल की अगुवाई में कांग्रेस सदस्यों ने लोकसभा से पार्टी सदस्यों के सस्पेंशन के खिलाफ संसद भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया**

### राहुल ने लिखा पत्र कहा- बोलना मेरा अधिकार


राहुल गांधी

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बोलने से रोके जाने पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर विरोध दर्ज कराया है। गांधी ने इसे संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन बताया है। उन्होंने पत्र में स्पष्ट किया कि प्रमाण की शर्त पूरी करने के बावजूद उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई। जबकि सदन में बोलना मेरा अधिकार है। उन्होंने आसंदी पर दबाव का आरोप लगाया है।

### किरेन रिजिजू बोले- राहुल कार्यवाही बाधित कर रहे


किरेन रिजिजू

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ▶▶ शेष पेज 6 पर

### निलंबन के बाद क्या बोले सांसद?

*अगर नेता प्रतिपक्ष को ही बोलने नहीं दिया जाएगा तो बाकी विपक्षी सांसदों को कौन सुनेगा। उनका माइक्रोफोन बंद कर दिया गया। आखिर राहुल गांधी से इतना डर क्यों है और उनकी बात सुनने में हिचक क्यों है। जो भी जनहित की बात* ▶▶ शेष पेज 6 पर

यूजीसी के नए इक्विटी नियमों पर संघ की राय

## समाज की एकता सर्वोपरि, इसके लिए हम हर जरूरी कदम उठाएंगे


सुनील आंबेकर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए इक्विटी नियमों को लेकर देशभर में चल रही बहस और सुप्रीम कोर्ट की रोक के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरआरएस) ने साफ किया है कि उसका मूल विश्वास समाज की एकता में है और उसे बनाए रखने के लिए संघ हर जरूरी कदम उठाएगा। मुंबई में मंगलवार को मीडिया से बातचीत करते हुए आरआरएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख

*समाज को जोड़कर रखना संघ की मूल विचारधारा का हिस्सा*

सुनील आंबेकर ने कहा कि समाज को जोड़कर रखना संघ की मूल विचारधारा का हिस्सा है। उन्होंने कहा संघ का विश्वास है कि समाज में एकता होनी चाहिए। इस एकता को बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक होगा, हम करेंगे। यूजीसी नियमों पर सवाल के जवाब में सुनील आंबेकर ने कहा कि चूंकि मामला न्यायालय के समक्ष है, इसलिए अलग-अलग लोग अपनी राय रख रहे हैं। उन्होंने कहा अदालत ने इन दिशानिर्देशों पर रोक लगाई है। अलग-अलग विचार सामने आए हैं, लेकिन संघ का स्पष्ट मत है कि समाज की एकता बनी रहनी चाहिए।

सेंसेक्स 2000 अंक उछला


### निवेशकों की जेब में आए 12 लाख करोड़



**मुंबई।** शेयर बाजार में मंगलवार को बीएसई बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 2072.67 अंक या 2.54% की रिकॉर्ड तेजी के साथ 83,739.13 के लेवल पर बंद हुआ। बाजार आई इस तेजी रैली ने निवेशकों के वेल्थ में भारी इजाफा किया है। बीएसई पर लिस्टेड सभी कंपनियों के मार्केट कैपिटल में 12.5 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। कारोबार में यह 455 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 467.35 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

व्यापार समझौते के बाद आई तेजी

### डॉलर के मुकाबले 1.90 मजबूत हुआ रुपया



**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत टैरिफ घटकर 18 फीसदी होने के बाद मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपए में तेज मजबूती देखने को मिली। रुपया 119 पैसे चढ़कर डॉलर के मुकाबले 90.30 पैसे पर खुला। इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में यह पिछले बंद 91.49 पैसे से बड़ी बढ़त मानी जा रही है। फॉरेक्स ट्रेडर्स का कहना है कि 18 फीसदी टैरिफ ने कहानी बदल दी है, जिससे भारत की सापेक्ष स्थिति बेहतर हुई है।






### पुल से कार और बाइक पर गिरा हाईवा, दबने से 2 की मौत



**जबलपुर।** शहपुरा क्षेत्र में हाईवा तेज गति से जा रहा था। तभी पुल से नीचे गिर गया। इसी दौरान पुल से नीचे जा रही कार और बाइक उसके नीचे दब गए। हादसे में दो की मौत हो गई जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल है।

चुनाव प्रचार के लिए जा रही थीं लातूर

## पंकजा मुंडे के हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी, बची जान




महाराष्ट्र जिला परिषद के चल रहे चुनाव

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की पर्यावरण मंत्री और भाजपा नेता पंकजा मुंडे के हेलिकॉप्टर में उड़ान से पहले ही खराबी का पता चलने से एक बड़ा हादसा टल गया है। पंकजा मंगलवार को जिला परिषद के चुनाव प्रचार के लिए लातूर जा रही थीं। संभाजीनगर से लातूर के लिए पंकजा हेलिकॉप्टर से जाने वाली थीं। छत्रपति संभाजीनगर से लातूर के लिए उड़ान भरने से पहले ही पायलट को यह खराबी दिखी। इस हेलिकॉप्टर के साथ असल में क्या हुआ है, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। जिला परिषद चुनाव के लिए पंकजा मुंडे लगातार प्रचार कर रही हैं। बता ▶▶ शेष पेज 6 पर

मोबाइल पर गेम ने जान ले ली

## ब्लू व्हेल गेम का 'टास्क' पूरा करने छात्र फांसी पर झूल गया



14 साल का स्कूली छात्र था मृतक अंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी इलाके में रहने वाले एक स्कूली छात्र ने सोमवार को घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि छात्र मोबाइल पर ब्लू व्हेल गेम खेलने का आदी था। अनुमान है कि गेम में दिए गए टास्क को पूरा करने के लिए उसने फांसी लगाई होगी, लेकिन सही कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा। अंश साहू (14) श्रीराम कालोनी, छत्रसाल नगर पिपलानी में रहता था और आठवीं कक्षा में पढ़ता था। उसके माता-पिता प्राइवेट टीचर हैं। अंश अपने परिवार का इकलौता ▶▶ शेष पेज 6 पर


## आज भी ऐसा ही रहेगा मौसम, घना कोहरा बढ़ेगा

दिन का औसत पारा 25 और रात का 14 डिग्री रहा

# दो दर्जन जिलों में बारिश-ओले बिजली गिरने से किसान जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को प्रदेश के करीब दो दर्जन जिलों में सुबह से देर शाम तक तेज हवाएं, बारिश और गरज-चमक का मौसम रहा। इससे अधिकांश जिलों में दिन के तापमान में कमी आने के साथ ही प्रदेशभर में दिन का पारा सामान्य से औसतन 3 डिग्री नीचे ▶▶ शेष पेज 6 पर, ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी


भोपाल-विदिशा हाईवे पर दीवानगंज स्थित सड़क पर सुबह 7 बजे कोहरा

### शिवपुरी में बिजली गिरने से किसान की मौत

**शिवपुरी।** जिले के अमोला थाना क्षेत्र के सिलानगर गांव में मंगलवार सुबह खेत में बनी झोपड़ी पर बिजली गिर गई। इस हादसे में 26 वर्षीय किसान वीरसिंह आदिवासी की मौके पर ही मौत हो गई। ▶▶ शेष पेज 6 पर




## राजधानी में 20 से अधिक जगहों पर शिव बारात निकाली जाएगी

# सर्वार्थ सिद्धि योग, शुक्रादित्य योग और श्रवण नक्षत्र के दुर्लभ संयोग में 15 को मनाई जाएगी महाशिवरात्रि, निकलेगी बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देवों के देव महादेव का सबसे बड़ा पर्व महाशिवरात्रि आगामी 15 फरवरी को मनाई जाएगी। शिवरात्रि आने में अब 12 दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई है। इस शुभ दिन पर शिवभक्त व्रत और विधि पूर्वक भगवान शिव की आराधना करते हैं। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह दिवस के रूप में मनाया जाता है।

मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंड़ित रामजीवन दुबे ने बताया कि फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर मनाया जाने वाला महाशिवरात्रि पर्व इस बार 15 फरवरी को विशेष योग-संयोगों के साथ मनाया


फाइल फोटो

जाएगा। इस बार महाशिवरात्रि पर सर्वार्थ सिद्धि योग, शुक्रादित्य योग और श्रवण नक्षत्र का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिससे पर्व का महत्व और अधिक बढ़ जाएगा। महाशिवरात्रि के अवसर पर राजधानी भोपाल में 20 से अधिक जगहों पर शिव बारात निकाली जाएगी।

### निशीथ काल में शिव पूजन का विशेष महत्व

पंड़ति रामजीवन दुबे ने बताया कि चतुर्दशी तिथि का आरंभ 15 फरवरी को शाम 5 बजकर 06 मिनट पर होगा और समापन 16 फरवरी को शाम 5 बजकर 34 मिनट पर होगा। प्रदोष युक्त निशीथ काल होने से महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी को ही मनाया जाएगा। निशीथ काल में शिव पूजन का विशेष महत्व माना गया है। निशीथ काल पूजा का समय रात 12.15 से 1.06 बजे तक रहेगा।


### विशेष योग बनेंगे, तीन राशियों को होगा लाभ

पंड़ति रामजीवन दुबे ने बताया इस दिन कुंभ राशि में सूर्य और शुक्र की युति से शुक्रादित्य योग बनेगा। साथ ही चतुर्ग्रही योग, बुधादित्य योग, व्यतिपात योग एवं भद्रावास योग का भी संयोग रहेगा। यह दिन पूजा, व्रत, दान-पुण्य और शिव आराधना के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। यह पर्व विशेष रूप से मेष, कन्या और कुंभ राशि वालों के लिए अत्यंत फलदायी रहेगा। महाशिवरात्रि पर चार पहर की पूजा का विशेष महत्व रहेगा।

### कलश शोभायात्रा के साथ हुआ श्रीराम कथा का शुभारंभ

## मंगलाचरण के स्मरण से प्राणी का होता है चौमुखी विकासः पं. सुशील महाराज

श्रीराम जानकी मंदिर शिक्षक कांग्रेस कॉलोनी बागमुगलिया समिति द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के शुभारंभ अवसर पर मंगलवार सुबह भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। श्रीराम जानकाी मंदिर से प्रारंभ हुई कलश शोभायात्रा में पीले रंग की साड़ी पहने सिर पर कलश रखे महिलाएं निकली तो नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा श्रद्धालुओं ने कई जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत



किया। कलश शोभायात्रा में बैंडबाजों की धुन व भक्ति गीतों पर भक्त झूमते नजर आए। कलश यात्रा कथा पंडाल में श्रीराम जानकी मंदिर पहुंची। श्री शिव शक्ति धाम आश्रम के पीठाधीश पंडित सुशील महाराज के मुखारविंद से श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। कथावाचक पं सुशील महाराज ने मंगलाचरण और गुरु वंदना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मंगलाचरण के स्मरण से प्राणी का चौमुखी विकास होता है।

### श्रीहनुमानजी की प्रतिमा को कराया जलाधिवास

श्रीराम कथा के शुभारंभ पर श्री अनंत बलवंत श्रीहनुमंत जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए विधिवत्त नांदी श्राद्ध कार्यक्रम वृंदावन एवं चमन ऋषि आश्रम उप्र से पधारे आचार्य पंडित दयानंद द्विवेदी, पंडित अनूप अवस्थी, पंडित अनुराग द्विवेदी, पंडित सुबोध मिश्रा द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीहनुमान जी की प्रतिमा को जलाधिवास करवाकर विधिवत पूजन-अर्चन किया गया।

## खबर संक्षेप

### शब ए बारात पर बंदों ने रातभर जागकर की रब की इबादत

**भोपाल।** शब-ए-बारात के मौके पर शहर भर में इबादत, रोशनी और ख़िदमत-ए-ख़ल्क़ का शानदार मंज़र देखने को मिला। रात भर इबादत का पैग़ाम गूंजता रहा। घरों, ख़ानक़ाहों, दरगाहों पर रोशनी की गई। मस्जिदों, मदरसों और ख़ानक़ाहों में उलेमा ने बयान पेश किए, जिनमें शब-ए-बारात की फ़ज़ीलत, अहमियत और उसकी रूहानी बरकतों पर रौशनी डाली गई। इसी क्रम में मंगलवारा चौराहा पर ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी एवं मकरानी समाज के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य जलसा आयोजित किया गया। इस अवसर पर आल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के चेयरमैन अहमद ख़ुर्रम ने कहा कि शब-ए-बारात अल्लाह तआला की रहमत और मग़फ़िरत की रात है, जिसमें इंसान को अपने गुनाहों से तौबा कर नेक राह पर चलने का अहद करना चाहिए। उन्होंने बताया कि आगामी दिन रोज़ा रखा जाएगा।

### प्रतिभाओं और बुजुर्गो का किया सम्मान

**भोपाल।** विजयवर्गीय समाज के अराध्य रामचरण महाराज की जयंती के अवसर पर गत दिवस परंपरा अनुसार समाज की प्रतिभाओं एवं बुजुर्गजनों का सम्मान किया गया। इसी क्रम में विवाह के 50 वर्ष पूर्ण करने वाली दंपत्तियों का भी सम्मान किया गया। इस आयोजन में, बोर्ड एवं विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में प्रावीण्य सूची में प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी समाज ने सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष अमित विजयवर्गीय एवं मधुर विजयवर्गीय ने पूजा-आरती और विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर शामिल होने पर समाज के लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर भोजन प्रसादी के साथ हुआ।

### ओवरहेड टैंक जर्जर, हादसे का बढ़ा खतरा, जवाब मांगा

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के बरखेड़ा चौराहे के पास जंबूरी मैदान में बने ओवरहेड पानी टैंक के जर्जर होने पर मामले में संज्ञान लेकर भेल प्रबंधन एवं नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। भेल प्रबंधन और संबंधित विभागों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

### शोध, नवाचार संबंधी गतिविधियों को दें बढ़ावा

**भोपाल।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने मंगलवार को राजधानी स्थित निवास कार्यालय में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय द्वारा संकलित शोध पत्रों पर प्रकाशित शोध जर्नल का विमोचन किया। परमार ने महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित शोध पत्रों एवं उनकी गुणवत्ता पर कहा कि प्रदेश के अन्य महाविद्यालयों द्वारा भी इस प्रकार के शोध प्रकाशन किए जाना चाहिए। मंत्री परमार ने छात्र-छात्राओं को भी शोध पत्र लेखन के लिए प्रोत्साहित किए जाने को कहा। भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित आलेख का भी समुचित समावेश किए जाने पर जोर दिया, ताकि नई पीढ़ी भारतीय समृद्ध पुरातन ज्ञान एवं संस्कृति से परिचित हो सकें।

### भोपाल-बीना के बीच अप-डाउन करने वाले यात्री लगातार कर रहे धरना-प्रदर्शन

# 12 कोच वाली मेमो को कोटा भेजा, 8 कोच वाली मेमो से अप-डाउन करने वाले परेशान

*रेलवे अधिकारी 12 कोच के रैक कोटा मंडल भेजने की वजह नहीं बता पा रहे*

*अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही ट्रेन में चार कोच बढ़ाने की योजना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल-बीना के बीच संचालित होने वाली मेमो के 12 कोच के रैक को रेलवे की ओर से कोटा भेज दिया। अब इसकी जगह यहां पर 8 कोच के रैक को संचालित किया जा रहा है। इसके चलते भोपाल-बीना रेलखंड पर रोजाना सफर करने वाले हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भोपाल-बीना के बीच अप-डाउन करने वाले यात्री इस मामले को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे है। तो वहीं मामले में भोपाल रेल मंडल के अधिकारी 12 कोच के रैक कोटा मंडल भेजने की वजह नहीं बता पा रहे है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही ट्रेन में चार कोच बढ़ाने की योजना है।


फाइल फोटो

### दरवाजों पर लटककर सफर करने को लोग मजूबर

भोपाल-बीना मेमू पैसेंजर वर्तमान में 8 कोच के रैक से संचालित होने के चलते इसके हालात बिगड़ चुके हैं। यात्रियों को दरवाजों पर लटककर सफर करना पड़ रहा है। खासतौर पर सोमवार को दो दिन की छुट्टी के बाद ऑफिस आने वाले और त्योहारों के दिनों में अधिक भीड़ होती है। महिलाओं, बुजुर्गों और छात्रों को बैठने तक की जगह नहीं मिलती है।

### राजस्थान के बड़े नेता के दबाव में भेजा रैक


भोपाल रेल मंडल सूत्रों के अनुसार कोटा राजस्थान के एक बड़े नेता के दवाब में मेमो के 12 कोच के इस रैक को विगत माह कोटा मंडल भेजा गया है। वहीं यहां के अधिकारी जल्द ही चार कोच बढ़ाने के बात बोल रहे है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि अभी रेलवे के मेमो के चार रैक उपलब्ध नहीं है। उल्लेखनीय है कि इस ट्रेन से विदिशा, गुलाबगंज, गंज बासौदा, बरेठ, कुल्हार, मंडी बामोरा सहित बीना और आसपास के स्टेशनों रहने वाले लोगों के लिए यह जीवनरेखा के रूप में देखा जाता था। दरअसल सुबह-शाम भोपाल आने वाले नौकरीपेशा कर्मचारी, छात्र, छोटे व्यापारी और ग्रामीण क्षेत्र के यात्री अप-डाउन करते है। चार कोच कम होने से यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### होली पर चलेगी रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल ट्रेन, दो-दो ट्रिप का शेड्यूल,16 स्टेशनों पर लेगी हाल्ट

होली पर्व पर बढ़ने वाली यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पमरे जोन की ओर से यात्रियों बड़ी राहत देते हुए। रानी कमलापति-दानापुर के बीच द्वि-साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन के संचालन से मध्य प्रदेश और बिहार के बीच सफर करने वाले यात्रियों को सीधी राहत मिलेगी। रेलवे द्वारा गाड़ी संख्या 01667/01668 के तहत यह स्पेशल ट्रेन कुल 02-02 ट्रिप संचालित की जाएगी। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर होली स्पेशल-यह ट्रेन शुक्रवार 27 फरवरी और सोमवार 2 मार्च को दोपहर 2:25 बजे रानी कमलापति स्टेशन से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 8:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01668 दानापुर-रानी कमलापति होली स्पेशल-यह ट्रेन शनिवार 28 फरवरी और मंगलवार 03 मार्च को सुबह 11:15 बजे दानापुर से रवाना होकर अगले दिन सुबह 8:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

### तीन दिन राहत के बाद फिर बदलेगा मौसम

## शहर में सुबह तीन घंटे में अचानक घिरा घना कोहरा, विजिबिलिटी शून्य


बिड़ला मंदिर रोड़ शाम 6 .20 बजे का दृश्य।

भोपाल में आज भी बादल, बौछारों की उम्मीद, सर्द हवाओं से दिन-रात का पारा गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मंगलवार को दिनभर बादलों का डेरा रहा। सुबह 5 से 8 बजे के बीच अचानक घने कोहरे का असर बढ़ गया। इससे सुबह 8:30 बजे तक बिजिविलिटी शून्य यानि 50 मीटर तक पहुंच गई। दिन में बादल और दोपहर बाद हवाओं में घुली ठंडक से दिन के तापमान में 3.8 डिग्री की कमी आई, जबकि रात में न्यूनतम पारा आधा डिग्री गिरा। दिन का पारा 24.2 और रात का 13.4 डिग्री रहा। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को शहर में बादल घिरेंगे और बौछारें भी पड़ेंगी।

### इस महीने ऐसा रहता है शहर का मौसम

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार फरवरी माह में औसतन दो से तीन दिन में 9 मिमी तक बारिश होती है। हवा में नमी की मात्रा 57 से 33 प्रतिशत तक रहती है। सतही हवाएं सामान्यतः उत्तर पूर्व से आती हैं और गरज-चमक की स्थिति होती है। दिन का औसत तापमान 28 और रात का 13 डिग्री तक रहता है। अब तक सबसे कम रात का पारा 1.7 डिग्री 11 फरवरी 1950 को दर्ज किया गया था, जबकि सबसे अधिक दिन का तापमान 37.6 डिग्री 22 फरवरी 2006 को दर्ज हुआ था। 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश 39.6 मिमी 26 फरवरी 2014 को हुई थी।

### आवासों को सस्ते दामों में बेचने पर विचार

## बीडीए की बढ़ती चिंता, खाली पड़े आवास बन रहे सिरदर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) इन दिनों अपने ही आवासीय प्रोजेक्ट्स को लेकर गंभीर चिंता में है। पिछले चार–पांच वर्षों में शहर के विभिन्न इलाकों में बनाए गए एक दर्जन से अधिक प्रोजेक्ट्स में बड़ी संख्या में आवास अब तक नहीं बिक पाए हैं। स्थिति यह है कि इन प्रोजेक्ट्स के फ्रंट साइड वाले मकान तो बिक गए, लेकिन पीछे के सैकड़ों आवास आज भी खाली हैं। बीडीए प्रशासन इन आवासों को सस्ते दामों में बेचने पर विचार कर रहा है। खाली पड़े इन आवासों की नियमित देखरेख नहीं हो पा रही है, जिससे वे धीरे-धीरे जर्जर होते जा रहे हैं। कई जगहों पर प्लास्टर उखड़ने, दरवाजे-खिड़कियां खराब होने और परिसर में गंदगी फैली है।

### दो बार निकली स्कीम, फिर भी नहीं मिले खरीदार

इन आवासों को बेचने के लिए बीडीए ने अब तक दो बार विशेष बिक्री योजनाएं (स्कीम) भी निकालीं, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिली। हितग्राहियों ने इन आवासों में खास रुचि नहीं दिखाई। बताया जा रहा है कि लोकेशन, आवासों की स्थिति और बाजार में अन्य विकल्पों की उपलब्धता इसकी बड़ी वजह है। सूत्रों के अनुसार, खाली पड़े आवासों को मौजूदा दरों से करीब 25 फीसदी कम कीमत पर बेचने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। राजा भोज, लक्ष्मीगंज गल्ला मंडी, गोदर मऊ और स्वामी विवेकानंद नगर जैसे प्रोजेक्ट्स में यह समस्या सबसे अधिक है।

### उपभोक्ता के घर के बाहर बंदूकधारी गार्ड

## बिना बिजली कनेक्शन थमा दिया एक लाख 76 हजार रुपए का बिल


कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर गार्ड का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के भानपुर में एक उपभोक्ता को बिना बिजली कनेक्शन के एक लाख 76 हजार रुपए बिल थमा दिया गया। इतना ही बिजली कंपनी ने उपभोक्ता के घर के बाहर बंदूकधारी गार्ड भी तैनात किया है। इसे लेकर मंगलवार को कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में गांधीगिरी प्रदर्शन कर घर के बाहर तैनात बंदूकधारी गार्ड को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मनोज शुक्ला ने आरोप लगाया कि गरीब परिवारों के साथ नरेला विधानसभा क्षेत्र में बिजली कंपनी के इंजीनियर प्रतिदिन अमानवीय एवं अशोभनीय व्यवहार कर रहे हैं। निर्धन परिवार किस तरह से लाखों रुपए का बिल जमा करेंगे।

### भदभदा और बरखेड़ी क्षेत्र में मकान-दुकान स्वेच्छा से हटा रहे लोग

## मेट्रो प्रशासन ने शहरभर में मेट्रो की राह में आ रहे दुकान, मकानों के लिए 300 करोड़ जमा कराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेट्रो की राह में आ रहे शहरभर के दुकान, मकान व अन्य संपत्तिधारकों को मुआवजे की करीब 300 करोड रुपए की राशि मेट्रो प्रशासन ने जिला प्रशासन को जमा कर दी है। मेट्रो प्रशासन का कहना है कि सर्वे के दायरे में आने वाली संपित्त के उक्त मुआवजे में अगर किसी तरह की अतिरिक्त राशि की जरूरत पड़ती है तो उसका भुगतान अलग से किया जाएगा। इधर बरखेडी और भदभदा क्षेत्र में मेट्रो दायर में चिन्हित मकान और दुकानों को लोगों ने स्वेच्छा से हटाना शुरू कर दिया। मंगलवार को बरखेडी क्षेत्र में लोग खुद निर्माण तोड़ते और मलवा हटवाने में जुटे रहे।

उल्लेखनीय है कि पुल बोगदा से करोंद तक बनाए जाने वाले मेट्रो के पहले मार्ग के दूसरे चरण का काम चल रहा है, लेकिन सिंधी कॉलोनी, भारत टॉकीज, छह नंबर प्लेटफार्म ईरानी डेरा, अल्पना तिराहा, नादरा बस स्टैंड के बीच में आने वाली अड़चनों को दूर किया जा रहा है। हालांकि इस काम में हो रही देरी से मेट्रो का काम अटका धीमी गति से चल रहा है।


मेट्रो लाइन की जद में आ रहे दुकान और मकान को लोगों ने मर्जी से तोड़ा।

### दुकान-मकान हटाने का काम हुआ शुरू

बरखेड़ी और भदभदा क्षेत्र में लोगों ने खुद ही मेट्रो दायरे में आ रहे हिस्से को तोड़ना शुरू कर दिया है। जिंसी चौराहे से लिली टॉकीज वाले रोड पर यह काम शुरू नहीं हुआ है। अब मुआवजा राशि मेट्रो प्रशासन द्वारा जमा करवाने के बाद काम में तेजी आने की उम्मीद है।

### कलेक्टर की जनसुनवाई में बाइपास को दोबारा सर्वे करने की मांग

### जनसुनवाई में 131 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर लगाई मदद की गुहार

# गांव से सौ मीटर दूरी पर निकाले जा रहे बाइपास से गांव के बुजुर्ग, बच्चे और मवेशियों को खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले के पश्चिमी बाइपास को लेकर विरोध शुरू हो गया है। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में खोकरिया गांव के लोगों ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से मिलकर बाइपास का सर्वे दोबारा कराने की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव से सौ मीटर दूरी पर निकाले जा रहे बाइपास से गांव के बुजुर्ग, बच्चे और मवेशियों को खतरा बना रहेगा।

ऐसे में नियमों के तहत बाइपास की दूरी दो सौ से तीन सौ मीटर तक होनी चाहिए। कलेक्टर ने मामले की जांच हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया को सौंपी है। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में आए 131 लोगों ने शिकायती अवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई।



जनसुनवाई में आए लोगों की शिकायत सुनते कलेक्टर।

ग्रामीणों ने बताया कि हुजूर तहसील के ग्राम खोकरिया में बाइपास के आबादी के नजदीक से होकर गुजरने से ग्रामीणों की शांति भंग होगी। ग्रामीण सुभाष चंद्रवंशी ने बताया कि भोपाल पश्चिम बायपास परियोजना के तहत प्रस्तावित सड़क ग्राम खोकरिया की आबादी के पास से बनाई जा रही है, जिसमें टाउन एंड कंट्री प्लानिंग व सामान्य सड़क नियोजन मानकों का उल्लंघन किया जा रहा है। नियमों के अनुसार बायपास हाई स्पीड कारिडोर को आबादी से न्यूनतम 100 मीटर और आदर्श रूप से 200 से 500 मीटर की दूरी पर होना चाहिए, जिससे आवासीय, शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य विकास कार्य किए जा सकें।

### भोपाल में बनवाई समग्र आईडी पता डाल दिया मथुरा यूपी का

निर्मल पैलेस खजूरी कला निवासी सतीश वर्मा ने बताया कि उन्होंने समग्र आइडी बनवाने के लिए जनवरी 2025 में आवेदन जमा किया था, जबकि समग्र आइडी भक्ति कुंज, जिला मथुरा उत्तरप्रदेश की बना दी गई थी, जबकि उन्होंने भोपाल का पता दिया था। कलेक्टर ने सुधार के निर्देश दिए हैं।

### गांव में बढ़ेगा प्रदूषण

सड़क के पास होने से ध्वनि, वायु प्रदूषण व कंपन, सड़क दुर्घटनाओं की आशंका, बच्चों, बुजुर्गों और जानवरों की सुरक्षा को खतरा, बारिश के पानी की निकासी, जलभराव जैसी समस्याएं बनेंगी। ऐसे में मार्ग का दोबारा से सर्वेक्षण करवाकर दूरी तय की जानी चाहिए।

### उधारी वापस कर दी, अब ब्याज मांग रहा युवक

बैरसिया के महाराणा प्रताप नगर निवासी एक महिला ने शिकायत करते हुए बताया कि बेटे विक्रम राजपूत ने सोनू राजपूत से एक लाख रुपए लिए थे, जिन्हें विक्रम ने फोन पे से लौटा दिए थे। इसके बाद भी सोनू द्वारा चार महीने से पांच लाख रुपए ब्याज की मांग की जा रही है। नहीं देने पर अपनी बहन के द्वारा दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दे रहा है।

## डॉ. स्वाति को 'आईआरआईए 2026' में प्रेसिडेंट्स एप्रिसिएशन अवॉर्ड


जीएमसी की फैकल्टी सदस्य डॉ. स्वाति का सम्मान करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) की फैकल्टी सदस्य डॉ. स्वाति गोयल को 'आईआरआईए 2026' राष्ट्रीय रेडियोलॉजी सम्मेलन के दौरान प्रेसिडेंट्स एप्रिसिएशन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हैदराबाद में आयोजित सम्मेलन में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार रेडियोलॉजी एवं शैक्षणिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया।

सम्मेलन के दौरान डॉ. स्वाति गोयल ने फैकल्टी वक्ता के रूप में सहभागिता की, रेडियोलॉजी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर केंद्रित संगोष्ठी का संचालन किया तथा प्रोफर्ड पेपर्स सत्र की अध्यक्षता भी की। भारतीय रेडियोलॉजिकल एवं इमेजिंग एसोसिएशन (आईआरआईए) एवं तेलंगाना राज्य शाखा द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में देश-विदेश से विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिससे यह एक अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक मंच बना। विभागाध्यक्ष रेडियोलॉजी डॉ. लवली कौशल एवं जीएमसी की डीन डॉ. कविता सिंह ने इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान पर डॉ. स्वाति गोयल को बधाई दी।

4 मंडीदीप नगर पालिका की बड़ी लापरवाही...





5 आदिवासियों को आवंटित आवासीय भूखंडों ...






शुरुआती 15 मिनट तक बदबूदार पानी आता है, सीवेज व पानी की लाइनें साथ-साथ

# देवकी नगर में पानी सप्लाई का कोई समय ही तय नहीं, कभी आधी रात को ही आ जाता है तो कभी सुबह, मुश्किल में दो हजार परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्राउंड रिपोर्ट

पुराने शहर के करोंद क्षेत्र स्थित देवकी नगर संभवतः राजधानी की पहली ऐसी कॉलोनी होगी, जहां पानी सप्लाई का कोई तय समय नहीं है। कभी रात 12 बजे तो कभी सुबह 9 बजे नलों में पानी आता है। हालात ऐसे हैं कि दो हजार से ज्यादा परिवार हर दिन पानी का इंतजार करते हैं। कई बार तो वे पारिवारिक कार्यक्रमों में भी नहीं जा पाते।

देवकी नगर में एक दिन छोड़कर करीब एक घंटे के लिए पानी की सप्लाई होती है, लेकिन समय अनिश्चित होने के कारण लोगों को घर से बाहर जाना मुश्किल हो गया है। रहवासियों का कहना है कि यदि किसी दिन पानी भरने से चूक गए तो अगले दो दिन तक भारी परेशानी झेलनी पड़ती है।

इलाके में एक दिन छोड़कर की जाती है पानी की सप्लाई | पार्षद दे चुके हैं धरना, रहवासी भी कर चुके हैं शिकायत



कॉलोनी की गलियों में इस तरह सीवेज भरा रहता है।



पाइप लाइन डालने के बाद फिलिंग नहीं की गई है।

**लोगों में नजर आया आक्रोश**

मंगलवार को हरिभूमि की टीम ने जब मौके पर पहुंचकर हालात देखे, तो लोगों में गहरा आक्रोश नजर आया। रहवासियों ने बताया कि पानी की सप्लाई शुरू होते ही शुरुआती 10 से 15 मिनट तक बदबूदार और गंदा पानी आता है। वजह यह है कि क्षेत्र में सीवेज और पानी की पाइपलाइन एक साथ बिछी हुई हैं, जिससे अक्सर दूषित पानी घरों तक पहुंच जाता है।

### शिकायतें, धरने के बाद भी समाधान नहीं

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायत की, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। हालात से तंग आकर क्षेत्रीय पार्षद भी धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं, बावजूद इसके स्थायी समाधान अब तक नहीं निकल पाया है। वहीं नगर निगम प्रशासन का कहना है कि समस्या को देखते हुए देवकी नगर में नई पाइपलाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। पाइप लाइन का कार्य पूरा होते ही पानी सप्लाई व्यवस्था में सुधार होगा।

### धरना-प्रदर्शन करने के बाद भी निगम में सुनवाई नहीं

क्षेत्रीय पार्षद दानिश खान का कहना है कि वे पानी सप्लाई के समय को लेकर जल प्रदाय शाखा के सामने धरना दे चुके हैं, लेकिन निगम प्रशासन सुनने को तैयार नहीं है। इसके कारण लोग परेशान हैं। पानी की जरूर नई पाइप लाइन बिछाने का काम 40 फीसदी हो चुका है।

## देवकी नगर के रहवासी बोले...

### पानी का भरोसा नहीं



पानी कब आएगा, इसका कोई भरोसा नहीं। कई बार आधी रात को उठकर पानी भरना पड़ता है। जिस दिन सुबह पानी सप्लाई होता है उस दिन बडा सुकून रहता है। वरना इंतजार करना ही पडता है।

कुंदनलाल अग्रवाल

### 15 मिनट बाद आता साफ पानी



जब नलों से घरों में पानी आता है तो शुरुआत में इतना बदबूदार आता है कि इस्तेमाल नहीं कर सकते। मजबूरी में उसे बहाना पड़ता है। पंद्रह मिनट के बाद साफ पानी आता है। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। बीते दो साल से पानी सप्लाई का कोई समय ही तय नहीं है।

अर्चना नामदेव

### कई बार शिकायत, कोई सुनने को तैयार नहीं...



एक दिन पानी नहीं भर पाएं तो घर का पूरा सिस्टम बिगड़ जाता है। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। वार्ड कार्यालय में कई बार शिकायत कर चुके हैं कि पानी सप्लाई का कोई समय तय कर दें, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं।

गुड्डो बी

---

मेट्रो संचालन के एक माह 14 दिन बाद बड़ी कमी उजागर

# 10 मीटर लंबे स्काईवॉक के नीचे पिलर देना भूले, अब लगे, लेकिन पुल हुआ उंचा-नीचा

*मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर के स्काईवॉक में सामने आ रहीं तकनीकी खामियां*

आनन-फानन में ब्रिज के नीचे पिलर से सहारा देकर किया जा रहा है मजबूत | *मेट्रो प्रशासन बोला- डिजाइन के हिसाब से ही चल रहा काम, यह टेक्निकल स्पोर्ट है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में मेट्रो संचालन के एक माह बाद प्रायोरिटी कॉरिडोर के स्काईवॉक में बडी कमी सामने आई है। दरअसल स्काईवॉक यानि फुट ओवर ब्रिज जिससे होकर पैदल यात्री मेट्रो स्टेशन तक पहुंचते हैं पर रोड के नीचे से सहारे के लिए लगाए जाने वाले पिलर नहीं लगाए गए थे। बीती रात बोर्ड ऑफिस चौराहे के स्काईवॉक के नीचे पिलर से सहारा दिया गया। इससे पुल बजाए प्लेन रास्ते के उंचा-नींचा दूर से नजर आ रहा है। जबकि मेट्रो प्रशासन का कहना है कि यह तकनीकी खामी नहीं है, टेक्निकल स्पोर्ट है। डिजाइन के अनुसार काम हो रहा है।

मेट्रो प्रायोरिटी कारिडोर में मेट्रो का का उदघाटन 20 दिसंबर-25 को किया गया था, लेकिन 21 दिसंबर-2025 से आम लोगों के लिए मेट्रो शुरू की गई थी, लेकिन बाहरी काम अधूरे रह गए थे, लेकिन बीती रात स्काईवॉक को मशीनों से स्पोर्ट देने के लिए पिलर लगाए गए। जबकि बीते 1 माह 14 दिन में उक्त स्काईवॉक से हजारों यात्री गुजरे होंगे। यही नहीं एक अन्य मेट्रो स्टेशन के लिए बने स्काईवॉक के नीचे भी पिलर देकर सहारा दिया गया है। इससे ब्रिज बजाए समतल आवाजाही के उंचा-नीचा नजर आ रहा है। मेट्रो प्रशासन इसे खामी और चूक मानने को तैयार नहीं है।

**पहले भी सामने आ चुकी हैं कई कमियां**



मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर में पहले भी कई कमियां सामने आ चुकी हैं। केवी और सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के नीचे रोड और छत के बीच दूरी को लेकर मेट्रो प्रशासन ने रोड की खुदाई करवाकर उसे दुरुस्त करवाया है। यह काम हाल ही में पूरा हआ है। जबकि बाहरी काम अब भी दिन और रात चल रहे हैं।

**पार्किंग को लेकर भी असमंजस**

पार्किंग की व्यवस्था भी मेट्रो प्रशासन अब तक नहीं कर पाया। हालांकि वर्तमान में यात्रियों की संख्या बेहद कम है, लेकिन भविष्य में यात्रियों की संख्या बढने पर यह बडी समस्या बनी रहेगी। कुछ जगह मेट्रो प्रशासन ने पार्किंग के लिए चिन्हित तो की हैं, लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है।

---

पदभार संभालते ही ग्राउंड पर उतरे पुलिस कमिश्नर संजय

# रात में पूरे शहर में घूमकर देखी पुलिस व्यवस्था तो सुबह किया ट्रैफिक व्यवस्था का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के नए पुलिस कमिश्नर संजय कुमार पदभार ग्रहण करते ही ग्राउंड पर उतर गए हैं, मंगलवार सुबह पुलिस कमिश्नर अधिकारियों के साथ ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लेने शहर के अलग-अलग चौक चौराहों पर पहुंचे, इस दौरान उन्होंने अलग-अलग क्षेत्र में जाकर ट्रैफिक व्यवस्था को समझा और अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार करने जरूरी दिशा निर्देश दिए। अधिकारियों ने मैप और रूट चार्ट के जरिए कमिश्नर को ट्रैफिक की पूरी जानकारी दी। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने कहा कि ग्राउंड पुलिसिंग पर फोकस है। राजधानी होने के कारण ट्रैफिक पर बहुत दबाव है इस वजह से ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करना प्राथमिकता है, लोगों को बेहतर सुविधा मिले इस पर काम करेंगे, ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे।

*ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश* | *बोले- ग्राउंड पुलिसिंग पर जोर देंगे* | *ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करना प्राथमिकता*



### पुलिस की व्यवस्था का अवलोकन किया

बता दें कि सोमवार देर रात भी में पुलिस कमिश्नर ने भोपाल के अलग-अलग इलाकों में पहुंचकर पुलिस की व्यवस्था का अवलोकन किया। सोमवार को संजय कुमार ने भोपाल पुलिस कमिश्नर का पदभार संभाला है। इससे पहले संजय कुमार बालाघाट जोन में आईजी के पद पर तैनात थे।

## आंबेडकर फ्लाईओवर के समीप रोटरी बनाने के निर्देश

ट्रैफिक व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने आंबेडकर फ्लाईओवर के समीप चौराहे पर रोटरी बनाने के निर्देश दिए, इसके बाद तुरंत चौराहे पर रोटरी लगाया गया। ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए कमिश्नर ने चौराहे पर रोटरी लगाने का निर्देश दिया। जीजी फ्लाईओवर से शहर के लिए अलग-अलग रास्ते कटते हैं, प्रमुख तौर पर विधानसभा मंत्रालय कोर्ट और जेल की ओर रास्ते जाते हैं, जिसके कारण चौराहे पर हैवी ट्रैफिक होता है। सुबह और शाम के समय में बड़ा जाम लगता है, इसी वजह से कमिश्नर ने चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने की पहल की।

### पुलिस कमिश्नर के सामने यह चैलेंज

- *ट्रैफिक, लॉ एंड ऑर्डर, वीआईपी मूवमेंट बड़ा चैलेंज*
- *जनता और पुलिस के बीच समन्वय बने, इस पर काम करेंगे*
- *जनता के बीच में रहकर काम करेंगे*
- *पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर बेहतर पुलिसिंग देंगे*
- *बढ़ते नशे और साइबर अपराध के मामले के खिलाफ रणनीति के साथ काम करेंगे*

---

## जलसुनवाई: पानी की जांच कराने आए सिर्फ 24 लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में निगम के वार्डों में हो रही जल सुनवाई में अब लोगों की रुचि नजर नहीं आ रही है। मंगलवार को शहर के 85 वार्डों में केवल 24 लोग पानी के सैंपल लेकर जांच करवाने पहुंचे, जबकि एक वार्ड में पाइप लाइन में लीकेज की समस्या भी दर्ज हुई। अधिकांश



वार्डों में पानी के सैंपल जांचने के लिए बैठे कर्मचारी दो घंटे लोगों का इंतजार करते रहे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रारंभ किए गए ''स्वच्छ जल अभियान'' के तहत प्रत्येक मंगलवार को सभी वार्डों में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जल सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। एकत्र नमूनों का रंग, स्वाद, गंध, पीएच, क्षारीयता, क्लोराइड, कठोरता, कैल्शियिम , मैग्निशियम , टीडीएस के साथ ही रेसिडुअल क्लोरीन, कोलीफार्म, ई-कोलाई आदि मानकों के आधार पर जल परीक्षण किया जा रहा है।

## *उत्कृष्ट, मॉडल स्कूल, श्रमोदय में प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय प्रवेश चयन परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 8 फरवरी को सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 1 बजे तक चलेगी। श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा में कुल 2870 विद्यार्थी एवं जिला उत्कृष्ट/मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा में 80699 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 386 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

**बोर्ड द्वारा कंट्रोल रूम की व्यवस्था**

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड द्वारा कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए अभ्यर्थी दूरभाष क्रमांक 0755-2552106 पर संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

---

गृह विभाग ने जारी की नई गाइडलाइन

# तबादले के 6 माह बाद छोड़ना होगा शासकीय आवास,अन्यथा देना होगा 90 हजार तक फाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी से तबादला होने के बाद अब अधिकारी-कर्मचारी लंबे समय तक शासकीय आवास पर कब्जा नहीं रख सकेंगे। गृह विभाग ने शासकीय आवास नियमों में संशोधन करते हुए सख्त आदेश जारी किए हैं। नए नियमों के तहत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक सभी पर यह प्रावधान समान रूप से लागू होगा।

आदेश के अनुसार, भोपाल से बाहर स्थानांतरित होने की स्थिति में शासकीय सेवक अधिकतम 6 माह तक ही शासकीय आवास धारण कर सकेगा। इस अवधि में सामान्य किराया लिया जाएगा, लेकिन तय समय के बाद आवास खाली नहीं करने पर दंडात्मक किराया वसूला जाएगा और सख्ती से बेदखली की जाएगी। दंडात्मक किराया 90 हजार रुपये तक हो सकता है।

हालांकि यह फैसला भी कैबिनेट में पिछले दिनों लिया गया था। जिसके बाद कई विधायक और मंत्रियों को नोटिस भी जारी हुआ। अफसर के खिलाफ भी संपदा ने नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने तर्क दिया है कि उनके बच्चे भोपाल में पढ़ रहे हैं। इसलिए कुछ दिन का समय तय किया जाए। इस पर गृह विभाग ने अपनी एक नई गाइडलाइन जारी कर दी है।

### सेवानिवृत्त कर्मियों को 6 माह की राहत

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कुल 6 माह की सशर्त अनुमति दी गई है। पहले 3 माह तक सामान्य किराये पर आवास रखा जा सकेगा। इसके बाद अगले 3 माह 10 गुना दर से किराया देना होगा। यदि 6 माह की अवधि पूरी होने के बाद भी आवास खाली नहीं किया गया तो दंड स्वरूप किराया वसूला जाएगा और बेदखली की जाएगी। वहीं त्यागपत्र देने, सेवा से पृथक होने या अन्य कारणों से अनधिकृत होने की स्थिति में केवल 3 माह तक ही शासकीय आवास में रहने की अनुमति होगी।


CIMS CAREER INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
कॅरियर अस्पताल
www.careerhospital.in
www.cancerhospital.org.in
कैंसर का संपूर्ण इलाज एक ही हॉस्पिटल में
सी.टी. स्कैन शुरुआत मात्र ₹800
एम.आर.आई शुरुआत मात्र ₹2200
ब्रेस्ट कैंसर की जाँच (मेमोग्राफी) शुरुआत मात्र ₹500
रेडियो थेरेपी
सभी प्रकार की सर्जरी (ऑपरेशन) आयुष्मान योजना से
मुफ्त ओ.पी.डी. कंसल्टेशन - विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा*
*Terms & Conditions Apply
हैल्पलाईस : 9522301166, 9522982211



जब बात अपनों के जीवन की हो...
तो बड़ा नहीं बेहतर चुनें...
कृष्णा कैंसर हॉस्पिटल
एनएबीएच से मान्यता प्राप्त हॉस्पिटल
60 सहयोग विहार, शाहपुरा पुलिस स्टेशन के पास, भोपाल-462039
संपर्क : 0755-4919919, 9630089919
www.krishnacancerhospital.com
उपलब्ध उपचार सेवाएं
• कीमोथेरेपी • कैंसर सर्जरी • इम्यूनोथेरेपी • टारगेट थेरेपी
आयुष्मान योजना से निःशुल्क उपचार
निम्न कार्डधारकों को नि:शुल्क इलाज की सुविधा
• CGHS, ECHS, CRPF, ESI • म.प्र. सरकार • आरबीआई • एयरपोर्ट अथॉरिटी • म.प्र. पर्यटन निगम • बीएसएनएल

आए दिन बढ़ रहे डॉग बाइट के मामले, हाई कोर्ट के आदेश की हो रही लगातार अवहेलना

# मंडीदीप नगर पालिका की बड़ी लापरवाही, 30 साल में एक भी कुत्ते की नहीं हुई नसबंदी, आए दिन लोगों को दौड़ाकर बना रहे अपना शिकार

**शहर के करीब 2 दर्जन से अधिक जगहों पर कुत्ते झुंड बना कर बैठे रहते हैं**

**अकेले देख कर लोगों के ऊपर झपट कर उन्हें घायल कर रहे हैं कुत्ते**

नितेश पटेल ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप नपा क्षेत्र में आवारा कुत्तों से रहवासी डरे सहमे रहते हैं। शहर के करीब 2 दर्जन से अधिक जगहों पर कुत्ते पूरी तरह से झुंड लगा कर बैठे रहते है, अकेले देख कर लोगों के ऊपर झपट कर उन्हें घायल कर रहे हैं। ऐसे लोगों को तुरंत रेबीज के इंजेक्शन के लिए भोपाल रेफर किया जाता है।

मंडीदीप के आला अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं और अपनी जिम्मेदारी से मुहं मोड़ रहे हैं, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण ये है कि नपा द्वारा तीस वर्षों में आज तक एक भी कुत्ते की नसबंदी नहीं करवा सके हैं, जिससे कुत्तों की जनसंख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे बहुत मामले हैं, जिसमें कुत्तों के काटने से कई लोगों की जान भी जा चुकी है। नगर पालिका द्वारा ये एक बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। नगर पालिका के कर्मचारी न तो आवारा कुत्तों पकड़ रहे हैं और न ही उनकी नसबंदी कर रहे हैं।

## प्रति माह डॉग बाइट के 100 से अधिक मरीज आ रहे अस्पताल

अस्पताल के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार प्रति माह डॉग बाइट के 100 से अधिक मरीज आते हैं,



फाइल फोटो

जिन्हें आवारा कुत्ते अपना शिकार बनाते हैं। सिविल अस्पताल के डॉक्टर शलभ तिवारी बताते हैं कि मंडीदीप में कई मरीज ऐसे आते हैं जो कुत्ते से घायल होते है, जिन्हें रेबीज के इंजेक्शन लगाया जाता है।

### डॉग बाइट के मामले

**मामला 1**

वार्ड 5 कुआ मोहल्ले में रहने वाले शाहिद खान (34) को विगत दो माह पूर्व आवरा कुत्तों ने काट लिए और लहू लुहान कर दिया था। कुत्तों की झुंड से भागने के बाद फिर कुत्ते पीछे पड़ गए थे और जान बचा के शाहिद वहां से भाग निकले थे।

**मामला 2**

मंडीदीप के उपनगर सतलापुर के वार्ड 16 में निवासी अरुण कुमार गिरी को कुत्तों ने 2024 में काटा था, जिसके बाद रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के बाद भी अरुण बच नहीं सके। विगत साल पहले अरुण की तड़प-तड़प कर मौत हो गई।

### आज तक नहीं आया आवेदन

आज तक मंडीदीप नगर पालिका से इस संबंध में कोई आवेदन नहीं आया। अगर आवेदन आता तो जरूर आवारा कुत्तों के नसबंदी के लिए भोपाल सेंटर भेजा जाता। अगर ऐसा कोई आवेदन प्राप्त होता है, तो जरूर इस पर कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. सतीश चौरे,**
पशु विस्तार अधिकारी, औबेदुल्लागंज।

### डॉग बाइट को लेकर गंभीर हैं

हम डॉग बाइट को लेकर गंभीर है। नगर में बढ़ते मामले को लेकर हम चिंतित है, जगह तलाश कर नगर के आवारा कुत्तों को शहर से बाहर एकत्रित कर पशु डॉक्टरों के माध्यम से नसबंदी कराई जाएगी, जिसका अभियान जल्द चालू किया जाएगा।

**प्रशांत जैन,** सीएमओ मंडीदीप।

### पेट लवर भी परेशान

नगर में बढ़ते डॉग बाइट के मामले में पेट लवर ( कुत्ते से प्यार करने वाले) भी इस बात से खासा परेशान, जिसमें आए दिन लोगों को आवारा कुत्ते से घायल की सूचना मिलती है। वार्ड 16 के सोनू शर्मा बताते है कि कुत्ता वैसे तो वफादार जानवर है, परंतु अगर उसके काटने से होने वाले आम आदमी के नुकसान से उसके और उसके परिवार में फैलने वाले संक्रमण से सभी लोग संक्रमित होते है, जो कही न कही ये आम जन के लिए खतरनाक है।

## खबर संक्षेप



### वार्ड 14 में ओटले तोड़ने पर गरीबों में रोष

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष हिन्दू उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक जैसवाल ने कहा यह अतिक्रमण तोड़ने के नाम पर लोगों को परेशान किया जा रहा है। बड़े-बड़े लोगों का अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा गरीबों के केसाथ भेदभाव किया जा रहा है। वार्ड 14 में साफ-सफाई ठप है। नाली में कचरा, गंदी भरी है। यह देखने की फुर्सत नगर परिषद के जिम्मेदारों के पास नहीं है। जैसवाल ने कहा नगर परिषद समस्या हल नहीं कर रही, बल्कि समस्या और पैदा कर रही है।

### भागवत कथा में सुनाई गोवर्धन पर्वत की कथा



**औबेदुल्लागंज।** महावीर कॉलोनी में चल रही भागवत कथा में गोवर्धन पर्वत की कथा सुनाई गई। भोजपुर नारी शक्ति समिति की अध्यक्ष आरती यादव जजमान बृजेश गिरी संतोषबाई लक्ष्मीबाई जानकी शर्मा पार्वती यादव दीपा चौकसे सीमा मालवी गीत साहू प्रियंका गुप्ता उमा ठाकुर आदि ने आरती की पूजा की।

### नगर निगम ने कोहेफिजा में तोड़ा अवैध शेड

**भोपाल।** ननि के अतिक्रमण विरोधी अमले ने मंगलवार को कोहेफिजा क्षेत्र में अवैध रूप से बने शेड को तोडने की कार्रवाई की। इसके अलावा पुराने शहर से अतिक्रमण हटाया गया। पुराने शहर के व्यस्ततम बाजार क्षेत्रों मंगलवारा, आजाद मार्केट, जुमेराती, घोड़ा नक्कास, पुरानी सब्जी मंडी से एक ट्रक सामान जब्त किया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |

पुलिस को तलाशी के दौरान नहीं मिला सुसाइड नोट

# बैरसिया में किसान ने घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी, कारणों का नहीं हुआ खुलासा

**मृतक का मोबाइल जांच के लिए जब्त कर लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया इलाके में रहने वाले एक किसान ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के समय पत्नी बच्चों को लेकर मायके गई हुई थी। तलाशी के दौरान मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। मृतक का मोबाइल जांच के लिए जब्त किया गया है, लेकिन उसमें लॉक लगा हुआ है। परिजन के बयान के बाद ही खुदकुशी के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र उर्फ मोटा यादव (40) ग्राम निदानपुर का रहने वाला था और खेती किसानी करता था। उसके बच्चे बैरसिया में पढ़ते हैं, इसलिए वह बैरसिया स्थित पुरानी कलारी के पीछे स्थित मकान में रह रहा था। पिछले दिनों पत्नी बच्चों को लेकर अपने मायके रानी खजूरी चली गई थी। सोमवार की सुबह करीब दस बजे पड़ोसी ने जेट पंप लेने के लिए धर्मेंद्र का दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला तो उसे फोन लगाया। जब उसने फोन रिसीव नहीं किया तो पड़ोसी ने उसकी पत्नी को फोन लगाकर जानकारी दी। शाम करीब चार बजे पत्नी घर पहुंची और दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। उसके बाद पत्नी ने अपने जेठ को बुलाया। काफी प्रयास करने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो लोगों ने मिलकर उसे तोड़ दिया। अंदर जाकर देखा धर्मेंद्र फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। मंगलवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद लाश परिजन को सौंप दी गई है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। कमरे से उसका मोबाइल फोन जब्त किया गया है, लेकिन पैटर्न लॉक होने के कारण यह पता नहीं चल पाया कि आखिरी बार उसकी किन लोगों से बातचीत हुई थी। घरवालों के बयान होने के बाद ही खुदकुशी के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### ऑनलाइन जुए की लत से कर्ज में डूबे व्यक्ति ने फांसी लगाई

बिलखिरिया में ऑन लाइन जुए की त से कर्ज में डूबे एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली । पुलिस को अस्पताल से घटना की जानकारी मिली थी। वहां पुलिस ने जेब में तलाशी ली तो सुसाइड नोट में उक्त कारण पता चले हैं। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार प्रवीण कुमार अहिरवार पिता रेवाराम अहिरवार उम्र 32 साल आदमपुर छावनी में रहते थे। वे निजी काम करते थे। परिजन रविवार सुबह लगभग 11 बजे फांसी के फंदे से उतारकर पटेल नगर स्थित गायत्री अस्पताल पहुंचे थे। यहां चिकित्सकों ने प्रवीण कुमार अहिरवार को चेक किया तो उनकी मौत हो चुकी थी ।

पुलिस ने रिजवान लाला के मकान से देसी पिस्टल सहित अन्य हथियार भी जब्त किए

## मासूम इब्राहिम की मौत केस में पिता गिरफ्तार, फरारी काट रहे अपराधियों को घर में देता रहा शरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के गौतम नगर इलाके में तीसरी कक्षा के छात्र इब्राहिम की गोली लगने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने उसके पिता रिजवान लाला को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया है कि रिजवान लाला अपने घर में फरार लोगों को शरण देता था। उसके घर से अवैध हथियार बरामद हुए हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इब्राहिम की मौत के बाद जब मामले की गहन जांच की गई तो रिजवान लाला की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर यह बात सामने आई कि वह फरारी काट रहे लोगों को अपने घर में ठहरने की सुविधा देता था। इसी दौरान घर में अवैध हथियार रखे होने की पुष्टि हुई। जांच में रिजवान लाला के मकान से देसी पिस्टल सहित अन्य हथियार भी जब्त किए हैं।

### जांच के दायरे में अब कई एंगल

इब्राहिम की मौत को लेकर पहले जहां आत्महत्या और हादसे की आशंका जताई जा रही थी, वहीं अब पिता की गिरफ्तारी के बाद जांच का दायरा और बढ़ गया है। पुलिस यह भी खंगाल रही है कि घर में रखे हथियार किसके थे, उनका इस्तेमाल किन-किन मामलों में हुआ और फरारी काटने वालों से रिजवान लाला के क्या संबंध थे।

### तीन अलग-अलग टीमें कर रहीं जांच

पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच के लिए अलग-अलग तीन टीमें बनाई गई हैं। एफएसएल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि जिस हथियार से इब्राहिम को गोली लगी, वह किसका था और कैसे इस्तेमाल हुआ।

## पटना-इंदौर एक्स. में 311 कछुए बरामद, एक आरोपी हत्थे चढ़ा

**संतनगर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के संत हिरदाराम रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने चेकिंग के दौरान वन्यजीव तस्करी का भंडाफोड़ किया है। आरपीएफ स्टाफ ने एक व्यक्ति को दो बैग में भरे कुल 311 कछुओं के साथ पकड़ा, जिन्हें अवैध रूप से सप्लाई किया जा रहा था।

आरपीएफ के अनुसार, स्टेशन पर नियमित जांच के दौरान संदिग्ध गतिविधि के आधार पर एक व्यक्ति के बैग की तलाशी ली गई। तलाशी में दो बैगों में 311 जीवित कछुए पाए गए। पूछताछ में आरोपी की पहचान अजय सिंह राजपूत के रूप में हुई, जो रेलवे कोच में अटेंडर का काम करता है। आरपीएफ ने तत्काल कछुओं की बरामदगी की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही एसटीएफ और वन विभाग का अमला संत हिरदाराम रेलवे स्टेशन पहुंचा। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी अजय सिंह राजपूत ने बताया कि वह ढाई हजार रुपए की लालच में आकर इन कछुओं को देवास और इंदौर पार्सल करने के लिए ले जा रहा था। रविंद्र कश्यप नामक व्यक्ति ने उसे यह काम सौंपा था।

## फर्जी फेसबुक आईडी बनाने वाले को एक वर्ष की सजा

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

युवती की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उस पर उसके फोटो अपलोड करने वाले आरोपी भगवानदास तिवारी पुत्र महेश कुमार तिवारी (38) निवासी हाई टेक सिटी राजवैद्य कॉलोनी कोलार रोड भोपाल को अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार शर्मा ने आईटी एक्ट की धारा-67 एवं भारतीय दंड संविधान की धारा-469 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास और 2000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक मंजू जैन सिंह द्वारा प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी की। अभियोजन के अनुसार पीड़ित युवती ने राज्य साइबर क्राइम सेल में 20 जून 2018 को शिकायत की थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके फोटो का दुरुपयोग करते हुए दीपशिखा नाम से एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उसके फोटो अपलोड कर अश्लील शब्द लिखकर उसे बदनाम किया जा रहा है। पीड़ित युवती ने राज्य साइबर क्राइम सेल से अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी।

**मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को दी भाव पूर्ण विदाई**

## अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ें: राजपूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की अब तक की शैक्षणिक यात्रा को सम्मान देना और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देना था। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन फूल सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ें। विद्यालय से प्राप्त संस्कार आपके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के सफल भविष्य की कामना की।



मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल में विदाई समारोह में उपस्थित विद्यार्थी।



सीनियर विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए।

विद्यालय की प्राचार्या विशाखा शर्मा ने कहा कि आज आप विद्यालय से विदा ले रहे हैं, लेकिन यह विदाई, नहीं बल्कि एक नई शुरुआत है। अपने आत्मविश्वास और मेहनत को कभी कमजोर न पड़ने दें। उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें सदैव सकारात्मक बने रहने का संदेश दिया। उप-प्राचार्य एमके मिश्रा ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में चुनौतियां अवश्य आएंगी, परंतु धैर्य और सही निर्णय आपको सफलता तक अवश्य पहुंचाएंगी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अनुभवों से सीख लेने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया।



### पानी की टंकी से बहा हजारों लीटर पानी

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज के दशहरा मैदान में पानी की टंकी ओवर होने पर पूरे मैदान में पानी भर गया। वहीं हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। नगर परिषद की लापरवाही के कारण दशहरा मैदान में लाखों रुपए से बनी सड़क के पत्थर भी उखड़ गए हैं। दशहरा मैदान में अस्थाई गोशाला का उद्घाटन विधायक सुरेंद्र पटवा ने किया था, वह भी नहीं बची, मात्र तीन दिन बाद ही गो माता गोशाला से भूखी प्यासी भाग गई।

## नलों से आ रहा गंदा बदबूदार पानी, जिम्मेदार बेखबर

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद के वार्ड 13 के हालात बेहाल हो गए हैं। पोस्ट ऑफिस की गली, ऊंची नीची हो गई है। चूड़ी बाजार की खुदी सड़क पर रोज महिलाएं गिर रहीं हैं। वार्ड 13 के वरिष्ठ सुदामा तिवारी, राकेश तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकिशोर नंदवंशी ने कहा कि नगर परिषद के नलों से बदबूदार गंदा पानी आ रहा है। वार्ड 2 खिल्ली खेड़ा में भी नलों से गंदा बदबूदार पानी आ रहा है। रहवासियों ने गंदे बदबूदार पानी की शिकायतें की, लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।



## सांसद कप के विजेताओं को केंद्रीय मंत्री शिवराज ने दी बधाई

**औबेदुल्लागंज।** सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह में विधायक सुरेंद्र पटवा को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ सहभागिता का गौरव प्राप्त हुआ। सांसद कप की विजेता टीम सांची व उपविजेता टीम सिलवानी के खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रायसेन के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, सांची विधायक व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुराम चौधरी, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह, विधायक सुरेंद्र पटवा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुराम चौरी अन्य लोग उपस्थथित थे।

महाशिवरात्रि पर भोजपुर में होगा तीन दिवसीय 'महादेव-भोजपुर महोत्सव'

# लोकगायन, लोकनृत्य, नृत्य-नाटिका, सुगम संगीत एवं काव्य-पाठ के माध्यम से शिव महिमा और भारतीय सांस्कृतिक की देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा शिव-साधना, लोकआस्था एवं कला-सौंदर्य के समन्वित उत्सव के रूप में ऐतिहासिक भोजपुर शिव मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय 'महादेव भोजपुर महोत्सव' का आयोजन 15 से 17 फरवरी तक प्रतिदिन सायं 6.30 बजे से किया जाएगा। जिला प्रशासन रायसेन के सहयोग से आयोजित यह महोत्सव शिव-शक्ति, लोकपरंपरा और सांस्कृतिक चेतना का भव्य उत्सव होगा।

संस्कृति संचालक एनपी नामदेव ने बताया कि यह महोत्सव भोजपुर की



ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक धरोहर को सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के माध्यम से राष्ट्रीय पटल पर प्रतिष्ठित करने का सशक्त प्रयास है। लोकगायन, लोकनृत्य, नृत्य-नाटिका, सुगम संगीत एवं काव्य-पाठ के माध्यम से शिव महिमा, लोकसंवेदना और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की सजीव प्रस्तुति की जाएगी।

### 15 को लोकगायन से शुरू होगा कार्यक्रम

महोत्सव के प्रथम दिवस 15 फरवरी को सागर के ऋषि विश्वकर्मा द्वारा प्रस्तुत लोकगायन से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, जो मंदिर प्रांगण को भक्तिरस से अनुप्राणित करेगा। इसके पश्चात सागर के उमेश नामदेव द्वारा प्रस्तुत बधाई एवं बरेदी लोकनृत्य में लोकजीवन की जीवंत छवियां साकार होंगी। संध्या का विशेष आकर्षण मुंबई के सुप्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा का भक्ति गायन होगा, जो श्रद्धालुओं को शिवभक्ति में लीन कर देगा।

### 16 को भोपाल की शीला त्रिपाठी देंगी प्रस्तुति

महोत्सव के द्वितीय दिवस 16 फरवरी को भोपाल की शीला त्रिपाठी द्वारा लोकगायन की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके उपरांत मुंबई की भावना शाह एवं साथी कलाकारों द्वारा शिव महिमा पर आधारित नृत्य-नाटिका का मंचन किया जाएगा, जिसमें नृत्य, भाव और संगीत का प्रभावशाली समन्वय दर्शकों को आध्यात्मिक अनुभूति से भर देगा। दूसरे दिन का समापन मुंबई की सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका महालक्ष्मी अय्यर की मधुर सुगम संगीत प्रस्तुति से होगा।

### अंतिम दिन नृत्य-नाटिका और कविताओं की होगी प्रस्तुति

महोत्सव के अंतिम दिवस 17 फरवरी को भोपाल के बलराम पुरोहित द्वारा लोकगायन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके पश्चात भोपाल की आकृति जैन एवं साथी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत शिव-केंद्रित नृत्य-नाटिका वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित करेगी। समापन अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित कवि दिल्ली के अशोक चक्रधर, मुंबई के दिनेश बावरा, आगरा के प्रताप फौजदार, दिल्ली के गजेन्द्र सोलंकी, आगरा की रुचि चतुर्वेदी, मथुरा की पूनम वर्मा तथा दिल्ली की मनु वैशाली अपनी सशक्त, संवेदनशील एवं भावपूर्ण रचनाओं से काव्यरस की अविरल धारा प्रवाहित करेंगे।

## बागसेवनिया के बाशिंदों को मिली नेत्र हॉस्पिटल के सिटी सेंटर की सौगात

**रहवासियों को आंखों के इलाज में होगी सहूलियत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के अध्यक्ष संत सिद्ध भाऊ, भोपाल जिले सीएमएचओ डा.मनोज शर्मा और मेडिकल डायरेक्टर डा.प्रेरणा उपाध्याय ने मंगलवार को वृहत्तर भोपाल के बागसेवनिया क्षेत्र में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सिटी सेंटर का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद जीतेन्द्र शुक्ला, सचिव हीरो ज्ञानचंदानी, ट्रस्टीगण महेश दयारामानी, एसी साधवानी, तुलसी आडवानी, राजकुमार मूलचंदानी, डॉ. समता पटेल और डॉ. भारती सोनी विषेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर संत सिद्ध भाऊ ने कहा कि वृहत्तर भोपाल के इस क्षेत्र में सिटी सेंटर खोलने से स्थानीय रहवासियों को आंखों का इलाज करवाने के लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।




इस सेंटर पर एक वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. भारती सोनी को पदस्थ किया गया है। प्रारंभ में संत सेवक एल.सी. जनियानी ने अस्पताल की स्थापना के उद्देश्यों और अब तक किए गए सेवा कार्यों की प्रगति पर प्रकाश डाला।

## कहा- कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को देश की सकारात्मकता नहीं दिखती

# राहुल गांधी को समझ में ही नहीं आता कि वह कह क्या रहे हैं, उनकी कठिनाई यही है : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

### केंद्रीय बजट पर आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोप पर पूछे गए सवाल पर बोले सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को समझ में ही नहीं आता कि वह कह क्या रहे हैं। उनकी कठिनाई यही है। जिस रक्षा बजट में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है, उससे बढ़कर क्या हो सकता है। 'आप पूरा बजट देख लो, लेकिन दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ेगा कि राहुल गांधी को देश की सकारात्मकता नहीं दिखती, उनकी बात को लोग किस अर्थ में लेंगे, उनका खुद का भी वजन कम होगा, लेकिन पता नहीं उनको क्या हो जाता है, मुझे तो समझ में नहीं आता है।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राहुल गांधी के आरोप पर पूछे गए सवाल के जवाब में कही। मुख्यमंत्री मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में केंद्रीय बजट पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

### केंद्रीय बजट सशक्त भारत की नींव को और मजबूती प्रदान करेगा: खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना को दर्शाता है, जो मध्यप्रदेश सहित देश को 2047 के विकसित भारत की ओर मजबूती से ले जाएगा। केंद्रीय बजट को राजनीति के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नजर से देखना आवश्यक है। देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है। उन्होंने कहा कि इस बजट से मध्यप्रदेश को भी व्यापक लाभ होगा और यह बजट वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन। साथ में भाजपा पदाधिकारी।

### बजट नारी शक्ति को आर्थिक सशक्तिकरण देने वाला

लखपति दीदी योजना पर आधारित सामुदायिक स्व-सहायता समूह उद्यम स्थापित करने का प्रावधान है, इससे महिलाओं को क्रेडिट लिंक्ड आजीविका से उद्यम स्वामित्व की ओर जाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट के इन प्रावधानों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी ही, साथ ही यह बजट नारी शक्ति को आर्थिक सशक्तिकरण देने वाला होगा।

### स्वास्थ्य और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में तेजी से आगे बढ़ेगा मध्य प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बायोफार्म शक्ति योजना से बायोटेक्नोलॉजी, बायो फार्मा, फार्मास्यूटिकल अनुसंधान और हेल्थ इंडस्ट्री आधारित स्टार्ट अप्स को बढ़ावा मिलेगा। मप्र ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में अग्रसर होगा, जिससे उच्च मूल्य रोजगार सृजित होंगे। सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 से इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग और एआई आधारित तकनीकों के विकास से मध्यप्रदेश में हाई टेक उद्योग, डिजिटल निवेश और नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। बजट के प्रावधान मध्यप्रदेश के पारंपरिक औद्योगिक क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बजट में 10 हजार करोड़ रुपए की लागत से देश के प्रत्येक जिलों में महिला छात्रावास स्थापना का के साथ नारी शक्ति के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने 1.5 लाख सेवा प्रदाताओं और एक लाख स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### युवाओं को रोजगार दिलाने में महती भूमिका निभाएगी कंटेंट क्रिएटर लैब

खंडेलवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट में 15 हजार माध्यमिक शालाओं में कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना, आईआईएम के सहयोग से 10 हजार टूरिस्ट गाइड तैयार करने और 'खेलो इंडिया' के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहन देने की घोषणाएं की गई हैं। क्रिएटर लैब युवाओं को रोजगार दिलाने में महती भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि बजट में महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना का पालन करते हुए खादी, हथकरघा, हस्तशिल्प और एक जिला एक उत्पाद को बढ़ावा देने वाला है।

## खबर संक्षेप

### सांसद तंखा ने केंद्रीय मंत्री शिवराज के खिलाफ मामला लिया वापस

**भोपाल।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तंखा ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ दायर मानहानि का मामला वापस ले लिया है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट द्वारा मामले पर पुनर्विचार का आग्रह किए जाने के बाद लिया गया। विवेक तंखा ने सुप्रीम कोर्ट को औपचारिक रूप से सूचित कर दिया है कि वह यह केस आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं। इस कदम को राजनीतिक और कानूनी हलकों में एक अहम घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है।
तंखा ने इस फैसले के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, महेश जेठमलानी, सुमर सोढ़ी और धीरेंद्र परमार का विशेष रूप से आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इन सभी की मध्यस्थता और सकारात्मक प्रयासों के चलते यह

### अभिभावक महंगे दामों पर बच्चों की किताबें खरीदना पर विवश

**भोपाल।** राजधानी में किताबों के दुकानदारों की मनमानी को लेकर मंगलवार को अखिल भारत हिंदू महासभा ने प्रेसवार्ता कर आरोप लगाए है। इसको लेकर कलेक्टर भोपाल को पत्र भी लिखा गया है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रोहित दुबे व संभाग संगठन मंत्री देवेंद्र तिवारी ने बताया कि भोपाल जिले को कुछ पुस्तक माफिया ने पूरी तरह से अपनी गिरफ्त में ले लिया है। स्कूलों की मिलीभगत के चलते अभिभावकों महंगे दामों पर ही इन दुकानों से किताबें खरीदना पड़ती है। महासभा ने जबलपुर की तर्ज पर भोपाल में भी सख्ती से नियम लागू करने की मांग की है।

**1** 620 करोड़ रूपए से अधिक लागत की 2 सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति

**2** सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों के लिए मंत्रिमंडल का बड़ा निर्णय

### 10 योजनाओं की निरंतरता के लिए 15,009 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति

# आदिवासियों को आवंटित आवासीय भूखंडों की निःशुल्क रजिस्ट्री कराएगी प्रदेश सरकार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

नर्मदा घाटी की सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों को आवंटित किए गए आवासीय भूखंडों की रजिस्ट्री राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क कराई जाएगी। इससे 25,600 से अधिक आदिवासी परिवारों को लाभ होगा।

इस निर्णय से राज्य शासन पर 600 करोड़ रूपए का वित्तीय भार आएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। निर्णय के तहत मानक संचालन प्रक्रिया (एकओपी) अनुसार देय पंजीयन शुल्क एवं स्टॉम्प ड्यूटी की प्रतिपूर्ति नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा की जाएगी। बैठक में मध्यप्रदेश राज्य समाज कल्याण बोर्ड को भंग कर कर्मचारियों का संविलयन महिला बाल विकास विभाग में करने की स्वीकृति प्रदान की गई।


कैबिनेट बैठक में मंत्रियों से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### भारत-अमेरिका के बीच डील मेक इन इंडिया को देगी नई गति :

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। भारत-अमेरिका के बीच हुई नई ट्रेड डील अभिनन्दनीय है। यह ट्रेड डील, मेक इन इंडिया को नई गति देगी। इससे देश को प्रगति के नए अवसर प्राप्त होंगे। यह डील भारत के सशक्त नेतृत्व और विकास में साझा विश्वास को दर्शाता है।

### ओला-पाला से प्रभावित फसलों का सर्वे कर किसानों को तत्काल उपलब्ध कराएं राहत

**मालवा, निमाड़, चंबल और विंध्य अंचलों में आयोजित होगी कृषि कैबिनेट**

**सरसों को भावांतर योजना में शामिल करने पर विचार कर रही राज्य सरकार**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जहां-जहां ओला-पाला से फसलें प्रभावित हुई हैं, कलेक्टर्स उन जिलों में सर्वे कराकर किसानों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराएं। किसानों के सभी प्रकार के हित सुनिश्चित करने और उनकी आय दोगुना करने के उद्देश्य से ही वर्ष-2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

कृषक कल्याण कृषि वर्ष में मालवा, निमाड़, चंबल और विंध्य अंचलों में कृषि कैबिनेट आयोजित की जाएगी। डॉ. यादव मंगलवार को कैबिनेट बैठक से पहले मंत्रिमंडल के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भावांतर योजना में सरसों और अन्य तिलहन फसलों को भी शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। मूंग के स्थान पर उड़द को प्रोत्साहित करने के लिए नीति बनाई जा रही है। इसके लिए किसानों को प्रेरित करना आवश्यक है।

### राज्य स्तरीय एमपी यूथ गेम्स के आयोजन की सराहना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में राज्य स्तरीय एमपी यूथ गेम्स-2026 के भव्य आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रतिष्ठित आयोजनों में देशज खेलों को भी शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा मेडिकल कॉलेज में 750 बेड की क्षमता वृद्धि की गई है। प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेज की क्षमता को भी बढ़ाया जाएगा। डॉ. यादव ने श्रीपशुपतिनाथ लोक में विकसित की गई सुविधाओं और प्रतिमा के क्षरण को रोकने के लिए किए गए उपाय को अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रदेश में पहली बार राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव आयोजित किया गया। पुष्प उत्पादन और देश-विदेश में फूलों की बेहतर मार्केटिंग व्यवस्था को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### इन योजनाओं की निरंतरता की स्वीकृति

मंत्रिमंडल द्वारा 6 विभागों की 10 योजनाओं की वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक निरंतरता के लिए 15,009 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति प्रदान की गई है।

स्वीकृति अनुसार वित्त विभाग की लोक वित्त पोषित 500 करोड़ से कम की 8 योजनाओं के लिए 115 करोड़ 6 लाख रुपए, श्रम विभाग की मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना के लिए 5 हजार करोड़ रुपए, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की विधानसभा क्षेत्र निर्वाचन योजना और स्थापना एवं कार्यालयीन योजनाओं के लिए 3 हजार 376 करोड़ 66 लाख रूपए, पशु पालन एवं डेयरी विभाग की डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना, पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर ब्लॉकग्रांट योजना एवं पशुपालन, पशु विकास और गो संवर्धन योजना के लिए 6 हजार 472 करोड़ 18 लाख रुपए, महिला एवं बाल विकास की किशोर कल्याण निधि योजना और घरेलू हिंसा पीड़िता सहायता योजना के लिए 24 करोड़ 70 लाख और पिछड़ा वर्ग एवं अन्य कल्याण की अल्पसंख्यक स्वरोजगार/उद्यम योजना के लिए 21 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### मैहर एवं कटनी जिले की परियोजनाओं की स्वीकृति

मंत्रिमंडल द्वारा मैहर एवं कटनी जिलें में 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 620 करोड़ 65 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति अनुसार मैहर एवं कटनी की धनवाही सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना लागत 53 करोड़ 73 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। इससे 3500 हेक्टयर में सिंचाई की सुविधा प्राप्त होंगी और मैहर एवं कटनी जिले के 9 ग्राम के 2810 कृषक लाभान्वित होंगे। कटनी जिलें की बरही सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना लागत 566 करोड़ 92 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे, कटनी जिले की बरही एवं विजयराघवगढ़ तहसील के 27 ग्राम के 11,500 कृषक लाभान्वित होंगे और 20 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होंगी।

### केंद्रीय बजट की विशेषताओं से अवगत कराएं मंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। राजनैतिक विषयों के स्थान पर वित्त आयोग के सुझावों को महत्व देना बजट की विशेषता है। उन्होंने मंत्रिमंडल सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में केंद्रीय बजट की विशेषताओं से जनसामान्य को अवगत कराने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने कहा कि कच्छ में 'रण उत्सव' में टेंट सिटी से की गई ईको-सेंसेटिव आवास व्यवस्था और रोजगार के अवसर सृजित करने के नवाचार सराहनीय हैं। उन्होंने गिर राष्ट्रीय उद्यान में सफारी और रेस्क्यू सेंटर में सिंहों को देखने के लिए किए गए प्रयोगों से प्रेरणा लेते हुए उन्हें प्रदेश में लागू करने की दिशा में गतिविधियां करने की आवश्यकता बताई।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी ने सागर में प्रबुद्धजन संवाद में कहा-

## आम बजट जनता के प्रति सरकार के कर्तव्यों को पूरा करने वाला डॉक्यूमेंट है : डॉ. महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने मंगलवार को सागर जिले में केंद्रीय बजट-2026 को लेकर आयोजित व्यापारी व प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस दौरान प्रदेश प्रभारी डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में समग्र भारत के विकास का बजट प्रस्तुत किया है। केंद्रीय बजट 2026 देश की जनता के प्रति सरकार के कर्तव्यों को पूरा करने वाला डॉक्यूमेंट है। प्रधानमंत्री मोदी



के नेतृत्व में 240 कल्याणकारी योजनाओं के साथ केंद्र सरकार देश की 145 करोड़ जनता के हितों के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आजाद भारत के बाद यह पहला बजट है, जब कर्तव्य भवन में बैठकर तीन कर्तव्यों वाला बजट बनाया गया है।

### भगवानदास रैकवार से निवास पर मिलने पहुंचे:

*भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने मार्शल आर्ट्स के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार हेतु चयनित भगवानदास रैकवार से उनके निवास पर भेंटकर उन्हें आत्मीय बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने इससे पहले प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री व विधायक भूपेन्द्र सिंह के निवास पहुंचकर भगवान श्री हनुमान जी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री रामकथा में शामिल होकर श्रवण किया।*

### अब फिर विधानसभा में गूंजेगा मुद्दा

## वीआईटी फूड पॉयजनिंग मामला दो माह बाद भी कार्रवाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीहोर स्थित वीआईटी यूनिवर्सिटी में फूड पॉयजनिंग और पीलिया फैलने के गंभीर मामले को लेकर राज्य सरकार दो माह बीतने के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं ले सकी है। यह मामला पहले ही विधानसभा में जोर-शोर से उठ चुका है और अब एक बार फिर सदन में सरकार को घेरने की तैयारी है। विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष के कुछ विधायकों में भी कार्रवाई न होने को लेकर नाराजगी है। विधानसभा में सवाल उठने पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने आश्वासन दिया था कि वीआईटी यूनिवर्सिटी पर ऐसी कार्रवाई की जाएगी, जो प्रदेश के सभी निजी विश्वविद्यालयों के लिए नजीर बनेगी। हालांकि, दो महीने बाद भी न तो कार्रवाई सामने आई और न ही कोई आदेश जारी हुआ। सूत्रों के मुताबिक, वीआईटी यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने शासन को अपना जवाब सौंप दिया है, जिसमें सभी आरोपों को निराधार बताया गया है। प्रबंधन ने दूषित भोजन और पानी की जिम्मेदारी लेने के बजाय पूरा ठीकरा विद्यार्थियों पर ही फोड़ दिया है।

## भागीरथपुरा में मौतों को लेकर कांग्रेस का धरना जीतू बोले-इस मुद्दे पर चरणबद्ध आंदोलन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के मामले में कांग्रेस ने राजबाड़ा पर धरना दिया। कांग्रेस कार्यकर्ता यहां जुटे और सरकार का विरोध जताया। धरने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

कांग्रेस की मांग है कि मृतकों के परिजन को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और दोषी अधिकारियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज हो। धरना-प्रदर्शन में कांग्रेसियों ने मेयर



पुष्यमित्र भार्गव के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान कुछ महिलाओं के आंखों में आंसू आ गए। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस इसे मुद्दे पर चुपचाप नहीं बैठेगी और चरणबत्र आंदोलन करेगी। भाजपा ने भागीरथपुरा में जान गंवाने वाले हर व्यक्ति की कीमत दो लाख रुपए लगाई है। यह न्याय नहीं है, कांग्रेस ऐसे परिवारों को एक करोड़ रुपए मुआवजा और परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दिलवाने की मांग पर एकजुट होगी और इंदौर बंद करेंगे। उन्होंने इसके लिए 8 दिन का समय दिया है। इसके बाद कांग्रेस वाटर टेस्टिंग की दो गाड़ियां शहर के हर वालों में घूमेंगी और वहां वाटर टेस्ट करेंगी। इसमें पानी गंदा मिलता है तो लोगों को अवगत कराएगी कि भाजपा सरकार एक गिलास शुद्ध पानी नहीं पिला सकती, यह अभियान लंबा चलेगा।

### मुख्यमंत्री को सौंपा गया 4 करोड़ 39 लाख रुपए लाभांश का चैक

### मप्र ऊर्जा विकास निगम पहली बार आया लाभ की स्थिति में

## कुसुम योजनाओं में किसानों की रुचि से मध्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम को लाभ की स्थिति में आने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि कुसुम योजनाओं में किसानों द्वारा ली जा रही रूचि प्रदेश को नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने में सहायक होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने 4 करोड़ 39 लाख रुपए लाभांश का चैक भेंट किया। मंत्री शुक्ला ने अनौपचारिक चर्चा में बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की नीतियों के परिणाम स्वरूप मप्र ऊर्जा विकास निगम पिछले 2 वर्षों में लाभ की स्थिति में आ गया है।


मुख्यमंत्री डॉ. यादव को चेक सौंपते मंत्री शुक्ला।

### निगम की स्थापना के बाद यह पहला अवसर है, जब निगम को लाभ हुआ

वर्ष 1982 में निगम की स्थापना के बाद यह पहला अवसर है, जब निगम को लाभ हुआ है। मंत्री शुक्ला ने बताया कि कुसुम योजनाओं में किसानों द्वारा बड़ी संख्या में भाग लेने के परिणाम स्वरूप 3 वर्षों में निगम को 41 करोड़ आय हुई है, निगम के लाभ में शासन का अंश 20 प्रतिशत का है, जिसमें से 10 प्रतिशत अर्थात 4.39 करोड़ रुपए का चैक अभी सौंपे जा रहे हैं। शेष 10 प्रतिशत राशि कुछ समय बाद सौंपी जाएगी।

### कांग्रेस में बड़ा संगठनात्मक बदलाव: टैलेंट हंट से होगी नई नियुक्ति

## मीडिया कमेटी भंग और सभी प्रवक्ता कार्यमुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस संगठन में बड़ा और अहम बदलाव करते हुए प्रदेश कांग्रेस की मीडिया कमेटी को भंग कर दिया गया है। इसके साथ ही पार्टी के सभी प्रवक्ताओं को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया गया है। कांग्रेस के इस फैसले को संगठन में नई ऊर्जा, अनुशासन और मीडिया मैनेजमेंट को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने साफ किया है कि अब प्रवक्ताओं की नियुक्ति पुराने तरीके से नहीं होगी। इसके बजाय टैलेंट हंट प्रक्रिया के जरिए योग्य और प्रभावशाली चेहरों को सामने लाया जाएगा। पार्टी का मानना है कि मीडिया के बदलते स्वरूप और आक्रामक राजनीतिक माहौल में वही नेता प्रवक्ता की भूमिका निभा सकते हैं, जिनमें विषयों की गहरी समझ, स्पष्ट अभिव्यक्ति और टीवी डिबेट में मजबूती से पार्टी का पक्ष रखने की क्षमता हो। इस नई व्यवस्था के तहत यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि जो प्रवक्ता अभी कार्यमुक्त किए गए हैं, यदि वे दोबारा प्रवक्ता बनना चाहते हैं तो उन्हें भी इंटरव्यू प्रक्रिया से गुजरना होगा। यानी अब किसी को भी सिर्फ पुराने अनुभव या पद के आधार पर दोबारा जिम्मेदारी नहीं मिलेगी, बल्कि सभी को समान रूप से अपनी क्षमता साबित करनी होगी। 5 फरवरी से शुरू होगा टैलेंट हंट कार्यक्रम कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक प्रवक्ताओं को लेकर यह टैलेंट हंट 5 फरवरी से शुरू होगा। इसमें उम्मीदवारों की राजनीतिक समझ, समसामयिक मुद्दों पर पकड़, पार्टी की विचारधारा की जानकारी, भाषा शैली, तर्क क्षमता और मीडिया के सामने प्रस्तुति जैसे बिंदुओं पर मूल्यांकन किया जाएगा।

## पदाधिकारियों सहित समस्त विजेता कार्यकारिणी सदस्यों की हुई घोषणा

# व्यापारी बोले-गोविंद गोयल के रूप में बीसीसीआई को मिला ऊर्जावान अध्यक्ष



### व्यापारी खुश तो चेंबर होगा मजबूत, चेंबर को सशक्त बनाने का संकल्प : गोविंद गोयल

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोविंद गोयल (वरिष्ठ समाजसेवी, उद्योगपति) ने कहाकि व्यापारी खुश होगा तो चेंबर मजबूत होगा। राजधानी के व्यापारियों की संस्था को सशक्त बनाना मेरा संकल्प है। व्यापारियों की हर समस्या और सुख-दुख में सहभागिता करना ही मेरा धर्म होगा। शहर के व्यापारियों के व्यवसाय में आने वाली सरकारी विभागों के व्यावधानों को दूर करना ही मेरा पहला लक्ष्य है। राजधानी के इस चेंबर को न सिर्फ भोपाल में सशक्त चेंबर बनाऊंगा, बल्कि प्रदेश स्तर पर भी इसे मजबूती प्रदान करना मेरा संकल्प है। बीसीसीआई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोविंद गोयल ने कहाकि अगर प्रदेश स्तर पर संस्था को मजबूती मिलेगी तो शहर के व्यापारियों की समस्याओं का निदान आसानी से होगा।

### जीत के बाद उत्साह व्यापारियों को नई उम्मीद

*परिणाम घोषित होने और चेंबर की नई कार्यकारिणी को लेकर शहर के व्यापारियों में उत्साह की लहर है। गोविंद गोयल को बधाइयों का तांता लगा हुआ। व्यापारिक संगठनों और वरिष्ठ व्यापारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि नई टीम चेंबर को अधिक सक्रिय, पारदर्शी और व्यापारी–हितैषी दिशा में आगे बढ़ाएगी। व्यापारी वर्ग को अब नई कार्यकारिणी से कर, जीएसटी, नगर निगम, प्रशासनिक समन्वय, बाजार विकास और व्यापारी सुरक्षा जैसे मुद्दों पर ठोस पहल की अपेक्षा है।*

### पाली ने दी गोयल को बधाई



*बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और प्रगतिशील पैनल का नेतृत्व करने वाले अध्यक्ष पद के प्रत्याशी तेजकुलपाल सिंह पाली ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोविंद गोयल सहित सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संदेश प्रेषित किया है। उन्होंने कहा कि भोपाल चेंबर के सभी सम्मानित सदस्यों का मैं हृदय से धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने इस चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लिया और मुझे अपना बहुमूल्य समर्थन दिया। चुनाव परिणाम को मैं पूरे सम्मान के साथ स्वीकार करता हूं। आशा है कि चेंबर व्यापारी हितों के लिए मजबूती से कार्य करता रहेगा।*

### गोयल को है व्यापार एवं उद्योग जगत की अच्छी समझ : अनुपम



*अखिल भारतीय उधोग व्यापार मंडल मप्र के महासचिव अनुपम अग्रवाल ने कहाकि गोविंद गोयल के रूप में बीसीसीआई ऊर्जावान अध्यक्ष मिला है। गोयल वरिष्ठ समाजसेवी, उद्योगपति,व्यापार जगत एवं उद्योग जगत की अच्छी समझ रखते हैं। भोपाल की राजधानी के पुराने शहर में पार्किंग, यातायात, अतिक्रमण आदि की वजह से यहां का व्यापार दिन प्रतिदिन सिमटता जा रहा है। अतः गोयल के अध्यक्ष बनने बाद शहर व्यापारियों को आशा है की वे संस्था के मार्फत शासन एवं प्रशासन से उपरोक्त समस्यों का स्थाई हल निकालेगें। गोयल केअध्यक्ष बनने से प्रदेश के प्रत्येक व्यापारियों एवं उद्योगपतियों को अनेको आशाएं जागृत हो गई है।*

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव के मतगणना की प्रक्रिया मंगलवार को सुबह 8 बजे संपन्न हुई।

सोमवार दिन यानी 2 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे से शुरू हुई मतों की गिनती मंगलवार सुबह 8 बजे तक चली। इसके पश्चात चुनाव पर्वेक्षक पीसी कोठारी और सीए वैभव जैन ने विजेता पदाधिकारी सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की।

### अब यह है बीसीसीआई की नई कार्यकारिणी



अध्यक्ष- गोविंद गोयल
महामंत्री- ललित तांतेड़
उपाध्यक्ष- कमल पंजवानी, प्रदीप अग्रवाल (वीनस), आदित्य जैन (मनया), अरविंद जैन (सुपारी)
मंत्री- सुनील जैन (जैनाविन), ,संजीव जैन, अजय देवनानी
कोषाध्यक्ष - प्रदीप सेवानी
सह कोषाध्यक्ष- गोपाल सोनी
अतिरिक्त कोषाध्यक्ष- अजय गुप्ता (मुन्ना)
कार्यकारिणी सदस्य - सोनू भाभा, अनिल मिश्रा, आयुष मोदी, मनोज साहू, अखिलेश मित्तल, दर्शन गर्ग, सुलभ मित्तल, सुनील पंजाबी, आदित्य सिंघई, सुशील बाफना, दिनेश बत्रा, अनुराग पवैया, नवीन अग्रवाल, सचिन जैन, स्मित जैन, राजेश गुप्ता, कमल भंडारी, अजीत कुमार जैन, सचिन संगतानी, अनिल चुग, रामेश्वर अग्रवाल, विकास जैन (गोधा), मनोज नागरानी, जवाहर कोटवानी।

### जात- पात के विद्वेषपूर्ण विभाजनकारी दुष्प्रचार को मुंहतोड़ जबाव दिया : नवनीत



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार प्रदेश महामंत्री और सर्राफा महासंघ भोपाल प्रवक्ता नवनीत अग्रवाल ने कहाकि जात-पात की करो विदाई, व्यापारी हम सब भाई भाई। इस भाव के साथ सभी व्यापारी बंधुओं ने जात- पात के विद्वेष पूर्ण विभाजनकारी दुष्प्रचार को मुंह तोड़ जवाब देते हुए इस वृहद व्यापारिक संगठन ₹ बीसीसीआई₹ में सभी समाजों के श्रेष्ठों का निर्वाचन किया। चेंबर के नए मुखिया और नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोविंद गोयल सहित सभी पदाधिकारी,कार्यकारणी का अभिनंदन करता हूं। इस वृहद निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष पारदर्शी निर्विवाद तरीके से संपन्न करवाने वाले एडवोकेट पीसी कोठारी , सीए वैभव जैन सहित समस्त टीम का साधुवाद।

### चेंबर में एक नई दिशा, नई सोच और नई ऊंचाइयों की शुरुआत होगी संजीव गर्ग ने कहा



सराफा व्यवसायी संजीव गर्ग (गांधी) ने कहाकि भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वर्ष 2026 के लोकतांत्रिक चुनाव में यह विजय केवल एक चुनावी सफलता नहीं है, बल्कि यह समूचे उद्योग-व्यापार जगत एवं चेंबर संगठन के लिए एक नई दिशा, नई सोच और नई ऊंचाइयों की शुरुआत है। उन्होंने कहाकि आज आवश्यकता है कि चेंबर केवल एक संस्था न रहकर, छोटे-बड़े सभी व्यापारियों को एक ही सूत्र में पिरोने वाला सशक्त मंच बने,जहां हर व्यापारी एक मोती की तरह जुड़ा हो और उसका भविष्य सुरक्षित, उज्ज्वल एवं सशक्त हो। उन्होंने कि चेंबर की भूमिका केवल होली-दीपावली मिलन समारोह तक सीमित न रहे, बल्कि यह निरंतर मार्गदर्शन और समाधान का केंद्र बने यही हमारी अपेक्षा और आग्रह है।

## पतंजलि एवं वेलनेस में 'योगा ओलंपियाड ओरिएंटेशन' एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन



# सिक्किम ने महसूस की आध्यात्मिक शांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि अनुसंधान संस्थान एवं वेलनेस, हरिद्वार में 'योगा ओलंपियाड ओरिएंटेशन एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम' का नौ दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का पतंजलि अनुसंधान संस्थान एवं वेलनेस में संपन्न हुआ। 22 से 30 जनवरी तक चला प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा। यह कार्यक्रम योगदर्शन, मनोविज्ञान एवं आध्यात्मिकता पर आधारित था, जो आंतरिक शांति एवं आध्यात्मिक चिंतन की दिशा प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग सिक्किम सरकार के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, समानता एवं योग के व्यापक प्रसार को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मेडिटेशन, शंख वादन और हवन पूजन से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रद्धेय आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि योग प्राचीन भारत की एक समग्र शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक साधना है। योग का उद्देश्य मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करना है, जिससे आत्म-साक्षात्कार, मानसिक शांति एवं मोक्ष की प्राप्ति संभव होती है। योग के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य में सुधार होता है, तनाव कम होता है तथा अनुशासित जीवनशैली अपनाने में सहायता मिलती है। इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि नेचुरोपैथी अर्थात प्राकृतिक चिकित्सा एक औषधि-रहित उपचार पद्धति है, जो शरीर की स्वाभाविक उपचार क्षमता को सक्रिय करती है। पतंजलि वेलनेस के संदर्भ में डॉ. विनिता ने बताया कि आयुर्वेद एवं प्राकृतिक जीवनशैली अपनाकर ही शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखा जा सकता है। उपचार की विधि रोग की प्रकृति, रोगी की स्थिति एवं विशेषज्ञ की सलाह के आधार पर निर्धारित की जाती है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. वेदप्रिया आर्या ने पतंजलि की अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. विशाल, सौरभ निर्मोही, डॉ. दीपिका, डॉ. विनिता सहित अन्य पतंजलि वैज्ञानिकों की सक्रिय सहभागिता रही। प्रतिनिधियों ने ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन, गीता भवन तथा गंगा आरती में भी सहभागिता कर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। सिक्किम से आए प्रतिनिधियों ने पतंजलि गोशाला, गुरुकुलम आचार्यकुलम, हर्बल गार्डन एवं अनुसंधान केंद्र का भ्रमण कर पतंजलि द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

### स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया

कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधियों के रूप में अधिकारी एवं जामयांग भूटिया उपस्थित रहे। समापन अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें प्रतीक-चिह्न एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। आचार्य बालकृष्ण महाराज ने अतिथियों का शाल और स्मृति चिंह देकर स्वागत किया। आचार्य बालकृष्ण ने आगंतुकों का शाल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

# ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक का शानदार प्रदर्शन, तीसरी तिमाही में 663.60 करोड़ का राजस्व अर्जित

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद



देश की अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में शानदार नतीजे दर्ज किए हैं। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 663.60 करोड़ का राजस्व हासिल किया, जो पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले 29 फीसदी अधिक है।

इस दौरान कंपनी ने रिकॉर्ड 385 इलेक्ट्रिक वाहनों की डिलीवरी की, जो सालाना आधार पर 37 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। तिमाही में कंपनी का एबिटडा बढ़कर 97.10 करोड़ रुपए पहुंच गया, जबकि कर पश्चात लाभ 46.68 करोड़ रुपए रहा। अब तक कंपनी कुल 3,639 इलेक्ट्रिक वाहन डिलीवर कर चुकी है और उसके पास 9,439 वाहनों की मजबूत ऑर्डर बुक मौजूद है। प्रबंध निदेशक महेश बाबू ने कहा कि परिचालन दक्षता, बढ़ती मांग और नई ब्लेड बैटरी तकनीक से लैस बसों का उत्पादन कंपनी की भविष्य की विकास रणनीति को और मजबूती देगा।

## ब्रांडमैन रिटेल का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई।** ब्रांडमैन रिटेल लिमिटेड ने 4 फ़रवरी 2026 को अपना इनिशिअल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) खोलने की घोषणा की है। कंपनी का लक्ष्य ऊपरी प्राइस बैंड पर 86.09 करोड़ रुपए जुटाने का है। इसके शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होंगे। इस इश्यू का आकार 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 48,91,200 इक्विटी शेयरों का है, जिनका प्राइस बैंड 167 से 176 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। एंकर बिडिंग मंगलवार 3 फरवरी से शुरू हो गई। जबकि इश्यू बुधवार 4 फरवरी, 2026 को खुलेगा और शुक्रवार 6 फरवरी को बंद होगा।

## कोल इंडिया के सीएसआर सहयोग से 'जीवोदया' को बड़ी सफलता

# तीन वर्षों के निरंतर अनुसंधान एवं विकास के पश्चात महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कोल इंडिया के कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) फंड के सहयोग से संचालित आईआईटी बॉम्बे की अनूठी पायलट परियोजना 'जीवोदया' ने तीन वर्षों के निरंतर अनुसंधान एवं विकास के पश्चात नैतिक रेशम उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

इस परियोजना के अंतर्गत आईआईटी बॉम्बे के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रौद्योगिकी विकल्प केंद्र (सी-तारा) ने रेशम उत्पादन की एक ऐसी नवीन तकनीक सफलतापूर्वक विकसित की है, जिसमें रेशम के कीड़ों की हत्या की आवश्यकता नहीं होती। पारंपरिक विधियों से अलग, इस तकनीक में रेशम के कीड़े रेशमी धागा उत्पन्न करने के बाद पतंगे में परिवर्तित होकर अपना प्राकृतिक जीवन चक्र पूर्ण कर पाते हैं। इसीलिए, मानवीय और नैतिक दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करते इस रेशम को 'जीवोदया सिल्क' नाम दिया गया है।

### अथक प्रयोगों के बाद, 'सी-तारा' ने एक दुर्लभ वैज्ञानिक उपलब्धि हासिल की

*परंपरागत रूप से, शहतूत की पत्तियों पर पलने वाले रेशम के कीड़े अपने चारों ओर कोकून बनाते हैं। रेशम निकालने के लिए इन कोकूनों को उबाल दिया जाता है, जिससे लाखों रेशम कीड़ों की मृत्यु हो जाती है। 'जीवोदया' परियोजना ने इस लंबे समय से चली आ रही प्रथा को चुनौती देते हुए करुणा आधारित वैज्ञानिक नवाचार के माध्यम से रेशम उत्पादन की प्रक्रिया को पुनर्परिभाषित किया है। अथक प्रयोगों के बाद, 'सी-तारा' ने एक दुर्लभ वैज्ञानिक उपलब्धि हासिल की है, जिसके तहत रेशम के कीड़ों को कोकून बनाए बिना समतल सतह पर रेशमी धागा बुनने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इसके परिणामस्वरूप, अब रेशम के कीड़ों को कोकून बनाने की आवश्यकता नहीं रहती और वे अंततः पतंगे के रूप में मुक्त होकर उड़ान भर पाते हैं। यह उपलब्धि प्राचीन भारतीय दर्शन की उस भावना को साकार करती है। निरंतर सीएसआर सहयोग के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कोल इंडिया ने इस असाधारण प्रयोग को अवधारणा से सफलता तक पहुंचाने में निरंतर सीएसआर सहयोग के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नैतिक और पर्यावरणीय महत्व के साथ-साथ, यह तकनीक रेशम उत्पादन से जुड़े किसानों के लिए आय का एक नया और सतत स्रोत भी प्रदान करती है, जिससे ग्रामीण आजीविका को मजबूती मिलेगी।'*

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित शेड क्रमांक एस/760 मण्डल द्वारा श्री पी. नीलमवार आत्मज स्व. श्री उसन्ना नीलमवार के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 07/09/1999 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 07/05/2014 को पंजीकृत किया गया है। उक्त सम्पत्ति की लीज अवधि दिनांक 30/04/2044 तक वैध है। श्री पी. नीलमवार का स्वर्गवास दिनांक 11/03/2015 को हो गया है। आवंटी द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त सम्पत्ति का वसीयतनामा अपने एक पुत्र श्री जयंत नीलमवार के पक्ष में दिनांक 11/11/2014 को पंजीकृत किया गया है। आवेदक आवंटी के एक पुत्र श्री जयंत नीलमवार आत्मज स्व. श्री पी. नीलमवार द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत वसीयतनामा की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**(रविन्द्र निकोसे)**
**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

# आईसीएआई भोपाल शाखा को मिला 'भारत की सर्वश्रेष्ठ शाखा' का राष्ट्रीय सम्मान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई ) की भोपाल शाखा के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय है कि उसे राष्ट्रीय स्तर पर 'भारत की सर्वश्रेष्ठ शाखा' के प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार आईसीएआई के वार्षिक समारोह, जो नोएडा में आयोजित हुआ, के दौरान प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधि एवं न्याय मंत्री,अर्जुन राम मेघवाल द्वारा आईसीएआई के अध्यक्ष की उपस्थिति में यह सम्मान भोपाल शाखा को प्रदान किया गया।

यह उल्लेखनीय उपलब्धि भोपाल शाखा के अध्यक्ष (चेयरमैन) सीए. अर्पित राय के नेतृत्व में शाखा द्वारा किए गए व्यापक, सतत एवं प्रभावशाली कार्यों का परिणाम है। अर्पित राय ने अपने कार्यकाल के दौरान भोपाल शाखा ने सदस्यों के लिए बड़ी संख्या में अकादमिक कार्यक्रम, विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक एवं करियर उन्मुख कार्यक्रम, तथा सदस्यों हेतु सह-पाठ्यक्रम एवं खेलकूद गतिविधियाँ सफलतापूर्वक आयोजित कीं। विशेष रूप से मासिक खेलकूद गतिविधियों ने सदस्यों के बीच सहभागिता, स्वास्थ्य और आपसी सौहार्द को बढ़ावा दिया। इस अवसर पर शाखा नेतृत्व ने सभी सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सदस्यों के सहयोग, मार्गदर्शन और आशीर्वाद के बिना यह सम्मान संभव नहीं था।

## आईजीआई ने किया एजीएएल का अधिग्रहण

**मुंबई।** इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) लिमिटेड (आईजीआई ) ने अमेरिकन जेमोलॉजिकल लेबोरेटरीज (एजीएल ) के अधिग्रहण की घोषणा की, जो रंगीन जेमस्टोन के विश्लेषण और उनके मूल स्रोत की जानकारी प्रदान करने में पूरी दुनिया में सबसे आगे है। इस समझौते के माध्यम से दुनिया भर में फैले नेटवर्क और इंफ्रास्ट्रक्चर का मिलन रंगीन रत्नों के क्षेत्र में गहरी वैज्ञानिक जानकारी से हुआ है, और अब दोनों समूह साथ मिलकर पूरी दुनिया में रत्न एवं आभूषण उद्योग में प्रमाणन और भरोसे के मामले में सबसे आगे हो गया है। इस अधिग्रहण के बाद विश्व स्तर पर प्रमाणन का एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार हुआ है।

# एसबीआई का 'चक्र' उत्कृष्टता केंद्र लांच

**भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 'चक्र' उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सलेंस – सीओई) लांच करने की घोषणा की, जो भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण उभरते क्षेत्रों को वित्तपोषण प्रदान करेगा। यह केंद्र बैंक की विकसित भारत 2047 के प्रति रणनीतिक प्रतिबद्धता को दृढ़ता प्रदान करते हुए, नए दौर के प्रौद्योगिकी आधारित और वहनीयता केंद्रित उभरते क्षेत्रों के लिए वित्तपोषण सक्षम बनाने के लिहाज से ज्ञान-आधारित मंच के रूप में काम करेगा। इस केंद्र का उद्घाटन वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने एसबीआई के अध्यक्ष, चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम में एसबीआई के प्रबंध निदेशक के साथ-साथ अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों तथा वैश्विक बैंकों, प्रमुख समूहों, वित्तीय संस्थानों, उद्योग निकायों के प्रतिनिधि और इस परितंत्र से जुड़े अन्य प्रमुख प्रतिभागी भी मौजूद रहे। केंद्रीय वित्तीय सेवा विभाग के सचिव, एम. नागराजू ने कहाकि चक्र उत्कृष्टता केंद्र, भारतीय स्टेट बैंक की बेहद सराहनीय पहल है। ज्ञान-साझाकरण, परियोजना मूल्यांकन, क्षमता निर्माण और साक्ष्य-आधारित नीतिगत जुड़ाव के उद्देश्य से एक समन्वित केंद्र बनाने का दृष्टिकोण विकसित भारत 2047 की दिशा में भारत की प्रगति को सार्थक गति प्रदान करेगा।"




## बिजनेस न्यूज

### पीएनबी ने लांच किया 'लक्सुरा' मेटल क्रेडिट कार्ड




**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने प्रीमियम कार्ड पोर्टफोलियो को मजबूत करने के लिए वीजा इन्फिनिट प्लेटफॉर्म पर लक्सुरा मेटल क्रेडिट कार्ड लांच किया है। यह कार्ड वैश्विक स्वीकृति, विशेष यात्रा लाभ, जैसे एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस, शून्य फॉरेक्स मार्क-अप और 24x7 कंसीयज सेवाएं प्रदान करता है। यह कार्ड लाइफस्टाइल-आधारित पुरस्कार और उच्च-मूल्य वाले ग्राहकों के लिए विशेष डाइनिंग व होटल लाभों के साथ आता है। इस कार्ड का अनावरण नई दिल्ली के द्वारका स्थित पीएनबी के कॉर्पोरेट कार्यालय में अशोक चंद्र (एमडी एवं सीईओ, पीएनबी), आनंद विजय झा (वाइस प्रेसिडेंट, वीजा - इंडिया और साउथ एशिया), पीएनबी के कार्यपालक निदेशकों और शीर्ष प्रबंधन की उपस्थिति में हुआ। पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र ने कहाकि जैसे-जैसे ग्राहकों की अपेक्षाएं विकसित होती जा रही हैं। इस मेटल कार्ड का जॉइनिंग शुल्क 4,999 रुपए प्लस जीएसटी और वार्षिक शुल्क 1,999 रुपए प्लस जीएसटी है।

### हुंडई और आईसीसी की साझेदारी ब्रांड कैंपेन लांच

**गुरूग्राम ।** आईसीसीमेन्स टी20 वर्ल्ड 2026 के लिए उत्साह लगातार बढ़ रहा है। इसी क्रम में हुंडई मोटर कंपनी की आईसीसी के साथ मल्टी-ईयर प्रीमियर पार्टनरशिप के तहत हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एच एम आई एल) ने दीवाने इंडिया का दीवाना हमसफर ब्रांड कैंपेन लांच किया है। यह एक व्यापक, हाई-इम्पैक्ट राष्ट्रव्यापी ब्रांड कैंपेन है। भारत में क्रिकेट के प्रति गहरे जुनून का जश्न मनाने और साथ ही फैंस एवं ग्राहकों के साथ हुंडई के भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया। एचएमआई एल के ब्रांड एंबेसडर शाहरुख खान के नेतृत्व में यह कैंपेन आईसीसी के साथ हुंडई के जुड़ाव को और मजबूत करता है, साथ ही क्रिकेट के लिए भारत के कभी न खत्म होने वाले प्यार और जुनून के साथ ब्रांड के गहरे कनेक्शन को भी दिखाता है। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिस तरुण गर्ग ने कहाकि भारत में क्रिकेट निरंतरता, विश्वास और आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। ये ऐसे मूल्य हैं जो हुंडई में हमारे साथ गहराई से जुड़े हैं।

### पटेल रिटेल का मुनाफ़ा 96 फीसदी उछला

**मुंबई।** पटेल रिटेल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की तीमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय रिपोर्ट्स की घोषणा की। तिमाही में कंपनी को 311.12 करोड़ रुपए की कुल आय हुई। सालाना आधार पर 35.51 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। कंपनी का एबिटडा 24.91 करोड़ रुपए रहा तो शुद्ध लाभ 12.00 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। इसमें सालाना आधार पर 95.89 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। पटेल रिटेल लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर धनजी पटेल ने कहा कि तिमाही और नौ माह की अवधि के दौरान मिले मजबूत और निरंतर प्रदर्शन से हम उत्साहित हैं, जो हमारी परिचालन रणनीति की प्रभावशीलता और निष्पादन पर हमारे फोकस को दर्शाता है।

### हंगामा ओटीटी ने किया 'हसरतें सीजन थ्री' लांच

**मुंबई।** हंगामा ओटीटी ने हसरतें सीजन थ्री के लांच की घोषणा की है। यह इसकी बेहद पसंद की जाने वाली एंथोलॉजी का अगला अध्याय है, जो महिलाओं की भीतरी दुनिया, अनकही इच्छाओं और शांत विद्रोह को लगातार सामने लाता रहा है। पहले दो सीजन की शानदार सफलता के बाद, यह सीजन और ऊंचा स्तर तय करता है। सीजन थ्री में यह शो छह दमदार एपिसोड लेकर आया है, जिनमें थ्रिलर, क्राइम और ड्रामा के तत्व शामिल हैं।

**न्यायालय तहसीदार वृत्त 3**
**तहसील - हुजूर जिला भोपाल**

**प्रकरण क्रमांक- 939/अ-12/2025-26**
**मौजा खारखेड़ी**
**- उद्घोषणा पत्र -**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि आवेदक श्रीमति दीप्ति परियानी W/O स्व.नन्दलाल परियानी व अन्य नि. खारखेड़ी म.प्र. ने द्वारा म.प्र. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सीमांकन पत्र के आधार पर भूमि खसरा क्रमांक 534/2,534/1 रकवा 0.10/0, 0/290 में 645/1290 स्थित ग्राम खारखेड़ी प.ह.न. 60 तहसील हुजूर जिला भोपाल का सीमांकन दिनांक 07/11/25 किया गया है। सीमांकन की पुष्टि हेतु न्यायालय में प्राप्त उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 10/02/2026 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 30/01/2026 को जारी किया गया ।

**तहसीलदार**
**तहसील-हुजूर भोपाल**

**न्यायालय मयंक खेमरिया, तहसीलदार परगना चाँचौड़ा जिला गुना म.प्र.**

आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिय सहित 1908 के अन्तगेत प्रकाशन हेतु
**(MACC/0000003/2027)**
पवीता बाई
Vs
महेन्द्रपाल धाकड
Process Id-01/2026
पेशी दिनांक :- 12/03/2026

प्रेषिती–
(1) महेन्द्रपाल पुत्र रामकल्याण धाकड पता- ग्राम बडखेडी थाना राधौगढ़ जिला गुना म.प्र.

यह कि प्रार्थी पवीता बाई ने आपके विरुद्ध एमएसीसी/03/2022 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या गूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 31 Jun 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर किया गया है।

**मनीष भट्ट**
**जिला न्यायाधीश चाचौड़ा न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश जिला-गुना (म.प्र.)**

## चिंतन

# यूएस से ट्रेड डील रोजगार के नए मौके पैदा करेगी

भारत और अमेरिका के बीच संपन्न हुई ट्रेड डील को मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक निर्णायक और दूरगामी कदम है। पिछले एक वर्ष से अंतरराष्ट्रीय व्यापार को लेकर जो असमंजस और अनिश्चितता बनी हुई थी, उसका सीधा असर भारत के निर्यात, निवेश और रोजगार सृजन पर पड़ रहा था। उसका असर व्यापारियों और युवाओं के रोजगार अवसरों पर साफ दिखाई दे रहा था। इस समझौते ने उस माहौल को काफी हद तक समाप्त करने का संकेत दिया है और व्यापारियों, उद्योग जगत तथा युवाओं में नई उम्मीद जगाई है। भले ही सौदे की पूरी शर्तें अभी सामने आनी बाकी हों, लेकिन यह स्पष्ट है कि यह डील भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संभावनाओं के द्वार खोलती है। इसे मौजूदा वैश्विक आर्थिक हालात में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जाना चाहिए। सबसे अहम बात यह है कि भारत ने अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश के साथ बातचीत में अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता किए बिना यह समझौता किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाना भारत की मजबूत कूटनीतिक स्थिति को दर्शाता है। यह संकेत देता है कि भारत अब केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था में अपनी शर्तों पर बातचीत करने वाला देश बन चुका है। इस डील से 'मेड इन इंडिया' नई गति मिलने की उम्मीद है। जब निर्यात बढ़ेगा तो स्वाभाविक रूप से उत्पादन बढ़ेगा और इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ेगा। कपड़ा, चमड़ा, हीरा-जवाहरात, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और इंजीनियरिंग सेक्टर जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में नए अवसर पैदा होंगे। इन सेक्टरों में लाखों लोगों को काम मिलता है और यही कारण है कि इस समझौते को रोजगार सृजन के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। साथ ही, लोगों के हाथों में अधिक पैसा आएगा, जिससे 'ईज ऑफ लिविंग' को भी मजबूती मिलेगी। ट्रेड डील का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि भारत ने कृषि और डेयरी क्षेत्र को इससे अलग रखकर अपने किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों की रक्षा की है। यह दिखाता है कि सरकार ने वैश्विक दबावों के बावजूद घरेलू प्राथमिकताओं को नजरअंदाज नहीं किया। भारत द्वारा रूस से तेल की खरीद में कुछ कमी और वैकल्पिक स्रोतों की तलाश यह दर्शाती है कि भारत वैश्विक संतुलन को साधते हुए आगे बढ़ रहा है। हालांकि वेनेजुएला से तेल खरीदना तकनीकी और आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इस डील का असर बाजारों पर भी दिखाई दिया है। रुपये और सेंसेक्स की तेज उछाल इस बात का संकेत है कि निवेशकों ने इस समझौते का स्वागत किया है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल का यह कहना कि इस डील में किसी के हितों से समझौता नहीं किया गया, सरकार के आत्मविश्वास को दर्शाता है। उनका यह भी कहना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा कृषि और डेयरी सेक्टर के हितों की रक्षा की है, इस समझौते के संतुलित स्वरूप को रेखांकित करता है। यह डील भारत के 140 करोड़ नागरिकों, गांवों में रहने वाले गरीबों, किसानों, मछुआरों, युवाओं और महिलाओं के लिए नए अवसर लेकर आ सकती है। कुल मिलाकर, भारत-अमेरिका ट्रेड डील भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत हो सकती है। निर्यात बढ़ेगा, निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। यदि इस समझौते का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया, तो यह भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी हब बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा।

# सदन की मर्यादा बनाम सियासी सनसनी



**संसद**
कांतिलाल मांडोत

> संसद में संदेह, कयास और 'कहा जाता है' जैसे शब्दों के आधार पर देश की सुरक्षा नीति पर बहस नहीं की जा सकती। यह न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करने वाला भी है। जनता अब केवल आरोप नहीं, प्रमाण भी चाहती है। सोशल मीडिया और सूचना के इस दौर में आधे सच ज्यादा देर तक टिकते नहीं। विपक्ष का काम सवाल पूछना है, लेकिन नियमों के भीतर रहकर। सरकार का काम जवाब देना है, लेकिन तथ्य और मर्यादा के साथ। जब दोनों में से कोई एक भी इस संतुलन को तोड़ता है, तो नुकसान लोकतंत्र का होता है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन उतनी ही महत्वपूर्ण है उसकी जिम्मेदारी।

लोकसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहां शब्द केवल अभिव्यक्ति नहीं होते, बल्कि राष्ट्रीय भरोसे, संस्थागत मर्यादा और संवैधानिक जिम्मेदारी के प्रतीक भी होते हैं। ऐसे में अगर इस मंच पर ऐसे संदर्भ लाए जाएं, जिनका न तो आधिकारिक अस्तित्व हो और न ही सार्वजनिक सत्यापन, तो स्वाभाविक है कि सवाल केवल कथन पर नहीं, कथन करने वाले की मंशा पर भी उठते हैं। पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एम.एम. नरवणे की कथित अप्रकाशित किताब के हवाले से डोकलाम को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का बयान इसी श्रेणी में आता है, जिसने संसद में हंगामा खड़ा कर दिया और देश के सामने एक गंभीर प्रश्न रख दिया। क्या राजनीतिक लाभ के लिए सदन की नियम-परंपरा और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों को दांव पर लगाया जा सकता है?



राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान जिस मैगजीन लेख का हवाला दिया, वह स्वयं एक अप्रकाशित मेमॉयर पर आधारित बताया गया। जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि जिस किताब का जिक्र किया जा रहा है, वह प्रकाशित ही नहीं हुई है, तो इस तर्क को खारिज करना मुश्किल हो जाता है। संसदीय परंपरा साफ कहती है कि सदन में वही तथ्य उद्धृत किए जा सकते हैं, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध, प्रकाशित और सत्यापन योग्य हों। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी इसी नियम की याद दिलाई। इसके बावजूद, नियमों की अवहेलना कर बार-बार वही संदर्भ दोहराया गया, जिससे बहस का स्तर मुद्दे से हटकर टकराव तक पहुंच गया। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस नेतृत्व, खासकर राहुल गांधी, ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर ऐसे बयान दिए हों, जिन्हें बाद में या तो आधा-अधूरा बताया गया या तथ्यहीन। डोकलाम जैसे संवेदनशील मुद्दे पर बोलते समय अतिरिक्त सावधानी अपेक्षित होती है, क्योंकि यहां केवल सरकार की आलोचना नहीं होती, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से सेना की रणनीति, क्षमता और निर्णयों पर भी सवाल खड़े होते हैं। स्वयं स्पीकर ने यह टिप्पणी की कि राष्ट्रीय हित के विषय पर सेना की आलोचना उचित नहीं है। यह टिप्पणी किसी दल विशेष के पक्ष में नहीं, बल्कि संस्था की रक्षा में दी गई चेतावनी थी। राहुल गांधी का यह कहना कि "किताब को प्रकाशित नहीं करने दिया गया'' भी बिना किसी ठोस प्रमाण के एक गंभीर आरोप है। अगर ऐसा है, तो सवाल उठता है कि कांग्रेस के पास इसके समर्थन में आधिकारिक दस्तावेज, लेखक का सार्वजनिक बयान या प्रकाशक की पुष्टि क्यों नहीं है? संसद में संदेह, कयास और 'कहा जाता है' जैसे शब्दों के आधार पर देश की सुरक्षा नीति पर बहस नहीं की जा सकती। यह न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करने वाला भी है। कांग्रेस अक्सर यह आरोप लगाती रही है कि सरकार असहज सवालों से डरती है।

ऋलेकिन इस पूरे प्रकरण में डर नहीं, बल्कि प्रक्रिया और नियमों पर जोर दिखा। अगर राहुल गांधी किसी प्रकाशित लेख या आधिकारिक बयान का हवाला देते, तो सरकार के पास उसका जवाब देने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। समस्या सवाल में नहीं, सवाल पूछने के तरीके में है। संसद बहस का मंच है, अफवाहों का नहीं। यही कारण है कि गृह मंत्री अमित शाह का यह कहना कि "मैगजीन तो कुछ भी लिख सकती है" केवल एक राजनीतिक तंज नहीं, बल्कि तथ्यात्मक चेतावनी भी है।

कांग्रेस की रणनीति पर नजर डालें तो यह साफ दिखता है कि वह सदन के भीतर और बाहर लगातार ऐसे मुद्दे उठाना चाहती है, जिनसे सरकार को राष्ट्रवाद और सुरक्षा के मोर्चे पर घेरा जा सके। लेकिन जब ऐसे प्रयास ठोस तथ्यों के बजाय अपुष्ट संदर्भों पर आधारित हों, तो वे खुद कांग्रेस की विश्वसनीयता को चोट पहुंचाते हैं। जनता अब केवल आरोप नहीं, प्रमाण भी चाहती है। सोशल मीडिया और सूचना के इस दौर में आधे सच ज्यादा देर तक टिकते नहीं।

यह भी उल्लेखनीय है कि पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल नरवणे ने स्वयं सार्वजनिक रूप से यह नहीं कहा है कि डोकलाम में चीनी टैंक भारतीय सीमा के 100 मीटर तक भीतर आ गए थे, जैसा दावा किया गया। अगर ऐसा कोई गंभीर तथ्य होता, तो वह किसी न किसी आधिकारिक माध्यम से सामने आता। सेना और सरकार के बीच संवाद कोई छिपी हुई प्रक्रिया नहीं है, खासकर जब बात सीमा सुरक्षा की हो। ऐसे में अप्रकाशित किताब के हवाले से सनसनी फैलाना न तो जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका है और न ही परिपक्व राजनीति की पहचान।

सदन की कार्यवाही का बार-बार स्थगित होना भी किसी के हित में नहीं है। विपक्ष का काम सवाल पूछना है, लेकिन नियमों के भीतर रहकर। सरकार का काम जवाब देना है, लेकिन तथ्य और मर्यादा के साथ। जब दोनों में से कोई एक भी इस संतुलन को तोड़ता है, तो नुकसान लोकतंत्र का होता है। इस पूरे घटनाक्रम में सरकार ने नियमों का हवाला दिया, जबकि कांग्रेस ने भावनात्मक और आरोपात्मक राजनीति को तरजीह दी। यही अंतर आज की राजनीति की दिशा तय कर रहा है।

अंततः, यह बहस किसी एक किताब या एक बयान तक सीमित नहीं है। यह इस बात की परीक्षा है कि हम संसद को किस रूप में देखना चाहते हैं। एक गंभीर नीति-निर्माण मंच या राजनीतिक सुर्खियों का अखाड़ा। कांग्रेस और राहुल गांधी को आत्ममंथन करना होगा कि क्या बार-बार बेबुनियाद आरोप लगाकर वे वास्तव में राष्ट्रीय हित की सेवा कर रहे हैं, या केवल तात्कालिक राजनीतिक लाभ की तलाश में हैं। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन उतनी ही महत्वपूर्ण है उसकी जिम्मेदारी। बिना प्रमाण के आरोप न केवल सरकार को, बल्कि पूरे देश को कमजोर करते हैं। इसलिए जरूरी है कि संसद में आमजन से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार उठाया जाए। संसद केवल खाली हंगामा करने की जगह न बनें। क्योंकि सदन का जितना समय बार्बाद होगा आमजन का भी उताना ही नुकसान होगा। विपक्ष का कर्तव्य है कि व स्वस्थ और आमजन के मुद्दों पर बहस करे। न कि सदन को अखाड़ा बनाकर छोड़ दे। संसद लोगों के लिए योजनाएं और कानून बनाने के लिए है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकारहैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## नीति और सत्ता
अम्बरीष प्रजापति



# न्यायिक दहलीज पर दम तोड़ते कानून

राबीते कुछ समय से देश की शासन व्यवस्था में एक अजीबोगरीब दोहराव देखने को मिल रहा है। केंद्र सरकार जब भी कोई महत्वाकांक्षी नियमावली या कानून पेश करती है, तो वह लागू होने से पहले ही उच्चतम न्यायालय के अवरोधों में फंस जाता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के हालिया समानता संबंधी दिशानिर्देशों पर लगी रोक इसी सिलसिले की एक ताजा मिसाल है।

चाहे वह सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत 'सत्यता जांच इकाई' का विवाद हो, डेटा सुरक्षा कानून की संवैधानिक चुनौतियां हों या प्रसारण विधेयक पर बढ़ता विरोध-यह सब महज इत्तेफाक नहीं हो सकता। यहाँ बुनियादी मसला अदालती दखल का नहीं है, बल्कि उस कार्यप्रणाली का है जिसके तहत ये नियम गढ़े जा रहे हैं। जब बारीकी से तैयार किए गए कानून न्यायिक कसौटी पर बार-बार विफल होने लगें, तो यह नीति-निर्धारकों की दूरदर्शिता और उनकी संवैधानिक समझ पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

**सुधार या नियोजित भ्रम की रणनीति?**

यूजीसी के प्रकरण को ही लें। 'यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन' को जाति, धर्म, लिंग, क्षेत्र ऐसे तमाम आधार पर होने वाले भेदभाव को समाप्त कर शैक्षणिक संस्थानों में सामाजिक समरसता, समता भाव स्थापित करने के लिए लाया गया और इसे शिक्षा जगत में सुधार के तौर पर प्रचारित किया गया, लेकिन इसकी अंतर्धारा ने सामाजिक समरसता के बजाय 'जातीय ध्रुवीकरण' को अधिक हवा दी। 'समानता' की शब्दावली का उपयोग करते हुए जिस तरह से पारंपरिक श्रेणियों और पहचानों को पुनर्जीवित किया गया, उसने स्पष्ट कर दिया कि यह केवल प्रशासनिक सुधार नहीं है। कई विश्लेषकों का मानना है कि नियमों में जानबूझकर छोड़ी गई अस्पष्टता किसी सुधार का हिस्सा नहीं, बल्कि एक सोची-समझी राजनीतिक बिसात है।

आज की राजनीति नब्बे के दशक के सीधे टकराव वाली राजनीति से अलग है। अब जाति को मिटाने का संकल्प कहीं ओझल हो गया है; इसके उलट उसे 'पावर गेम' के एक नए सांचे में ढाला जा रहा है। जाति अब सामाजिक चेतना का विषय न रहकर सत्ता के प्रचार-प्रसार, वोट बैंक साधने का माध्यम बन गया है।

**जवाबदेही से बचता सत्ता का शीर्ष**

विडंबना देखिए कि जब भी कोई कानून अदालत में अटकता है, तो सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग बड़ी चतुराई से आलोचना से बच निकलते हैं। दोष कभी समितियों पर मढ़ा जाता है, कभी मंत्रियों पर, तो कभी विपक्ष को जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है। यह वही पुराना मॉडल है- 'सफलता का श्रेय ऊपर, विफलता की जिम्मेदारी नीचे'। इस पूरी प्रक्रिया में असली 'निर्णय-केंद्र' हमेशा अदृश्य बना रहता है।

**हिंदुत्व और सामाजिक समरसता का क्षरण**

हिंदुत्व का विचार, जो मूलतः सांस्कृतिक एकात्मता और भेदभाव रहित समाज की बात करता था, इस 'पहचान वाली राजनीति' के कारण हाशिए पर जाता दिख रहा है। जब सामाजिक न्याय को लोक-कल्याण के बजाय मार्केटिंग के औजार की तरह इस्तेमाल किया जाता है, तो समाज जुड़ने के बजाय बंट जाता है। यह न तो हिंदुत्व की जीत है और न ही सामाजिक न्याय की; यह केवल सत्ता को स्थिर रखने का एक खेल है।

**सुझावः** इस संवैधानिक और सामाजिक उलझन से निकलने के लिए सरकार को केवल कागजी बदलाव नहीं, बल्कि बुनियादी सुधारों की आवश्यकता है।


एआई आधारित सुरक्षा निगरानी केंद्रः सभी प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में 'एआई सुरक्षा निगरानी केंद्र' स्थापित किए जाएं। ये केंद्र आधुनिक तकनीक के जरिए किसी भी वर्ग, समुदाय के छात्र छात्राओं, अधिकारी-कर्मचारी तथा शिक्षकों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के भेदभाव की शिकायतों का निष्पक्ष विश्लेषण हो सकेगा, जिससे मानवीय पूर्वाग्रह और जातीय द्वेष की गुंजाइश खत्म हो सकेगी और जो वास्तविक दोषी होगा उस पर कारवाई हो सकेगी। सरकार शैक्षणिक संस्थानो में जातिगत भेदभव मुक्त परिसर बनाकर जो समता मूलक भाव पैदा करना चाहती है। इस तरह समता मूलक, समरसता युक्त कैंपस बन सकेंगे।

**निष्कर्षः** लोकतंत्र केवल बहुमत के आंकड़ों से नहीं, बल्कि संवैधानिक विवेक और सामाजिक संवेदनशीलता से चलता है। जब नीति-निर्माण में बौद्धिक और नैतिक ईमानदारी की कमी होती है, तो कानून अदालतों में अटकते हैं और जनता सड़कों पर उतरती है। भारत एक भावप्रधान राष्ट्र है, जहाँ भावनाओं का दोहन करना आसान है, लेकिन अब समय 'बुद्धि' से सोचने का है।

चूंकि आज के दौर में 'कंटेंट' ही किंग है, इसलिए यह जरूरी है कि झूठे नैरेटिव्स के जाल में फंसने के बजाय सच जानने का प्रयास करें। क्योंकि किसी भी भ्रम का अंत केवल तार्किक चर्चा से ही संभव है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकारहैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी है



संकलित
**दर्शन**

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

# अपनी गठरी टटोलें



संकलित
**प्रेरणा**

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहा- भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहा- नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोला- महोदय मैं एक नामी ठग हूँ परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले। दूसरा यात्री बोला- कैसे? पहला यात्री- कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्री- मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोला- तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्री- मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली सँभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहां से! ईश्वर नित नई खुशियां हमारी झोली में डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाक बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें! जीवन में सबसे बड़ा गूढ मंत्र है स्वयं को टटोले और जीवन-पथ पर आगे बढ़े सफलताएं आप की प्रतीक्षा में है।

## सटाका




## आज की पाती

### रक्षा पर जोर रोजगार भाव विभोर

बजट को 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ यानी 15.2 प्रतिशत की वृद्धि करके देश की सुरक्षा पर ध्यान दिया गया। मिडिल क्लास के लिए न तो आयकर में कोई नई छूट का प्रावधान रखा गया और न ही गरीब मजदूरों के हित अथवा महंगाई से राहत के लिए कोई ऐसा कदम उठाया गया, जिससे उन्हें सुकून मिल सके। देश के उत्थान में युवकों का सबसे बड़ा योगदान होता है, किंतु बेरोजगारी कम करने के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे उन्हें बेहतर नौकरी या रोजगार मिल सके। सरकार को बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के विषय में भी प्रयास करना चाहिए। कुल मिलाकर इस बार का बजट किसी भी वर्ग को बहुत ज्यादा उत्साहित नहीं कर पाया है। - *संतोष अग्रवाल, भाटापारा*

## ट्रेंड

### मोदी मेरे अच्छे दोस्त



पीएम मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं, वे अपने देश में एक मजबूत और सम्मानित नेता हैं। हम दोनों ऐसे लोग हैं जो काम करके दिखाते हैं। यह बात ज्यादातर लोगों के बारे में नहीं कही जा सकती। हमारी डील से दोनों देशों का विकास होगा।
**-डोनाल्ड ट्रंप,** राष्ट्रपति अमेरिका

### राहुल देश को गुमराह कर रहे



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी देश को गुमराह कर रहे हैं। अमेरिकी के साथ ट्रेड डील से देश को फायदा होगा। देश-विदेश में इसकी तारीफ हो रही है। कृषि-डेयरी क्षेत्र को संरक्षित रखा जाएगा। हमारे इंजीनियरिंग सेक्टर्स के पार्ट्स बनाने वाले, टेक्सटाइल, मरीन गुड, ज्वेलर सेक्टर को बहुत सारे मौके मिलेंगे। **-पीयूष गोयल,** केंद्रीय मंत्री

### इमेज तोड़ रहे मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं, क्योंकि जिन्होंने उनकी इमेज बनाई वे अब यह इमेज तोड़ रहे हैं। अमेरिका में अडानी पर केस है, यह असल में मोदी पर केस है। वो मोदी जी के फाइनेंशियल स्ट्रक्चर को टारगेट कर रहे हैं। **-राहुल गांधी,** नेता विपक्ष

### एसआईआर से लोग पीड़ित




पश्चिम बंगाल में कई वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। प्रभावित लोगों को न तो ठीक से सूचना दी जा रही है और न ही उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिल रहा है। एसआईआर प्रक्रिया से लोग पीड़ित हैं। **-ममता बनर्जी,** सीएम, प. बंगाल

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# कक्षाओं में चैटजीपीटी, छात्रों के सीखने का आकलन कैसे?



दुनिया के हर क्षेत्र के साथ साथ उच्च शिक्षा में भी जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जेनएआई) का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है और छात्र तथा शिक्षक पढ़ाई, सीखने और मूल्यांकन में चैटबॉट्स को शामिल कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बदलाव केवल तकनीकी नहीं, बल्कि शिक्षा की मूल प्रकृति को प्रभावित करने वाला है। कनाडा के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के 28 शिक्षकों पर आधारित एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि शिक्षा एक निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुकी है। ऐसे समय में यह प्रश्न महत्वपूर्ण हो गया है कि जब एल्गोरिदम मानव संज्ञान को सहारा दे सकते हैं या उसका अनुकरण कर सकते हैं, तब आकलन किस बात का होना चाहिए। एआई और अकादमिक ईमानदारी पर पिछले 15 वर्षों के शोध की समीक्षा से पता चला कि एआई शिक्षा के लिए दोधारी तलवार है। एक ओर, उन्नत टेक्स्ट जनरेटर और अनुवादक मानव-जैसा लेखन कर सकते हैं, जिससे नकल को पकड़ना और उसका पता लगाना ही कठिन हो गया है। साथ ही, ये उपकरण कभी-कभी गलत जानकारी देते हैं या सामाजिक पूर्वाग्रह भी दोहरा सकते हैं। दूसरी ओर, एआई सीखने को अधिक समावेशी बना सकता है, विशेषकर दिव्यांग छात्रों या अतिरिक्त भाषा सीख रहे छात्रों के लिए।

## ऑफ बीट

# अब उम्र तय करने में जीन की भूमिका पहले से अधिक



शोध के अनुसार, आज के दौर में जीवनकाल में जीन का योगदान पहले की तुलना में कहीं अधिक दिखाई देता है। इसके पीछे कारण यह नहीं है कि जीन अचानक ज्यादा प्रभावशाली हो गए हैं, बल्कि यह है कि बीते एक शताब्दी में मृत्यु के कारणों में बड़ा बदलाव आया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि एक सदी पहले बड़ी संख्या में लोग दुर्घटनाओं, संक्रमणों और अन्य बाहरी कारणों से मर जाते थे। वैज्ञानिक इन्हें 'बाह्य कारण' कहते हैं। इसके विपरीत, आज विकसित देशों में अधिकांश मौतें 'आंतरिक कारणों' से होती हैं, जैसे उम्र बढ़ने से जुड़ी बीमारियां- हृदय रोग, डिमेंशिया और अन्य रोग। अधिक स्पष्ट तस्वीर के लिए शोध दल ने स्कैंडिनेवियाई देशों में जुड़वां बच्चों के बड़े समूहों का अध्ययन किया। इसमें दुर्घटनाओं और संक्रमणों से हुई मौतों को अलग कर दिया गया। इसके अलावा अमेरिका में अलग-अलग पले-बढ़े जुड़वां बच्चों और सौ साल से अधिक उम्र तक जीने वाले लोगों के भाई-बहनों का भी विश्लेषण किया गया। जब बाहरी कारणों से होने वाली मौतों को अलग कर देखा गया, तो जीवनकाल में जीन का अनुमानित योगदान 20-25 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 50-55 प्रतिशत तक पहुंच गया।

## मिसाइल तकनीक में भारत की बड़ी छलांग

# 'सुपर ब्रह्मोस' पर काम कर रहा देश, दुश्मन भी नहीं पकड़ सकेगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व प्रमुख और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ए. शिवथनु पिल्लई ने कहा कि भारत तेजी से रक्षा और आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसकी बड़ी वजह देश में बनी (स्वदेशी) हाइपरसोनिक तकनीक और तेजी से बढ़ता अंतरिक्ष क्षेत्र है।

डॉ. पिल्लई ने बताया कि भारत अब सामान्य मिसाइल तकनीक से आगे बढ़कर 'सुपर ब्रह्मोस' पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अभी ब्रह्मोस मिसाइल की गति मैक-3 है, लेकिन लक्ष्य इसे मैक-7 जैसी हाइपरसोनिक गति तक ले जाना है। उन्होंने समझाया कि गति जितनी ज्यादा होगी, मिसाइल की ताकत उतनी ही ज्यादा होगी। इतनी तेज मिसाइल को दुश्मन का रक्षा तंत्र पकड़ नहीं पाएगा। डॉ. पिल्लई ने कहा कि वे 40 साल तक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के साथ जुड़े रहे और आज भी भारत उनके दिखाए रास्ते पर चलकर एक विकसित देश बनने की ओर बढ़ रहा है।

### खास बातें

- मैक-7 की हाइपरसोनिक गति से चलेगी
- स्वदेशी हाइपरसोनिक तकनीक पर काम कर रहा भारत
- पनडुब्बी, युद्धपोत, लड़ाकू विमान या जमीन से लॉन्च किया जा सकेगा
- आधुनिक गाइडेंस और कंट्रोल सिस्टम लगे हुए हैं

### दुनिया के शीर्ष देशों में भारत शामिल



हाइपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस

डॉ. पिल्लई ने कहा कि भारत ने पहले ही 1,000 सेकंड तक हाइपरसोनिक तकनीक का सफल परीक्षण कर लिया है, जिससे वह दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो गया है। फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल देने के बाद कई अन्य देशों ने भी इसमें रुचि दिखाई है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में ब्रह्मोस की सफलता के बाद इसकी मांग और बढ़ी है। डॉ. पिल्लई ने यह साफ किया कि भारतीय सेना को जो ब्रह्मोस दी जाती है, वह निर्यात की जाने वाली मिसाइलों से ज्यादा उन्नत होती है। उन्होंने सरकार द्वारा रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) पर बढ़ाए गए खर्च और एएमसीए जैसे स्वदेशी फाइटर जेट प्रोजेक्ट की भी तारीफ की।



डॉ. ए. शिवथनु पिल्लई

**अंतरिक्ष में सबसे पहले जाएगी रोबोट लड़की**

डॉ. पिल्लई ने कहा कि भारत इस समय दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है। गगनयान मिशन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि पहले बिना इंसान वाले मिशन भेजे जाएंगे, जिनमें एक रोबोट लड़की होगी, जिससे अंतरिक्ष से वापसी और सुरक्षा की जांच की जाएगी। उसके बाद प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा।

### 400 अंतरिक्ष स्टार्टअप

उन्होंने बताया कि भारत में अब करीब 400 अंतरिक्ष स्टार्टअप काम कर रहे हैं, जैसे अग्निकुल और स्काईरूट। ये इसरो के प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि उसके सहयोगी हैं और सैटेलाइट व रॉकेट की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद कर रहे हैं।

### डीआरडीओ और रूस ब्रह्मोस के नए वर्जन को अधिक माडर्न बनाने का काम कर रहे

भारत-रूस लॉन्ग रेंज हाइपरसोनिक ब्रह्मोस पर काम करना शुरू कर दिया है। इस संयुक्त परियोजना के तहत भारत की डीआरडीओ और रूस की एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया ब्रह्मोस के नए वर्जन को अधिक माडर्न बनाने का काम कर रहे हैं। इसमें पहले मौजूद ब्रह्मोस का अपग्रेडेशन के साथ नई मिसाइलों को विकसित करने की योजना है। एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया के सीईओ और चीफ डिजाइनर अलेक्जेंडर लियोनोव ने कहा कि भारत और रूस मिलकर ब्रह्मोस मिसाइल को लगातार बेहतर बना रहे हैं और साथ ही हाइपरसोनिक तकनीक पर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस परियोजना के तहत छोटे आकार की मिसाइलों और अगली पीढ़ी की तकनीकों पर भी रिसर्च जारी है। ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसमें आधुनिक गाइडेंस और कंट्रोल सिस्टम लगे हैं। इसे पनडुब्बी, युद्धपोत, लड़ाकू विमान या जमीन से लॉन्च किया जा सकता है।



अलेक्जेंडर लियोनोव

## खबर संक्षेप

### फ्रांस में एक्स के दफ्तर पर छापा, जांच शुरू

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में सरकारी अभियोजकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के दफ्तरों में छापामारी की। यह कार्रवाई एक प्रारंभिक जांच के तहत की गई है, जिसमें कई गंभीर अपराधों के आरोपों की जांच की जा रही है। मामले की जांच साइबर अपराध इकाई द्वारा पिछले साल जनवरी में शुरू की गई थी। जांच में यह देखा जा रहा है कि क्या एक्स ने नाबालिगों से जुड़े अश्लील कंटेंट के प्रसार में किसी तरह की भूमिका निभाई है।



### ऑस्ट्रेलिया में गांधी की कांस्य प्रतिमा चोरी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में स्थित ऑस्ट्रेलियन इंडियन कम्युनिटी सेंटर से महात्मा गांधी की एक कांस्य प्रतिमा चोरी हो गई है। यह प्रतिमा भारत सरकार की तरफ से भेंट की गई थी। 12 नवंबर 2021 को ऑस्ट्रेलिया के तत्कालीन पीएम स्कॉट मॉरिसन ने इसका उद्घाटन किया था। इस घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक यह घटना 12 जनवरी की रात करीब 12:50 बजे हुई। नॉक्स क्राइम इन्वेस्टिगेशन यूनिट इस चोरी की जांच कर रही है।



## क्या भारत बंद करेगा रूसी तेल खरीद?

# ट्रंप के ऐलान पर रूस बोला- नई दिल्ली से नहीं मिला कोई इशारा

*अमेरिका और भारत के बीच हुए समझौते को 'फादर ऑफ ऑल डील्स' भी कहा जा रहा*

रूस बोला- भारत के साथ संबंध मजबूत बने रहेंगे

भारतीय रिफाइनरीज ने अब तक रूस से रद्द नहीं किए समझौते

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने टैरिफ घटाकर 18 फीसदी कर दिया है। इस समझौते को 'फादर ऑफ ऑल डील्स' भी कहा जा रहा है। इस मामले पर अब रूस का बयान भी सामने आ गया है। रूसी सत्ता के केंद्र 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि उसे भारत से ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद वह रूसी तेल खरीदना बंद कर देगा।

पेस्कोव ने कहा कि हमें इस मामले पर नई दिल्ली से अभी तक कोई संदेश नहीं मिला है। रूस भारत के साथ संबंधों पर ट्रंप की टिप्पणियों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण कर रहा है। पेस्कोव ने कहा कि हम अमेरिका-भारत के द्विपक्षीय संबंधों का सम्मान करते हैं। लेकिन हम रूस और भारत के बीच एक उन्नत रणनीतिक साझेदारी के विकास को भी उतना ही महत्व देते हैं। यह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात है और हम दिल्ली के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को और विकसित करने का इरादा रखते हैं।

### स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे



डोनाल्ड ट्रंप पीएम नरेंद्र मोदी व्लादिमीर पुतिन

*रूस के डिप्टी पीएम अलेक्जेंडर नोवाक ने कहा कि सरकार स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि रूस को भारत द्वारा रूसी तेल को अस्वीकार करने की संभावना के संबंध में केवल अमेरिका की ओर से सार्वजनिक बयान ही देखने को मिले हैं। मंत्रिमंडल में ऊर्जा विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे नोवाक ने कहा कि अभी तो सिर्फ सार्वजनिक बयान ही सामने आए हैं। देखते हैं आगे क्या हालात बनते हैं। उन्होंने कहा कि रूस को भरोसा है कि उसके ऊर्जा संसाधनों की वैश्विक स्तर पर मांग बनी रहेगी, क्योंकि वे आपूर्ति और मांग के बीच संतुलन बनाए रखते हैं। कुल मिलाकर, हमारे ऊर्जा संसाधनों की मांग बनी हुई है। आपूर्ति हमेशा मांग के अनुरूप बनी रहेगी क्योंकि संतुलन कायम है। रूस के ऊर्जा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि उन्हें भारतीय रिफाइनरी कंपनियों से अनुबंध रद्द करने के संबंध में कोई सूचना नहीं मिली है।*

### मांग का 88% आयात कर रहा भारत

भारत अपने कच्चे तेल का लगभग 88 प्रतिशत हिस्सा दूसरे देशों से खरीदता है, जिसे पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिवर्तित किया जाता है। वर्ष 2021 तक भारत द्वारा आयात किए गए कुल कच्चे तेल में रूसी तेल का हिस्सा मुश्किल से 0.2 प्रतिशत था। विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश भारत, फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पश्चिमी देशों द्वारा मॉस्को से दूरी बनाने के बाद रियायती रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया।

### रिफाइनरीज मार्च तक का समय चाह रही

भारत-अमेरिका समझौते से भारतीय रिफाइनरीज के आगे समस्या खड़ी हो गई है, क्योंकि वो फौरन रूसी तेल को रोक नहीं सकते हैं। उन्होंने पहले से ही डील कर रखी है, उसकी डिलिवरी भी करनी है। कंपनियों को अब रूस से तेल पर पूरी तरह से पाबंदी लगाने की शर्त को मानने के लिए विंड डाउन पीरियड की जरूरत है। कंपनियों ने जो तेल खरीद रखे हैं, उनकी आपूर्ति मार्च तक ही हो पाएगी। भारतीय रिफाइनर्स ने फरवरी में तेल टैंकरों के लिए कार्गो बुक किए हैं, जो मार्च तक ही पहुंच पाएंगे। ऐसे में इन कंपनियों को मार्च तक की मोहलत चाहिए, ताकि जो करार ये कर चुकी हैं, वो समय रहते पूरी की जा सकें।

**रूस से कच्चे तेल का आयात घटाया**

जनवरी के पहले तीन हफ्तों में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात घटकर लगभग 11 लाख बैरल प्रति दिन रह गया, जबकि पिछले महीने यह औसतन 12.1 लाख बैरल प्रति दिन था और 2025 के मध्य में आयात 20 लाख बैरल प्रति दिन से अधिक होने का अनुमान था। इराक अब रूस के लगभग बराबर मात्रा में आपूर्ति कर रहा है, जो दिसंबर 2025 में औसतन 9,04,000 बैरल प्रति दिन से ज्यादा है। सऊदी अरब से भी तेल का उत्पादन जनवरी में बढ़कर 9,24,000 बैरल प्रति दिन हो गया, जो दिसंबर में 7,10,000 बैरल प्रति दिन और अप्रैल 2025 में 5,39,000 बैरल प्रति दिन के निचले स्तर पर था।

## पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की राहुल को सीख

# इतिहास पढ़ेंगे तो पता चलेगा कब कितना इलाका कहां गया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे और उनकी लिखी हुई अप्रकाशित पुस्तक को लेकर चीन द्वारा भारत की जमीन कब्जाने के मामले में संसद में सरकार के खिलाफ आक्रामक तेवर दिखाए जा रहे हैं। उसे लेकर अब खुद जनरल नरवणे सामने आ गए हैं। उन्होंने भारत और चीन के बीच हुए सैन्य विवाद को लेकर नाम लिए बगैर राहुल गांधी समेत कांग्रेस के बाकी सांसदों को नसीहत देते हुए कहा है कि मीडिया के सामने कुछ भी बोल देने से जमीनी सच्चाई नहीं बदलेगी। मैं सिर्फ यही कहूंगा कि जब तक इन्हें जमीनी स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं होगी। तब तक कुछ भी कहना सही नहीं होगा। सबसे पहले इन्हें इतिहास पढ़ना चाहिए और फिर ये देखें की कब कहां कितना इलाका गया था।

### हवा में तीर न चलाएं

नरवणे ने कहा कि पहले सोचें कि क्या बोल रहे हैं, कैसे बोल रहे हैं? ऐसे हवा में तीर न चलाएं। उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के एक पूर्व बयान का भी उल्लेख किया और कहा कि उन्होंने भी एक सम्मेलन के दौरान कहा था कि हमेशा लोग कहते हैं कि इतना वर्गमीटर इधर या उतना वर्गमीटर उधर चला गया है। मैं अपनी बात दोहराते हुए कहूंगा कि कुछ भी बोलने से पहले इन सभी को इतिहास पढ़ने की आवश्यकता है। सब कुछ साफ हो जाएगा। नरवणे ने स्पष्ट किया कि भारत ने कैलाश पर्वत श्रृंखलाओं पर कब्जा किया और उसके साथ ही चीन को हमारी ओर से करारा जवाब दे दिया गया था। हमने (गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प) में भी उन्हें (चीन) नुकसान पहुंचाया था। जिसके बाद उनको भी पता चल गया था कि उनकी यह जो रणनीति है, वह भारत के साथ आगे नहीं चलेगी।



### एलएसी पर सैन्य प्रोटोकॉल का पालन हो रहा

पूर्व सेनाप्रमुख ने एलएसी विवाद के दौरान दिसंबर 2022 में पूर्वी सेक्टर में भारत-चीन सेनाओं के बीच हुई एक झड़प का भी जिक्र किया। साथ ही ये भी बताया कि जहां तक मेरी जानकारी है तो अभी हमारी चीन से लगी हुई सीमा (एलएसी) पर जो सैन्य प्रोटोकॉल हैं। उनका पूरी तरह से पालन किया जा रहा है। बता दें, एलएसी विवाद भारत और चीन के बीच करीब पांच वर्ष से कुछ अधिक समय तक चला था। लेकिन इसे पूरी तरह से खत्म कराने के लिए दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर हुई दर्जनों से अधिक बैठकों और उसके बाद अंत में 2025 में रूस के कजान शहर में पीएम नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई उच्च स्तरीय द्विपक्षीय बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर यह विवाद पूरी तरह से समाप्त हुआ था। जिसकी घोषणा भारत में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने की थी।

## बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को बड़ी सफलता

# पालघर में माउंटेन टनल-6 का ब्रेकथ्रू, दो सुरंगों का उत्खनन पूरा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की गई है। इस हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की माउंटेन टनल-6 का ब्रेकथ्रू सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस उपलब्धि का अवलोकन किया। यह सुरंग महाराष्ट्र के पालघर जिले के दहाणू रोड क्षेत्र में स्थित है। महाराष्ट्र में प्रस्तावित सात पर्वतीय सुरंगों में से पहली माउंटेन टनल का ब्रेकथ्रू पूरा हो गया है। वहीं आठ में से दो सुरंगों का उत्खनन कार्य भी समाप्त हो चुका है। बीकेसी और शिलफाटा के बीच 21 किमी लंबी सुरंग में 5 किमी एनएटीएम टनल का उत्खनन पूरा कर लिया गया है।

### 508 किमी लंबा है हाई-स्पीड कॉरिडोर



पालघर में माउंटेन टनल-6

इस हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की कुल लंबाई 508 किमी है, जो महाराष्ट्र और गुजरात के बीच तेज, सुरक्षित और आरामदायक कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। कुल 508 किमी रूट में से 334 किमी वायाडक्ट और 417 किमी पियर्स का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा 17 नदी पुल, 5 पीएससी पुल और 13 स्टील पुल भी बनकर तैयार हो गए हैं।

**4.9 लाख से अधिक नॉइज बैरियर्स लगाए**

247 किमी लंबे रूट पर 4.9 लाख से अधिक नॉइज बैरियर्स लगाए जा चुके हैं। ट्रैक निर्माण की बात करें तो 308 ट्रैक किमी, यानी 154 रूट किमी आरसी ट्रैक बेड तैयार किया जा चुका है। मुख्य मार्ग पर लगभग 125 रूट किमी क्षेत्र में 5,400 से ज्यादा ओवरहेड इलेक्ट्रिक मास्ट लगाए जा चुके हैं, जिससे इलेक्ट्रिफिकेशन का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट की मेटा को कड़ी फटकार

# संविधान पालन नहीं कर सकते, तो भारत छोड़ दें, अगली सुनवाई 9 को

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने वाट्सएप की प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर मेटा को सख्त चेतावनी दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि तकनीकी कंपनियां भारत में रहकर नागरिकों के निजता अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकतीं। अदालत ने यहां तक कह दिया कि अगर कंपनियां संविधान का पालन नहीं कर सकतीं, तो उन्हें देश छोड़ देना चाहिए। अदालत मेटा और वाट्सएप की उस अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण के फैसले को चुनौती दी है। इस फैसले में प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा 2021 की वाट्सएप प्राइवेसी पॉलिसी पर लगाए गए 213.14 करोड़ रुपए के जुर्माने को बरकरार रखा गया था। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भी इस याचिका में एक पक्ष बनाने का निर्देश दिया है। बेंच ने कहा कि इस मामले में 9 फरवरी को अंतरिम आदेश पारित किया जाएगा।



## सिंगापुर एयर शो में सारंग टीम का दमदार प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना सिंगापुर एयर शो 2026 में पूरे दमखम के साथ हिस्सा ले रही है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर वायुसेना की मशहूर सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम अपने शानदार और सटीक हवाई करतबों से भारत की वायु शक्ति और स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन कर रही है। सारंग टीम पूरी तरह स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) 'ध्रुव' का प्रदर्शन कर रही है। यह हेलीकॉप्टर भारत की आत्मनिर्भर रक्षा क्षमताओं और 'मेक इन इंडिया' पहल का सशक्त उदाहरण है।

## दुनिया के सबसे बड़े हनीट्रैप को लेकर अब एक और बड़ा दावा

# एपस्टीन फाइल्स में 1000 बार लिया गया पुतिन का नाम

रूस से लड़कियों की तस्करी का 'हनीट्रैप' संदेह

पुतिन के साथ बैठकों और रूसी वीजा पर चर्चा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी के जेफरी एपस्टीन मामले में बड़ा नाम सामने आया है। एपस्टीन से जुड़ी फाइलों के ताजा रिलीज में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से जोड़ने वाले हजारों मैसेज मिले हैं। इन मैसेजों के जरिए एक नई थ्योरी सामने आई है कि एपस्टीन असल में काम किसके लिए करता था? इन जारी ईमेल्स से पता चलता है कि कुछ अनजान सोर्स एपस्टीन और रूसी राष्ट्रपति के बीच मीटिंग्स के बारे में बात कर रहे थे। शुक्रवार को जारी किए गए डॉक्यूमेंट्स में पुतिन का नाम लगभग 1,000 बार आया है, जबकि मॉस्को का जिक्र लगभग 10,000 बार किया गया है।

### पुतिन से मीटिंग का जिक्र



जेफरी एपस्टीन

मई 2013 में, एपस्टीन ने काउंसिल ऑफ यूरोप के सेक्रेटरी जनरल थोरबजोर्न जगलैंड को एक ईमेल में लिखा कि वह पुतिन और रूस को फाइनेंशियल सिस्टम को फिर से बनाने में मदद करना चाहता है। उसी महीने, इजराइल के पूर्व पीएम एहूद बराक को एक ईमेल में, एपस्टीन ने दावा किया कि पुतिन ने उनसे मिलने की कोशिश की थी, जिसे उन्होंने मना कर दिया था। साल 2018 में, एपस्टीन ने राष्ट्रपति ट्रंप के तत्कालीन व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ, स्टीव बैनन को रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और जैगलैंड के बीच होने वाली एक मीटिंग के बारे में ईमेल किया था। इसके कुछ ही समय बाद, एपस्टीन ने जैगलैंड को एक ईमेल में लिखा कि लावरोव मुझसे बात करके जानकारी हासिल कर सकते हैं।

## शांति वार्ता से पहले रूस का यूक्रेन पर हमला

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर एक बहुत बड़ा हमला किया है। इस दौरान रूस ने लगभग 450 लंबी दूरी के ड्रोन और 70 अलग-अलग तरह की मिसाइलें दागीं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में शांति वार्ता करने वाले हैं। जेलेंस्की के अनुसार, रूस ने यूक्रेन के पांच राज्यों में बिजली ग्रिड को निशाना बनाया। कड़ाके की ठंड के बीच रूस का मकसद नागरिकों को बिजली, पानी और हीटिंग से महरूम रखना है।



रूस का यूक्रेन पर भीषण हमला

### घरों, स्कूलों को पहुंचा नुकसान

जेलेंस्की ने कहा कि रूस कूटनीति के बजाय लोगों को डराने में ज्यादा यकीन रखता है। राज्य आपातकालीन सेवा के अनुसार, राजधानी कीव में पांच लोग घायल हुए हैं। वहां कई घरों, एक स्कूल और गैस स्टेशन को नुकसान पहुंचा और उसमें आग लग गई। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि हमले की वजह से 1,170 इमारतों में हीटिंग की सुविधा बंद हो गई है। फिलहाल मरम्मत का काम तेजी से चल रहा है। कुछ अपार्टमेंट और बिल्डिंग को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर बिजली बहाल कर दी गई।

## अरब सागर में बढ़ा तनाव

# अमेरिकी नेवी के जेट विमान ने हवा में मार गिराया ईरानी शहीद-139 ड्रोन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी नौसेना ने अरब सागर में एयरक्राफ्ट कैरियर के पास पहुंच रहे ईरानी ड्रोन को मार गिराया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि यह ड्रोन अमेरिकी युद्धपोत की ओर बढ़ रहा था, जिसे खतरे के तौर पर देखा गया। यह घटना तब सामने आई जब अमेरिका-ईरान के बीच तुर्की में इसी हफ्ते परमाणु समझौते पर बातचीत शुरू होने वाली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ईरान का शहीद-139 ड्रोन था, जिसे अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट ने हवा में ही निशाना बनाकर गिरा दिया। इस घटना को क्षेत्र में बढ़ते अमेरिका-ईरान तनाव से जोड़कर देखा जा रहा है, हालांकि ईरान की तरफ से इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मंगलवार को ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी हथियारबंद नावों ने एक यूएस-फ्लैग्ड ऑयल टैंकर को रोकने की कोशिश की थी और उसे इंजन बंद कर बोर्डिंग के लिए तैयार होने का आदेश दिया। टैंकर ने रफ्तार बढ़ा दी और बाद में एक अमेरिकी युद्धपोत ने उसे सुरक्षा दी।



अमेरिकी नौसेना

## केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख ने वर्चुअली किया शिलान्यास

# साई-एनसीओई में बनेंगे अंतरराष्ट्रीय मानकों वाले जूडो हॉल एवं सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश में खेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत सरकार के माननीय केंद्रीय मंत्री (युवा कार्यक्रम एवं खेल) डॉ. मनसुख मांडविया ने मंगलवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) में अंतरराष्ट्रीय मानकों वाले जूडो हॉल तथा उन्नत सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इस वर्चुअल शिलान्यास समारोह में युवा






कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के खेल सचिव हरि रंजन राव (आईएएस) भी वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे।

लगभग 16 करोड़ की अनुमानित लागत से निर्मित होने वाला जूडो हॉल विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाओं से सुसज्जित होगा, जिसमें आधुनिक जूडो मैट्स, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग क्षेत्र तथा खिलाड़ियों के लिए सहायक अवसंरचना शामिल होगी। यह सुविधा जूडो खिलाड़ियों के उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण को नई दिशा प्रदान करेगी।

### 2036 के ओलंपिक को ध्यान में रखकर करना होगा मिशन मोड पर कार्य

डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत के खेल परिदृश्य में एक उल्लेखनीय परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब उन्नत खेल अवसंरचना का विकास गांवों तक किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी समान अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आज अभिभावक अपने बच्चों को खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, जो समाज में सकारात्मक एवं प्रगतिशील सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि केवल अवसंरचना का निर्माण ही नहीं, बल्कि उसका समुचित रख-रखाव भी अत्यंत आवश्यक है। वर्ष 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के भारत के लक्ष्य पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए मिशन मोड में कार्य करना होगा। हालिया विकास का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री ने खेल क्षेत्र के लिए बढ़े हुए बजटीय प्रावधानों के माध्यम से भारत सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया मिशन के शुभारंभ ने जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने, प्रारंभिक अवस्था में प्रतिभाओं की पहचान करने तथा देश भर में आधुनिक खेल अवसंरचना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## राकेश गुप्ता अब उज्जैन जोन में देंगे सेवाएं

# खेल एवं युवक कल्याण विभाग को मिलेगी नई दिशा, नए संचालक अंशुमन यादव ने संभाला पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भापुसे (1998 बैच) के वरिष्ठ अधिकारी अंशुमन यादव ने मंगलवार को खेल एवं युवक कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश के संचालक पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। विभाग के निवर्तमान संचालक राकेश गुप्ता, भापुसे (1999 बैच) ने पदभार सौंपते हुए नवीन संचालक का स्वागत किया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। वे इससे पूर्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पदस्थ थे। प्रशासनिक दक्षता, प्रभावी नेतृत्व एवं अनुशासित कार्यशैली के लिए प्रसिद्ध यादव के मार्गदर्शन में विभागीय योजनाओं, खेल गतिविधियों एवं युवा कल्याण कार्यक्रमों को नई दिशा एवं गति मिलने की अपेक्षा है।

### विभागीय समन्वय एवं प्रतिबद्धता

खेल एवं युवक कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, खेल अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण तथा युवाओं की प्रतिभाओं के संवर्धन हेतु सतत समन्वय एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। विभाग द्वारा राज्य में खेल एवं युवा कल्याण गतिविधियों को और अधिक व्यापक एवं परिणाममुखी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## 5वां सैय्यद शकील मोहम्मद ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट कल से



**भोपाल।** राजधानी के बाबे अली क्रिकेट स्टेडियम पर 5वां सैय्यद शकील मोहम्मद ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट 6 फरवरी से खेला जाएगा। सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी की ऑनर हिबा शकील मोहम्मद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस आमंत्रित टूर्नामेंट में दिल्ली, नोएडा, जबलपुर, इंदौर, सागर, नर्मदापुरम,एवं जिले और स्थानीय अकादमियों की टीमों को आमंत्रित किया गया है। इस टूर्नामेंट में कोई भी एंट्री फ़ीस नहीं ली जाती है तथा सारी सुविधाएं दी जाती हैं एवं आकर्षक ट्रॉफियां दी जाती हैं।

## हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी अंडर -18(बॉयज) इंटर डिवीज़नल मल्टी डे टूर्नामेंट

# चंबल डिवीजन को हराकर लगातार दूसरे वर्ष भोपाल की टीम बनी विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी अंडर -18 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट मल्टी डे फाइनल मुकाबला इंदौर के रमेश भाटिया क्रिकेट फाउंडेशन एमपीसीए क्रिकेट मैदान पर खेला गया।

चार दिवसीय खेले जा रहे मैच के तीसरे दिन भोपाल डिवीज़न ने 113.3 ओवर में 398 रन बनाए, जिसमें प्रतीक शुक्ला ने 13 चौके और 4 छक्कों की मदद से शानदार 142 रन की शतकीय पारी खेली और नैतिक जैन नें 52 रनों की पारी खेली। चंबल डिवीजन के गेंदबाज निश्चय सिकरवार ने 6 एवं कृष्णा राठौर नें 3 विकेट लिए। इस तरह भोपाल डिवीजन नें पहली पारी में 149 रनों की बढ़त हासिल की। चंबल डिवीजन ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए 44.1 ओवर में 151 रन बनाए, जिसमें निश्चय सिकरवार ने 31 और विशाल प्रजापति ने 28 रन बनाए।

भोपाल डिवीजन के गेंदबाज ओजस शुक्ला ने 3, तेजस पटेल,दिव्यांश बंडोलिया और कनिष्क गौतम ने 2-2 विकेट लिए। इस तरह चंबल डिवीजन ने भोपाल डिविजन को जीत के लिए 3 रन का लक्ष्य दिया। भोपाल डिवीजन ने दूसरी पारी में 1.2 ओवरों में 1 विकेट पर 5 रन बनाकर चंबल डिवीजन को हराकर लगातार दूसरे वर्ष हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी टूर्नामेंट विजेता टीम बनी। पुरस्कार वितरण समारोह में मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुधीर आसनानी एवं मैच ऑब्जर्वर अजय तोमर ने प्रतीक शुक्ला (भोपाल डिवीज़न) को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

### नर्मदापुरम डिवीज़न और भोपाल डिवीज़न के मध्य मैच शुरू

**भोपाल।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एम. वाय. मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट एमपीसीए नर्मदापुरम मैदान पर मंगलवार से चार दिवसीय नर्मदापुरम डिवीजन और भोपाल डिवीजन के मध्य मुकाबला शुरू हो गया। पहले दिन नर्मदापुरम डिवीजन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन का खेल खत्म होने तक 90 ओवर में 5 विकेट पर 312 रन बना लिए हैं, जिसमे राहुल चन्द्रोल 109 और आर्यन देशमुख 54 रन पर खेल रहे हैं। अथर्व महाजन 44 पर रन आउट एवं प्रवीण यादव ने 33 रन बनाकर आउट हुए। भोपाल डिवीजन से गेंदबाजी में पवन निर्वानी ने 2, आकाश रघुवंशी और प्रारब्ध मिश्रा ने 1-1 विकेट लिया। बुधवार को दूसरे दिन का मैच खेला जाएगा।

# मानवी जाट ने 1000 मीटर के1 में हासिल किया गोल्ड मेडल



**36वीं राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट सीनियर महिला पुरुष प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ लोअर लेक में 5 फरवरी तक चलेगी प्रतियोगिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय एवं मध्य प्रदेश कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ द्वारा 2 से 5 फरवरी तक लोअर लेक में 36वीं राष्ट्रीय केनो प्रिंट सीनियर महिला पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन प्रारंभ हो गया है।

प्रतियोगिता में ऑल इंडिया पुलिस कंट्रोल बोर्ड, असम, चंडीगढ़, बिहार, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उड़ीसा, केरल, पंजाब, राजस्थान, मणिपुर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, उत्तराखंड, एसएससी आर्मी, सहित 24 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं, जिसमें महिला एवं पुरुष के 560 खिलाड़ी व 40 तकनीकी अधिकारी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन के क्याक के1,के2, के4, केनो सी1, सी2, सी4, सीनियर महिला एवं पुरुष की प्रतियोगिता स्पर्धाएं हिट्स एवं फाइनल स्पर्धाएं कराई गई।

प्रतियोगिता के पहले दिन मध्य प्रदेश की मानवी जाट जो 13 साल की उभरती खिलाड़ी हैं, उन्होंने 1000 मीटर क्याक के1 सीनियर वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। प्रतियोगिता उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भगवानदास सबनानी विधायक दक्षिण पश्चिम, शैलेंद्र सिंह चौहान एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच, डॉ. सुपुत्रओ मंडल, बलबीर सिंह कुशवाहा पूर्व संचालक एवं पूर्व सचिव भारतीय कयाकिंग कैनोइं, पीएस बुंदेला अध्यक्ष एमपीकेसीए आर एस कुंभकार, मयंक ठाकुर सचिव मध्य प्रदेश कयाकिंग कैनोइंग, डॉ. वीके पाराशर, पदम गुलेरिया सचिव हिमाचल प्रदेश पीके बरोई, महेश विश्वकर्मा, विनोद मिश्रा, हर्ष लिटोरिया, अनिल राठी कंपटीशन डायरेक्टर रश्मि केला होलानी उपाध्यक्ष एमपी केसीए आदि अतिथियों द्वारा पदक विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

### मप्र के खिलाड़ियों ने जीते 4 गोल्ड

प्रतियोगिता के पहले दिन मध्य प्रदेश ने 04 चार गोल्ड, 08 आठ सिल्वर के साथ शीर्ष पर रही। एसएससीबी आर्मी 04 चार गोल 01 एक सिल्वर 01 एक ब्रांच के साथ दूसरे नंबर पर। इंडियन पुलिस टीम 02 गोल्ड 02 सिल्वर 03 ब्रोंज के साथ तीसरे स्थान पर रही। केरल ने 02 दो ब्रांज, हरियाणा ने 01 एक ब्रांज, दिल्ली ने 03 तीन ब्रांज, ओड़िसा ने 01 एक ब्रांज, उत्तर प्रदेश में 01 एक ब्रांज मेडल प्राप्त किया। कल प्रतियोगिता के दूसरे दिन 500 मीटर की हिट्स सेमीफाइनल व फाइनल महिला पुरुष वर्ग की रेस

## भोपाल ट्राफी टेनिस बॉल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले गए चार मुकाबले

# सागर फैंस क्लब, बुचके कंस्ट्रक्शन और आरसीसी की टीम जीतीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमसीसी मैदान 1100 क्वाटर्स पर खेले जा रहे भोपाल ट्राफी टेनिस बॉल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में 2 फरवरी को 4 मैच खेले गए। पहला मैच वानखेड़े इलेवन और सागर फैंस क्लब के बीच हुआ। वानखेड़े इलेवन ने निर्धारित ओवर में 48 रन बनाए। सागर फैंस क्लब ने 5 विकेट से मैच जीतकर क़्वार्टर में प्रवेश किया। दूसरा मैच बुचके कंस्ट्रक्शन और परिणय भेल बॉयज के बीच हुआ। बुचके कंस्ट्रक्शन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 8 ओवर में 82 रन बनाए। परिणय भेल बॉयज की टीम 77 रन ही बना सकी और मैच हार गईं। तीसरा मैच एमजीएचएम एकता और आरसीसी के बीच हुआ। एमजीएचएम एकता ने पहले बैटिंग करते हुए 117 रन बनाए। आरआरसी की टीम को 79 रन पर ऑलआउट कर मैच 38 रन से जीत लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने मैन ऑफ द मैच पुरस्कार वितरित किए।



## वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट 2025—26

# आरएनटीयू ने तीसरे नॉकआउट मुकाबले में निर्मा यूनिवर्सिटी को 85 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैच में आरएनटीयू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 20 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 207 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। आरएनटीयू की ओर से मोहम्मद तासीन आजाद ने 38 गेंदों में 8 चौके और 4 छक्कों की मदद से 71 रन बनाए। वहीं संजय मानिक ने 9 गेंदों में 2 चौके और 3 छक्कों के साथ 26 रन जोड़े। विकेटकीपर वंश बजाज ने 21 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्कों की सहायता से 41 तथा अनुराग मालवीय ने 23 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों के साथ 29 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी निर्मा यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद की टीम को आरएनटीयू के गेंदबाजों ने सशक्त प्रदर्शन करते हुए 19.3 ओवर में मात्र 122 रन पर



ऑलआउट कर दिया। आरएनटीयू की ओर से अनुराग मालवीय ने 2.3 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट झटके। मयंक पांचाल ने 4 ओवर में 28 रन देकर 3 विकेट प्राप्त किए। वहीं कप्तान प्रभांशु शुक्ला, संजय मानिक और रितांशु राजपूत ने 1-1 विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की। शानदार दोहरे प्रदर्शन (23 गेंदों में 29 रन तथा 2.3 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट) के लिए अनुराग मालवीय को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। टूर्नामेंट में आरएनटीयू का अगला मुकाबला दिनांक 3 फरवरी को खेला जाएगा। टीम के कोच नितिन धवन एवं मैनेजर श्री राहुल शिंदे के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय की टीम पूरे आत्मविश्वास और खिताबी दावेदारी के साथ प्रतियोगिता में भाग ले रही है। टीम की इस जीत पर विश्वविद्यालय की प्रो-चांसलर डॉ अदिती चतुर्वेदी वत्स, कुलपति डॉ रवि प्रकाश दुबे, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ नितिन वत्स, प्रति-कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता, कुलसचिव डॉ संगीता जौहरी, सीएफएओ डॉ विनीत शुक्ला और रायसेन जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी ने शुभकामनाएं दीं।

## भोपाल

### जेपी अस्पताल की डॉ. पूर्वा श्रीवास्तव को फैलोशिप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**भारतीय नेत्र सोसाइटी का दिल्ली में समारोह**

भारतीय नेत्र सोसायटी के तत्वावधान में एक समरोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम दिल्ली के प्रगति मैदान में संपन्न हुआ। जिसमें नेत्र रोगों से संबंधित विभिन्न स्पेशलिस्ट शामिल हुए। इस दौरान जेपी अस्पताल में पदस्थ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पूर्वा श्रीवास्तव फैलोशिप प्रदान की गई। समारोह में विश्व विख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. राजवर्धन आजाद, डॉ ललित वर्मा, डॉ पार्थ विश्वास, डॉ संतोष होनावाद, डॉ हरवंश काव सहित अनेक विशेषज्ञ मौजूद थे।

## एक हजार पुरुषों पर अब 958 महिलाएं, पहले थीं 950

# एसआईआर ने बिगाड़ा इपिक रेशो महिलाओं का जेंडर रेशो सुधरा

**आबादी के हिसाब से 53.92 फीसद वोटर्स, जबकि 65 होना चाहिए**

**अब दो दिन में दो लाख मतदाताओं की करना पड़ेगी सुनवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) ने जिले में मतदाताओं का इपिक रेशियों बिगाड़ दिया है। जिले की आबादी के हिसाब से अब 53.92 फीसद मतदाता हैं, जबकि एसआईआर के पहले यह आंकड़ा 69.15 था। ऐसे में पंद्रह फीसद मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। अब इन मतदाताओं के नाम दोबारा से जोड़ना जिला निर्वाचन कार्यालय के लिए चुनौती रहेगी। इधर एसआईआर में महिलाओं के जेंडर रेशो में सुधार देखने मिल रहा है। पहले जहां एक हजार पुरुषों पर



वार्ड 33 में एसआईआर की सुनवाई का आयोजन किया गया।

950 महिला वोटर्स थीं, वहीं अब इनकी तादाद बढ़कर 958 हो गई है। पुराने शहर के उत्तर और मध्य विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं का जेंडर रेशो 981 है।

चुनाव आयोग ने 22 साल बाद वोटर लिस्ट का एसआईआर कराया है। जिसके तहत वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में दर्ज मतदाता, उनके माता-पिता और दादा-दादी का लिंक जोड़कर गणना पत्रक अपलोड किए गए हैं। जिसके बाद जिले की बैरसिया, उत्तर, नरेला, दक्षिण पश्चिम, मध्य, गोविंदपुरा और हुजूर विस में 4 लाख 38 हजार 917 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। जिसकी वजह से जिले का इपिक रेशो गड़बड़ा गया है। अक्टूबर माह में एसआईआर के पहले जहां इसका आंकड़ा 69.15 था, वही 23 दिसंबर को ड्राफ्ट रोल जारी करने के दौरान घटकर 53.92 रह गया है। ऐसे में आबादी के हिसाब से 15 फीसद ऐसे लोग हैं, जिनके नाम वोटर लिस्ट में दर्ज नहीं हैं।

### मध्य और दक्षिण पश्चिम में गिरा रेशो

एसआईआर के पहले जहां मध्य और दक्षिण पश्चिम विस में इपिक रेशा 59 और 63 था, जो अब कम होकर मध्य में 42.69 और दक्षिण पश्चिम में 47.16 रह गया है। जबकि हुजूर का 62 और बैरसिया का 63 फीसद के आसपास हो गया है।

### हैप्पीनेस प्रोग्राम 6 से 8 फरवरी तक

**भोपाल।** द लाइफ स्कूल भोपाल में आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस प्रोग्राम 6 फरवरी से आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन भोपाल स्थित द लाइफ स्कूल भोपाल, नाथू बड़खेड़ा रोड, बिसनखेड़ी में 6 फरवरी से 8 फरवरी तक किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम शाम 4:30 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित होगा।

इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सुदर्शन क्रिया, योग, प्राणायाम एवं ध्यान की वैज्ञानिक एवं प्राचीन तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इन विधियों के माध्यम से तनाव मुक्ति, मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा तथा जीवन में संतुलन और उत्साह का अनुभव किया जा सकेगा। आर्ट ऑफ लिविंग के जिला समन्वयक सुनील कुशवाह एवं प्रशिक्षक डॉ. नीलेश ने बताया कि यह प्रोग्राम व्यक्ति को जीवन के गूढ़ रहस्यों को समझने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा स्वस्थ, संतुलित और आनंदमय जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

## कलेक्टर से की मामले की शिकायत

# मृत महिला के नाम सीमांकन करा कर फार्म हाउस पर बताया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोना-चांदी कारोबारी के फार्म हाउस का गुपचुप तरीके से सीमांकन कराने के बाद उसका अवैध कब्जा बताने के मामले में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से शिकायत दर्ज कराई गई है। कलेक्टर ने मामले की जांच अपर कलेक्टर को सौंपी है। दरअसल अपर तहसीलदार आलोक पारे, पटवारी तरुण श्रीवास्तव और खेजड़ा पंचायत सचिव करन सिंह ने सांठगांठ कर आदेश जारी किया है।


इंद्रप्रस्थ कालोनी लालघाटी के संजय अग्रवाल ने बताया कि ग्राम पंचायत खेजड़ा देव में फार्म हाउस है। जिसे हड़पने के लिए अपर तहसीलदार, पंचायत सचिव और पटवारी सीमांकन में पीड़ित का कब्जा होना बताया है। अग्रवाल का कहना है कि इस सीमांकन की मुझे सूचना तक नहीं दी गई थी। अपर तहसीलदार आलोक पारे ने 22 जनवरी 2025 को करन सिंह की पत्नी बेबीबाई के आवेदन पर आदेश जारी कर दिया, जबकि उनकी पत्नी की मृत्यु पहले ही हो गई थी। इसके बाद 22 मई को नायब तहसीलदार के हस्ताक्षर से दीपक और करन सिंह के नाम से संशोधित आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर सिंह का कहना है कि खेजड़ा देव में किए गए सीमांकन को लेकर शिकायत मिली है, जिसकी जांच करने के निर्देश एडीएम उत्तर को जिम्मेदारी दी गई है। पंचायत सचिव करन सिंह ने बताया कि मैंने अपनी जमीन का सीमांकन करवाया था, जिसमें मेरा कब्जा निकला था। संजय अग्रवाल द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह झूठे हैं। खेजड़ा देव में इनकी कोई जमीन ही नहीं है। इधर अपर तहसीलदार आलोक पारे का कहना है कि इस मामले की जानकारी नहीं है, देखकर ही बता पाउंगा।


# पशु-पक्षी, जंगल-पहाड़ों के रुप में जनजातीय जीवन को दर्शाते चित्र

## जनजातीय संग्रहालय में 70वीं शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र जनजातीय संग्रहालय द्वारा प्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र प्रदर्शनी लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा में मंगलवार से गोण्ड जनजातीय चित्रकार कुम्हार सिंह धुर्वे के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है। 70वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी के रुप में इस प्रदर्शनी में कुम्हार सिंह धुर्वे के चित्रों में जनजातीय जीवन की संस्कृति और परम्परा को बेहद ही मनभावन रुप से दर्शाया। यह प्रदर्शनी 28 फरवरी तक जारी रहेगी। पाटनगढ़ जिला डिंडौरी में जन्मे गोण्ड चित्रकार कुम्हार सिंह धुर्वे का बचपन जंगल-पहाड़ों के बीच बीता, वहीं इनका पालन पोषण हुआ और वर्तमान में भी यहीं निवासरत हैं। 50 वर्ष के गोंड चित्रकार मूलतः खेती-किसानी करते हैं और कुम्हार की तीनों संतानें भी गोण्ड चित्रकला कार्य से जुड़ी हुई हैं।

1

प्रकृति संरक्षण दिखाता चित्र।

2

पेड़ों पर बैठी चिड़ियां।

3

पहाड़ों में उगे पेड़ों पर बैठे पक्षी।

### पुत्रों के सान्निध्य और संगति में सीखी चित्रकारी

कुम्हार की चित्रकला यात्रा इन अर्थों में परम्परा के भिन्न है कि धुर्वे ने इसे अपने पुत्रों के सान्निध्य और संगति में सीखा है।



प्रारम्भ में आप उनके चित्रकर्म में सहयोग करने लगे और फिर धीरे-धीरे स्वतंत्र रूप से भी चित्रकला करने लगे। कुम्हार के चित्रों की प्रदर्शनी प्रयागराज, दिल्ली जैसे बड़े शहरों में आयोजित हो चुकी हैं। आपके चित्रों में पशु-पक्षी और जंगल-पहाड़ों का जीवन प्रमुखता से देखने को मिलता है।

# प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना वी. अनुराधा सिंह 14 को प्रस्तुत करेंगी 'आम्रपाली और बुद्ध' नृत्य नाटिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### 25वें भारत रंग महोत्सव में कथक नृत्य नाटिका से गढ़ेगा शांति का महाकाव्य



इन दिनों देश भर में विश्व के सबसे बड़े नाटयोत्सव 'भारत रंग महोत्सव' की धूम है। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा आयोजित भारंगम के आयोजन का केंद्र यूं तो दिल्ली है। लेकिन यह देश के 40 शहरों में आयोजित हो रहा है। यहां तक विश्व के सात महाद्वीपों में भी कहीं न कहीं इसके नाटकों का प्रदर्शन होगा। 27 जनवरी से शुरु हुआ भारंगम, 20 फरवरी तक चलेगा। इस उत्सव को लेकर रंगकर्मियों, संस्कृति मंत्रालय और नाट्य प्रेमियों में जो उत्साह है उसे शब्दों में बयां कर ना मुश्किल है।

विश्व के सबसे बड़े नाटयोत्सव 'भारत रंग महोत्सव' में शहर के कलाकार और रंगकर्मी भी अपनी प्रस्तुति देंगे। जिसमें प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना वी. अ नु रा धा सिंह भी अपनी टीम के साथ 14 फरवरी को नृत्य प्रस्तुति देने जा रही हैं।

### 230 कलाकार अभिनय और नृत्य से दर्शाएंगे बुद्ध की गाथा

वी. अनुराधा ने बताया कि जयपुर के थिएटर में आयोजित 'आम्रपाली और बुद्ध' की प्रस्तुति में 230 प्रतिभागी नृत्य और अभिनय के माध्यम से विश्व शांति का संदेश देंगे। एक घंटा दस मिनट की इस प्रस्तुति में हम दिखाऐंगे कि कैसे आम्रपाली बुद्ध की शरण में जाकर शांति और अच्छाई के मार्ग पर चलीं।

### भारंगम में शहर के रंगकर्मियों के तैयार चार नाटकों का भी होगा मंचन

इसके अतिरिक्त भारंगम में शहर के रंगकर्मियों द्वारा निर्देशित चार नाटकों का मंचन भी होगा, जिसमें जिसमें बंशी कौल निर्देशित नाटक 'तुक्के ये तुक्का' 6 फरवरी को, राजीव वर्मा का घोस्ट राइटिंग के गंभीर मुद्दे को उठाने वाला नाटक 'चौथी सिगरेट' 6 फरवरी को , बिसना चौहान का 'नजीरनामा' 6 फरवरी को , और 'फिर आषाढ़ का एक दिन' तानाजी राव का एक्सपेरिमेंटल प्ले 7 फरवरी को भारंगम के अंतर्गत मंचित होगा।

## खबर संक्षेप

### नर्मदाप्रसाद उपाध्याय व अतुल तारे को मिलेगा हिंदी गौरव अलंकरण



**भोपाल।** देशभर में हिन्दी के विस्तार के लिए काम करने वाले मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा वर्ष 2026 का हिन्दी गौरव अलंकरण सुप्रसिद्ध साहित्यकार नर्मदा प्रसाद उपाध्याय (इन्दौर) और वरिष्ठ पत्रकार अतुल तारे (ग्वालियर) को प्रदान किया जाएगा। हिन्दी गौरव अलंकरण समारोह का यह सातवां वर्ष है। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन 'अविचल' ने बताया कि 'अलंकरण का यह सातवां वर्ष है। संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष दो हिन्दी साधकों को 'हिन्दी गौरव अलंकरण' से विभूषित किया जाता है।

### राष्ट्रकवि प्रदीप-स्वर सम्राज्ञी लता के गीतों की प्रस्तुति कल

**भोपाल।** स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा राष्ट्रकवि प्रदीप की जयंती एवं स्वरसम्राज्ञी लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमिरन अंतर्गत 6 फरवरी को शाम 6.30 बजे शहीद भवन में राष्ट्र कवि प्रदीप एवं स्वर सम्राज्ञी लता मंगेशकर के किस्से, बातें, यादों की दास्तां के साथ ही सदाबहार गीतों पर आधारित कार्यक्रम ऐ मेरे वतन के लोगो... में सुहासिनी जोशी एवं दल द्वारा सांगीतिक प्रस्तुति दी जाएगी। राष्ट्रकवि प्रदीप के ऐ मेरे वतन के लोगों, दे दी हमें आजादी, कोई लाख करे चतुराई, कभी धूप कभी छांव, तेरे द्वार खड़ा भगवान जैसे गीतों से सजी शाम में लता मंगेशकर का स्मरण करते हुए आपकी नजरों ने समझा प्यार के काबिल, चलते-चलते यूं ही कोई,रुक जा रात ठहर जा रे चंदा जैसे अनेक सदाबहार गीत भी सुनने को मिलेंगे।

## वर्ल्ड कैंसर-डे पर कैंसर सर्वाइवर ने सुनाई अपनी कहानी, कहा...

# मजबूत इच्छाशक्ति और परिवार के संबल से दी कैंसर को मात





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैंसर सिर्फ इलाज से नहीं जीता जा सकता है, बल्कि यह एक लड़ाई है जिसे कैंसर सर्वाइवर द्वारा अपने अपनों के साथ मिलकर जीता जाता है और इसके लिए उनके भीतर मजबूत इच्छाशक्ति होना जरूरी है। आज वर्ल्ड कैंसर डे पर हरिभूमि ने कुछ ऐसे ही बुलंद हौसला रखने वाले कैंसर सर्वाइवर से बातचीत की जिन्होंने स्वयं तो कैंसर की जंग लड़ी और जीती भी और अब वो दूसरे कैंसर सर्वाइवर को सीख दे रहे हैं कि कैसे खुद को मोटिवेट करें और कैंसर की इस लड़ाई को मजबूत हौसलों से जीतें।

### पर्यावरण संरक्षक बन देती हूं 'नो-पॉलीथिन' का संदेश

अरेरा कालोनी निवासी रुचिका सचदेवा ने कहा कि 2016 में मुझे ब्रेस्ट कैंसर हुआ, तब मेरी उम्र 40 साल थी। आज



भी मुझे 6 महीने में एक बार हार्मोंस थैरेपी करानी पड़ती है। वैसे मुझे कोई परेशानी नहीं हुई बस ऐसे ही ख्याल आया कि मुझे अपना बॉडी चेकअप कराना चाहिए और तभी मुझे ब्रेस्ट कैंसर के बारे में पता चला। उसके बाद ऑपरेशन, कीमो और रेडिएशन की थैरेपी का वक्त कठिन था, लेकिन हार नहीं मानी और आज आपके सामने हूं। इसके बाद मैंने पर्यावरण को संरक्षित रखने की ठानी। इसलिए मैंने महिलाओं का ग्रुप बनाया तो 'नो-पॉलिथिन' का संदेश देती हैं। और यही सलाह दूंगी कि महिलाओं को समय-समय पर बॉडी चेकअप करवाना चाहिए साथ ही योग को अपने जीवन का आधार बनाएं।

### खुशी के मौके पर कैंसर की खबर ने पैरों तले जमी खिसका दी

समाज सेविका सारिका सप्रे ने कहा मुझे वर्ष 2021 में फोर्थ स्टेज थायराइड कैंसर हुआ, और उसी वक्त एक माह में बेटी की शादी भी थी। खुशी के उस पल में दर्दनाक खबर ने मेरे होश उड़ा दिए। खुद को मजबूत रखा कि मुझे हारना नहीं है। साल 2021 में मेरा ऑपरेशन हुआ और आज मैं पूरी तरह ठीक हूं। जिसमें मेरे परिवार का सपोर्ट और खुद का हौसला मेरा आधार बना।

### आत्मविश्वास के दम पर जीती कैंसर की लड़ाई



न्यू मार्केट निवासी दीप्ति भटनागर ने कहा कि 2016 में मुझे ब्रेस्ट कैंसर हुआ था, मैंने शुरुआती दौर में तो अनदेखी की लेकिन दर्द बढ़ा तो डॉक्टर को दिखाया और तब पता चला, एक बार तो मेरे रोंगटे खड़े हो गए कि मेरे साथ ऐसा कैसे हो सकता है, लेकिन फिर पति और बच्चों के सहारे से मैंने यह जंग जीती और आज बिल्कुल ठीक हूं। 17 कीमो और 25 रेडिएशन थेरेपी के बाद मेरा मोरल डाउन हो गया था, लेकिन आत्मविश्वास के दम पर मैंने इस लड़ाई को लड़ा और जीता। उन्होंने कहा कि मैं दूसरे कैंसर सर्वाइवर को यही कहूंगी कि अपने आप को न भूलें, अपनी जिम्मेदारियों के साथ खुद पर ध्यान दें और रेग्युलर चेकअप करवाती रहें।



### फुल बॉडी चैकअप के साथ लें प्रोटीन रिच डाइट

हमेशा हेल्दी डाइट लें। सीड्स, नट्स, फ्रूट्स, हरी सब्जियां दूध, दही, अंडा जैसे प्रोटीन रिच फूड को अपनी डाइट का अहम हिस्सा बनाएं। इसके साथ साथ पर्याप्त नींद लें। समय-समय पर अपने वजन की जांच करवाएं, हैवी वेट न होने दें, रेगुलर 20 से 25 मिनट तक एक्सरसाइज करें। वजन बढ़ता है या घटता है तो डॉक्टर से कंसल्ट करें। किसी भी तरह की कोई समस्या होने पर डॉक्टर से मिलें और महीने में एक बार फुल बॉडी चैकअप करवाएं। महिलाओं में किसी तरह की ब्रेस्ट प्रॉब्लम होने पर जैसे गांठ, सूजन या दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करें। कैंसर एक जटिल बीमारी जरुर है लेकिन अपने खान पान को सही रखने पर इस बीमारी से बचा जा सकता है।

**डॉ. रश्मि श्रीवास्तव,** डायटिशियन

### परिवार के साथ पति के सपोर्ट ने दोबारा किया खड़ा



अरेरा कालोनी निवासी रीता सिंह ने कहा कि मुझे 2009 में ब्रेस्ट कैंसर हुआ था, मात्र 35 साल की उम्र में कैंसर होना, मेरे लिए असहनीय मानसिक पीड़ा थी। उस वक्त मेरा आत्म विश्वास पूरी तरह चूर चूर हो गया था, लेकिन परिवार और पति के सपोर्ट ने मुझे इस बीमारी से बाहर निकाला। लगातार कीमो और रेडिएशन थैरेपी से मैं पूरी तरह ठीक तो हुई, लेकिन मुझे सही करने में परिवार का पूरा सहयोग रहा। मैं बस दूसरे कैंसर सर्वाइवर से यही कहूंगी कि कोई भी शरीरिक परेशानी होने पर डॉक्टर को जरुर दिखाएं और उचित खान पान रखें।

### तीन बच्चों को पालना था मुश्किल

ओल्ड भोपाल निवासी लक्ष्मी कुशवाह ने कहा कि 2012



में कैंसर का पता चला, एक टीचर थी। जब इस बारे में पता चला तो लगा कि दुनिया ही उजड़ गई। क्योंकि मेरे पति इस दुनिया में नहीं थे और तीन बच्चों को पालना मुश्किल था, कभी ऐसा लगता था कि सब खत्म हो गया, लेकिन मैंने हिम्मत नहीं हारी, ऑपरेशन करवाया और आज पूरी तरह स्वस्थ हूं। मुझे लगता है कि जीवन से बढ़कर कुछ नहीं। बस आपके साथ परिवार होना चाहिए तो आप किसी भी मुश्किल का सामना कर सकते हैं।

### नूतन कॉलेज में जिओ फेस्ट का आयोजन

# थ्री-डी, वर्किंग मॉडल प्रदर्शनी के साथ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नूतन कॉलेज में भूगोल विभाग द्वारा तीन दिवसीय जिओ फेस्ट का आयोजन किया गया, प्रथम दिवस पर 3डी तथा वर्किंग मॉडल प्रदर्शनी के साथ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण संरक्षण थीम पर आयोजित पोस्टर मेकिंग में छात्राओं ने अपना कौशल दिखाया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ रजनी श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि मुख्य रुप से मौजूद रहीं। दो दिवसों में जिओ फेस्ट के अंतर्गत डॉक्यूमेंट्री, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा भारत के प्रादेशिक थीम पर आधारित फोक नृत्य का भी आयोजन किया जाएगा।

### तीन दिनी आयोजन में दो दिन और होंगे कई कार्यक्रम



### ऊर्जा संरक्षण हो दैनिक जीवन का हिस्सा...



# सक्षम 2025-26: ऊर्जा संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तेल एवं गैस कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आयोजित सक्षम 2025-26 (संरक्षण क्षमता महोत्सव) का आयोजन समन्वय भवन में हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने करते हुए कहा कि स्वच्छता और संरक्षण से जुड़े अभियानों की सफलता में बच्चों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने भारत सरकार एवं मप्र सरकार की प्रमुख योजनाओं का उल्लेख करते हुए नागरिकों से आह्वान किया कि वे ऊर्जा संरक्षण को केवल सरकारी कार्यक्रम न मानें, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। इस संरक्षण पर्व की शुरूआत अपने घर से करें और ऊर्जा बचत के छोटे-छोटे प्रयासों को आदत में बदलें। इस अवसर पर तेल एवं गैस क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी, भोपाल के विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सक्षम का आयोजन प्रतिवर्ष सभी तेल एवं गैस कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में किया जाता है। इसका उद्देश्य तेल एवं प्राकृतिक गैस के संरक्षण, ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने तथा हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जन-जागरूकता फैलाना है।

# सरगम के सुरीले सितारे में 32 सिंगर्स ने दी सुरमई प्रस्तुति

## कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सरगम के सुरीले सितारे म्यूजिकल ग्रुप के चौथे सीजन का संगीतभरा कार्यक्रम बीते दिनों एमपी नगर के एक निजी होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक धर्मेश खरे ने बताया कि इस कार्यक्रम में 32 सिंगर्स ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को और सुरीला बना दिया। मंच संचालन कई कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संचालित कर चुकीं सुरंगमा सक्सेना ने किया, जिसमें ग्रुप के प्रमुख सदस्यों मधु सिंह, अतुल हर्षद, नीलेश, ने अपने अनोखे अंदाज में साथ देकर समां बांधा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राग रंग म्यूजिकल ग्रुप के संयोजक सोनल सुमित शर्मा रहे जिन्होंने युगल गीत आज रपट जाएं गाकर सबको आनंदित कर दिया।

### शिव मंदिर प्रांगण में होंगी लोकगायन-लोकनृत्य, शिव महिमा पर केंद्रित नृत्य नाटिका

# भोजपुर में तीन दिवसीय महादेव-भोजपुर महोत्सव 15 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर संस्कृति विभाग, मप्र शासन द्वारा शिव-साधना और कला-सौंदर्य के दिव्य संगम के रूप में भोजपुर मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय महादेव भोजपुर महोत्सव का आयोजन 15 से 17 फरवरी तक प्रतिदिन सायं 6.30 बजे से किया जाएगा। जिला प्रशासन, रायसेन के सहयोग से आयोजित यह महोत्सव शिव-शक्ति, लोकआस्था और सांस्कृतिक चेतना का अनुपम उत्सव होगा। शिवभक्ति, लोकपरंपरा और शास्त्रीय-सुगम कलाओं के सुरम्य संगम के रूप में महोत्सव भोजपुर की ऐतिहासिक धरा पर सांस्कृतिक चेतना का दीप प्रज्वलित करेगा।



**15 फरवरी :** संचालक संस्कृति एन.पी. नामदेव ने बताया कि प्रथम दिवस 15 फरवरी को सागर के ऋषि विश्वकर्मा लोकगायन की भावपूर्ण गूंज मंदिर प्रांगण को भक्तिरस से सराबोर करेगी। वहीं सागर के उमेश नामदेव द्वारा प्रस्तुत बधाई एवं बरेदी लोकनृत्य में लोकजीवन की उल्लासमयी छवियां साकार होंगी। संध्या का शिखर क्षण मुंबई के सुप्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा के भक्ति गायन से सजेगा।

**16 फरवरी :** द्वितीय दिवस 16 फरवरी को भोपाल की शीला त्रिपाठी का लोकगायन होगा। इसके पश्चात मुंबई की भावना शाह एवं साथी कलाकारों द्वारा शिव महिमा पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन किया जाएगा, जिसमें नृत्य, भाव और संगीत का सजीव समन्वय देखने को मिलेगा। शिव-सत्य की कला अभिव्यक्तियों पर केंद्रित इस समारोह में दूसरे दिन की अंतिम सभा में मुंबई की सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका महालक्ष्मी अय्यर अपनी मधुर सुगम संगीत प्रस्तुति से श्रोताओं को भावलोक में ले जाएंगी।

**17 फरवरी**

महोत्सव के अंतिम दिवस 17 फरवरी को भोपाल के बलराम पुरोहित लोकगायन से शिवभक्ति की सस्वर अनुभूति कराएगा। इसके पश्चात भोपाल की आकृति जैन एवं साथी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत शिव-केंद्रित नृत्य नाटिका आध्यात्मिक ऊर्जा से वातावरण को आलोकित करेगी। समापन अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित कवि दिल्ली के अशोक चक्रधर, मुंबई के दिनेश बावरा, आगरा के प्रताप फौजदार, दिल्ली के गजेन्द्र सोलंकी, आगरा की रुचि चतुर्वेदी, मथुरा की पूनम वर्मा तथा दिल्ली की मनु वैशाली अपनी सशक्त और भावपूर्ण रचनाओं से काव्यरस की अविरल धारा प्रवाहित करेंगे।

# अजेय टीम इंडिया की अफगानिस्तान से टक्कर, फाइनल पर टिकीं निगाहें

एजेंसी ▶▶| हरारे

अब तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम बुधवार को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। इस प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम है। उसने पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018, 2022) खिताब जीते हैं। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है, जिसने चार बार ट्रॉफी जीती है। इस तरह से भारत रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीतने की दिशा में बुधवार को एक कदम और आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा।

## आईसीसी अंडर-19 विश्व कप सेमीफाइनलः आज दोपहर 1 बजे से भारत और अफगानिस्तान में भिड़ंत

### भारत का अब तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन

भारत ने अब तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अपने सभी पांच मैच आसानी से जीते हैं, जिसमें सुपर सिक्स चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 58 रन की जीत भी शामिल है। भारतीय टीम हालांकि अफगानिस्तान को कम करके आंकने की गलती नहीं करेगी। अफगानिस्तान का भी टूर्नामेंट में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। उसने अपने पांच मैचों में से चार जीते हैं। उसे एकमात्र हार श्रीलंका से मिली थी। लेकिन खिलाड़ियों की फॉर्म और खेल के हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी नजर आता है।



### टीमें इस प्रकार

- भारत अंडर-19: आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उधव मोहन, किशन सिंह।
- अफगानिस्तान अंडर-19: महबूब खान (कप्तान), अजीजुल्लाह मियाखिल, फैसल शिनोजादा, खालिद अहमदजई, उस्मान सादात, उजैरुल्लाह नियाजई, अब्दुल अजीज, अकील खान, खातिर स्टानिकजई, नाजीफुल्लाह अमीरी, नूरिस्तानी उमरजई, रूहुल्लाह अरब, सलाम खान, वहीदुल्लाह जादरान, जैतुल्लाह शाहीन।

### अच्छी फॉर्म में वैभव

विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अब तक पांच मैचों में दो अर्धशतकों की मदद से 199 रन बनाए हैं। बड़े-बड़े शॉट खेलने में माहिर सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (पांच मैचों में दो अर्धशतकों सहित 196 रन) भी अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन टीम प्रबंधन चाहेगा कि वह अपने अर्धशतकों को शतकों में तब्दील करें। ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा (पांच मैचों में 172 रन) एक और भारतीय बल्लेबाज हैं, जिन पर सभी की नजर रहेगी। उन्होंने ग्रुप चरण में जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक (109 नाबाद) लगाया था। कप्तान आयुष म्हात्रे ने गेंदबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पांच मैचों में अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से छह विकेट लिए हैं, लेकिन उनकी बल्लेबाजी में सुधार की गुंजाइश है।

## खबर संक्षेप



### अपने पहले टी20 विश्व कप में छाप छोड़ने के लिए तैयार इटली

**बेंगलुरु।** वेन मैडसन की अगुवाई वाली इटली की टीम आगामी टी20 विश्व कप में छाप छोड़ने के लिए तैयार है और यह सिर्फ बयानबाजी तक सीमित नहीं है। पिछले महीने आयरलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में चार विकेट से मिली जीत टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ इटली की पहली जीत थी। इस ऐतिहासिक जीत के सूत्रधारों में से एक सहायक कोच केविन ओब्रायन थे, जो आयरलैंड के मशहूर पूर्व ऑलराउंडर हैं। इटली ने ओब्रायन के अलावा कनाडा के पूर्व बल्लेबाज जॉन डेविसन को मुख्य कोच के रूप में अपने सहयोगी स्टाफ में शामिल किया है।

### हमारा ध्यान विश्व कप जीतने पर : मार्श



**लाहौर।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श को पाकिस्तान के भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार करने और बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के बारे में सवालों का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने इन दोनों मसलों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि उनका पूरा ध्यान इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने पर है। मार्श से जब 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले मैच का पाकिस्तान द्वारा बहिष्कार करने के संबंध में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'इस समय मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। हम विश्व कप में सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने जा रहे हैं। बाकी चीजें अपने आप सुलझ जाएंगी।' ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के शुरुआती चरण के दौरान श्रीलंका में रहेगा।

### भारत को विश्व कप में हराना मुश्किल : क्लिंगर



**वडोदरा।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और अब कोच माइकल क्लिंगर ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया श्रृंखला में भारत के प्रदर्शन से पता चलता है कि 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में आखिर क्यों गत चैंपियन को हराना बहुत मुश्किल होगा। डब्ल्यूपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात जाइंट्स के मुख्य कोच क्लिंगर के अनुसार भारत का आक्रामक शीर्ष क्रम उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे मजबूत टीम बनाता है। क्लिंगर ने कहा, 'जिस फॉर्म में वे हैं और मैंने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ, जो देखा उससे भारत को हराना बहुत मुश्किल होगा। उन्हें हराने के लिए किसी टीम को शायद फाइनल में उनके खराब दिन का फायदा उठाना होगा।' क्लिंगर ने कहा कि अभिषेक शर्मा का उभरना शीर्ष क्रम में भारत के आक्रामक रवैये की खास बात रही है।

## विदेशी टीमों में भारतीय मूल के 3 दर्जन से अधिक क्रिकेटर

# जसप्रीत से लेकर दिलप्रीत तक, टी20 विश्वकप में विदेशी टीमों के लिए खेलेंगे भारतीय मूल के प्लेयर्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 विश्व कप में कई टीमों में भारतीय मूल के क्रिकेटरों की भरमार है, जो 7 फरवरी से होने वाले टूर्नामेंट में अपनी 'घरेलू धरती' पर प्रभाव छोड़ने के लिए पुरजोर कोशिश करेंगे। विदेशी टीमों में भारतीय मूल के तीन दर्जन से भी अधिक क्रिकेटर हैं, जिनमें कनाडा और अमेरिका सबसे आगे हैं। मुंबई में जन्मे अमेरिकी तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर जैसे खिलाड़ी के लिए वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ खेलना एक यादगार पल होगा। जिस देश में उन्होंने जन्म लिया वह उसकी तरफ से तो नहीं खेल पाए लेकिन अपने बचपन की इस धरती पर वापसी के लिए भावुक हैं। फगवाड़ा में जन्मे इटली के तेज गेंदबाज जसप्रीत सिंह भी उस देश में शीर्ष स्तर की क्रिकेट खेलने के लिए बेताब हैं, जिसे उन्होंने किशोरावस्था में ही छोड़ दिया था। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त का जन्म भारत में नहीं हुआ, लेकिन वह भी अपने मूल देश में खेलने को लेकर उत्साहित हैं।

### कनाडा टीम में भारतीय मूल के सबसे अधिक खिलाड़ी

आईसीसी की इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 20 टीमों में कनाडा (11) की टीम में भारतीय मूल के खिलाड़ियों की संख्या सबसे अधिक है। उसके बाद अमेरिका (09), ओमान (07) और यूएई (07) का नंबर आता है। मेजबान भारत अपनी घरेलू धरती पर खिताब का बचाव करने की कोशिश करेगा लेकिन कई अन्य टीमों में भी 'भारतीय दबदबा' देखने को मिलेगा।





### कनाडा के कप्तान दिलप्रीत बाजवा

गुरदासपुर में जन्में बाजवा 2020 में ही कनाडा गए थे और छह साल बाद वह कनाडा की टीम के कप्तान के रूप में भारत आए हैं। पंजाब में आयु वर्ग की क्रिकेट में ढेरों रन बनाने के बावजूद बाजवा को वह अवसर नहीं मिले जिनकी उन्हें उम्मीद थी। उन्होंने हालांकि निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और कम प्रतिस्पर्धी माहौल में अपनी क्रिकेट यात्रा जारी रखी। कनाडा ग्लोबल टी20 लीग में मिली सफलता से उन्होंने कनाडा की टीम में जगह बनाई और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### नीदरलैंड टीम में आर्यन दत्त

आर्यन दत्त को 2023 में वनडे विश्व कप के दौरान भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने का अनुभव है। नीदरलैंड की टीम में भारतीय मूल के एकमात्र क्रिकेटर 22 वर्षीय आर्यन दत्त का लक्ष्य प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करके शीर्ष टीमों को हैरान करना है। दत्त का परिवार 1980 के दशक में पंजाब से नीदरलैंड चला गया था। भारत में अब भी उनके परिवार के कुछ सदस्य रहते हैं।

### भारतीय मूल के क्रिकेटर जो छोड़ सकते हैं प्रभाव

अमेरिका के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर भारत के लिए अंडर-19 क्रिकेट खेल चुके अमेरिका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नेत्रवलकर विश्व कप के पहले मैच में भारत का सामना करने के लिए मुंबई पहुंच चुके हैं। उन्होंने पिछले विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया था। सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम करने वाले इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछली बार बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, जिससे अमेरिका की टीम ने पाकिस्तान जैसी टीमों को हराकर सुपर आठ के लिए क्वालीफाई किया था। नेत्रवलकर भारत की अधिक चुनौतीपूर्ण पिचों पर खेलने के लिए बेताब हैं।

### अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल

मोनांक पटेलः भारत के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में अमेरिका की कप्तानी आनंद में जन्मे मोनांक पटेल करेंगे, जिन्होंने पिछले विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच विजेता अर्धशतक लगाकर अपनी छाप छोड़ी थी। यह 32 वर्षीय सलामी बल्लेबाज गुजरात अंडर-19 टीम के अपने पूर्व साथी जसप्रीत बुमराह का सामना करने के लिए उत्सुक है। वह मैदान के बाहर अपने बचपन के दिनों को याद कर रहे हैं। बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक बन गए हैं और मोनांक को किशोरावस्था में ही इसका पता चल गया था।

### फगवाड़ा में जन्मे जसप्रीत सिंह

फगवाड़ा में जन्मे जसप्रीत सिंह पर भी लोगों की निगाहें टकी रहेंगी। यह 32 वर्षीय खिलाड़ी 2006 में अपने परिवार के साथ इटली के मिलान चला गया था। उन्होंने इटली में टेप-बॉल क्रिकेट से अपने करियर की शुरुआत की और 2016-17 में लाल गेंद की क्रिकेट में कदम रखा और फिर 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। आईसीसी प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलना उस तेज गेंदबाज के लिए सपने जैसा है, जो कुछ समय पहले तक आजीविका के लिए उबर ड्राइवर के रूप में काम करता था।

## डब्ल्यूटीए रैंकिंग

### शीर्ष पर सबालेंका, तीसरे स्थान पर पहुंचे जोकोविच



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

कार्लोस अल्काराज़ से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में हारने वाले 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अल्काराज़ ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखी है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में सिनर को हराने वाले जोकोविच एक पायदान ऊपर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। 38 वर्षीय जोकोविच अगस्त 2024 के बाद पहली बार शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं। डब्ल्यूटीए टूर पर एरीना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलिना रयबाकिना से हारने के बावजूद अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है। रयबाकिना रैंकिंग में दो स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान पर तीन अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा, कोको गॉफ और जेसिका पेगुला हैं। सेमीफाइनल में हारने वाली एलिना स्वितोलिना दो पायदान चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गईं हैं।

## अल हिलाल से जुड़े फ्रांस के दिग्गज बेंजेमा, रोनाल्डो के खिताब पर ग्रहण



एजेंसी ▶▶| रियाद

फ्रांस के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी करीम बेंजेमा सऊदी अरब के क्लब अल इत्तिहाद को छोड़कर दूसरे क्लब अल हिलाल से जुड़ गए हैं, जो क्रिस्टियानो रोनाल्डो की खिताब जीतने की उम्मीदों के लिए बुरी खबर हो सकती है। पूर्व बैलोन डीओर विजेता बेंजेमा सऊदी प्रो लीग के अग्रणी क्लब अल हिलाल में शामिल हो गए हैं, जो रोनाल्डो के क्लब अल नासर से लीग तालिका में एक अंक आगे है। रोनाल्डो को 2022 में सऊदी अरब के क्लब से जुड़ने के बाद से अब भी अपने पहले लीग खिताब का इंतजार है। अल हिलाल उनके क्लब का मुख्य प्रतिद्वंद्वी है, जिसने पांच बार के चैंपियंस लीग विजेता बेंजेमा को टीम में शामिल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

रियाल मैड्रिड के पूर्व स्ट्राइकर बेंजेमा ने पिछले साल अल इत्तिहाद को लीग के खिताब के साथ-साथ किंग्स कप का चैंपियन बनाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। अल हिलाल सऊदी अरब की सबसे सफल टीम है, जिसने 21 लीग खिताब और चार एशियाई चैंपियनशिप जीती हैं। पिछले साल अल हिलाल ने क्लब विश्व कप में मैनचेस्टर सिटी को 4-3 से हराकर सभी को चौंका दिया था।

## वर्ल्ड कप मिस करने पर कमिंस ने कहा, 'मेरे पास समय ही नहीं बचा था

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न



ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने कहा कि चोटिल होने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर होने का उनका फैसला आगामी टेस्ट सत्र के लिए पूरी तरह से फिट होने की इच्छा से भी प्रेरित था, जिसमें वह सभी मैच खेलना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट और वनडे के कप्तान कमिंस पीठ की चोट से पूरी तरह नहीं उबर पाने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए। उनकी जगह बेन ड्वार्शियस को टीम में शामिल किया गया है। टी20 विश्व कप सात फरवरी से शुरू होगा। कमिंस ने कहा, 'यह वाकई दुर्भाग्यपूर्ण था। मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं, बस एक मामूली सी परेशानी हुई और उससे उबरने के लिए समय कम पड़ गया। मैं कुछ हफ्तों तक आराम करूंगा और फिर आगे की योजना बनाऊंगा।' उन्होंने कहा, ''एडिलेड टेस्ट मैच के बाद हमें पता था कि चोट को पूरी तरह से ठीक होने में चार से आठ सप्ताह का समय लगेगा। शुरू में हमें लगा था कि इसमें चार सप्ताह ही लगेंगे, क्योंकि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था, लेकिन अभी-अभी एक स्कैन करवाया है और चिकित्सकों का मानना है कि इसे पूरी तरह ठीक होने में कुछ सप्ताह और लगेंगे। इसलिए समय की थोड़ी कमी पड़ गई।'

### ऑस्ट्रेलिया में अगस्त से शुरू होगा व्यस्त कार्यक्रम

ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट मैचों का व्यस्त कार्यक्रम अगस्त से शुरू होगा, जब वह डार्विन और मैकाय में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलेगा। इसके बाद वह सितंबर में टेस्ट और वनडे के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। ऑस्ट्रेलिया इसके बाद न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा और फिर पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगा।

## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में खेलेंगे गुकेश, स्टार खिलाड़ी करेंगे शिरकत

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश मई में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे, जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी शिरकत करेंगे। गुकेश ने 25 मई से 5 जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। यह दुनिया के सबसे कड़े शतरंज टूर्नामेंट में से एक होगा। यह प्रतियोगिता अपने पारंपरिक स्थल स्टेवेंगर से ओस्लो में स्थानांतरित होने वाली है। पिछले साल ओपन वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे भारतीय स्टार गुकेश खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन के रूप में ओस्लो आएंगे।



### मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करूंगा

*गुकेश ने कहा, ' मैं नॉर्वे शतरंज में फिर से हिस्सा लेकर बहुत खुश हूं। हमेशा की तरह बहुत मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करूंगा और सभी रोमांचक बाजियों का इंतजार कर रहा हूं।' गुकेश ने 2024 में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और फिर तत्कालीन विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर सिर्फ 18 साल की उम्र में विश्व खिताब हासिल किया। गुकेश ने अपनी प्रगति के दौरान कई उपलब्धियां हासिल की, जिसमें 2750 रेटिंग अंक पार करने वाला अब तक का सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनना और 12 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल करना शामिल है। वह शतरंज के इतिहास में तीसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर हैं। नॉर्वे शतरंज में 2025 में गुकेश ने कार्लसन पर अपनी पहली क्लासिकल जीत भी हासिल की थी।*

## भारतीय निशानेबाजी के लिए बड़ी उपलब्धि

# भारत में होगी एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत अगले साल दिल्ली में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल) की मेजबानी करेगा, जिसमें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे। यह भारतीय निशानेबाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है।

एशियाई प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की।

### दिल्ली में होगा प्रतियोगिता का आयोजन




एनआरएआई ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ (एएससी) ने पत्र में कहा, ' हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे।' पत्र में कहा गया है, ''हमें पूरा विश्वास है कि आपके (एनआरएआई) नेतृत्व में चैंपियनशिप का आयोजन उच्चतम मानकों के अनुरूप होगा और यह एक सफल प्रतियोगिता साबित होगी।'' देव को उम्मीद है कि इन प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय निशानेबाज ओलंपिक में अपना स्थान सुरक्षित कर सकते हैं।

### तिथियों की घोषणा जल्द

एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने कहा, 'यह ऐतिहासिक अवसर होगा जबकि भारत दो ओलंपिक कोटा प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा और हमें इस पर बहुत गर्व है। हम नई दिल्ली में करणी सिंह रेंज में आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन (21-30 अप्रैल) और राइफल एवं पिस्टल में एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे।' उन्होंने कहा, 'एशियाई चैंपियनशिप की तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी, लेकिन हमें बहुत खुशी है कि अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने प्रमुख प्रतियोगिताओं की सफल मेजबानी करने की हमारी क्षमताओं पर भरोसा दिखाया है। इससे निशानेबाजी में भारत के बढ़ते प्रभाव और आईएसएसएफ का हम पर भरोसे का पता चलता है।' सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत इन दोनों प्रतियोगिताओं का पूरा फायदा उठाकर अधिक से अधिक कोटा स्थान हासिल करेगा।



# पहली बार सफेद बालों और मूछों में दिखे अनिल कपूर

**मुंबई।** अनिल कपूर बॉलीवुड के एवरग्रीन एक्टर कहे जाते हैं। 69 साल की उम्र में भी अनिल कपूर बेहद हैंडसम और फिट हैं। इस बीच अभिनेता अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया है। सोशल मीडिया पर वह अक्सर फैंस के साथ अपने फिटनेस वीडियो भी शेयर करते हैं। हाल ही में अनिल कपूर ने अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया। उसमें वह सफेद बालों और मूछों में नजर आ रहे हैं और पोज दे रहे हैं।

ये तस्वीर शेयर करते हुए अनिल कपूर ने कैप्शन में लिखा- 'कोई नहीं जानता.... आगे क्या होने वाला है।' सोनम कपूर ने पापा के ट्रांसफॉर्मेशन पर प्रतिक्रिया दी।

लाइफ Style

# तापसी
## एक बार फिर कोर्टरूम में

तापसी पन्नू एक बार फिर कोर्टरूम जॉनर में वापसी के लिए तैयार हैं। इस बार वह निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है और इसकी शुरुआत जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई।

एजेंसी ▶▶ जयपुर

फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोज़ाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोज़िशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है।



# 'धुरंधर-2' का धमाकेदार टीजर आउट...

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधरः द रिवेंज' का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर का सोशल मीडिया पर धमाल देखने को मिला। पहले पार्ट की जबरदस्त सफलता के बाद यूजर्स इस सीक्वल के लिए उत्साहित नजर आए। टीजर करीब 1 मिनट 12 सेकंड लंबा है, जिसमें रणवीर सिंह का इंटेंस और खूंखार लुक सामने आया है। वह दो अलग-अलग किरदारों में नजर आ रहे हैं, जिसमें गोलीबारी, मारकाट और हाई-वोल्टेज एक्शन से भरपूर सीन हैं। टीजर की लाइन खास तौर पर चर्चा में है-"ये नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी।" फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर ने पहले पार्ट की तरह ही इस सीक्वल में भी एक्शन, थ्रिलर और इमोशनल ड्रामा का शानदार मिश्रण किया है।

टीजर से साफ झलक मिलती है कि कहानी पहले से ज्यादा इंटेंस होगी, जिसमें रिवेंज का तड़का और खूब एक्शन सीक्वेंस होंगे। मेकर्स ने टीजर




के साथ कैप्शन में लिखा है कि यह नया हिंदुस्तान है, जो दुश्मनों को घर में घुसकर भी सबक सिखाएगा।

यह टीजर पहले भाग में खत्म हुई कहानी के आगे की झलक दिखाता है। पहला भाग की कहानी रहमान डकैत (अक्षय खन्ना) और रणवीर सिंह के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती रहती है।

रहमान डकैत की मौत के बाद दूसरे भाग में रणवीर के लिए अगली चुनौतियां और अवसर हैं।

आवश्यकता है / हरिभूमि
हरिभूमि भोपाल में शेड्लिंग के कार्य के लिए एक योग्य व्यक्ति की ज़रूरत है अपने बायोडोटा के साथ सम्पर्क करें
मिलने के समय (11:00 से 02:00) शाम (6:00 से 8:00)
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858

# नए गाने की तैयारी में जुटी अक्षरा...



*मुंबई। भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह अपने प्रोजेक्ट और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री ने नए गाने का संकेत देते हुए तस्वीर शेयर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इसमें वे हाथ में कप लिए हुए, कंडेसर माइक्रोफोन के सामने खड़ी दिख रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, रोज थोड़ा बेहतर बनने और सीखने की कोशिश।" अक्षरा की तस्वीर देख फैंस नए प्रोजेक्ट आने का अंदाजा लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यह किसी नए गाने या म्यूजिक प्रोजेक्ट का संकेत हो सकता है। अक्षरा का नाम भोजपुरी सिनेमा में उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने अपनी एक्टिंग और गायिकी से लाखों दिल जीते हैं। उनके गाने दर्शकों के बीच खूब पसंद किए जाते हैं। वहीं, अभिनेत्री भी किसी खास मौके से पहले गाना जरूर रिलीज करती हैं। अभी हाल ही में अक्षरा का एक नया गाना 'बालम जी' रिलीज हुआ था और इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री ने साल 2010 में रवि किशन के साथ फिल्म 'सत्यमेव जयते' से शुरुआत की थी। अक्षरा 'बिग बॉस ओटीटी' समेत 'सर्विस वाली बहू', 'पोरस', और 'काला टीका' जैसे टीवी शो में भी काम कर चुकी हैं।*

# मैं कभी हार नहीं मानूंगी : पायल



**हैदराबाद।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930